तुलसी पूजन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Merry Christmas
# अनंत ज्ञान
करे हर सीमा पार
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | सोमवार, 25 दिसंबर 2023 | 10 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 7 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए
सीजफायर नहीं, आरपार के मूड में इसराइल...पेज 16

# 62 करोड़ लोगों में बंटेंगे निमंत्रण के पीले चावल, राममय होगा पूरा देश

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** नगरी में रामलला के विराजने के दिन करीब आ रहे हैं, वहीं पूरा देश उस ऐतिहासिक क्षण के लिए उत्साहित है। पूरा देश उस अलौकिक क्षण का साक्षी बन सके इसके लिए खास प्रबंध किए गए हैं। 22 जनवरी, 2024 को पूरा देश 'राममय' नजर आएगा।




देश के पांच लाख से ज्यादा मंदिरों में अयोध्या के श्रीराम मंदिर में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा की लाइव स्ट्रीमिंग होगी, जिसे कम से कम आठ करोड़ लोग देखेंगे। इन मंदिरों में समारोह के दौरान भजन-कीर्तन भी किए जाएंगे।



सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यपालों के लिए 26 जनवरी से 22 फरवरी के बीच दर्शन, पूजा और सरयू आरती के लिए तिथियां तय की गई हैं। 100 क्विंटल चावल में एक क्विंटल हल्दी मिलाकर निमंत्रण के लिए चावल तैयार किए हैं। 15 जनवरी तक ये पीले चावल आरएसएस की ओर से तय किए गए 45 प्रांतों के पांच लाख गांवों में 62 करोड़ लोगों के बीच बांटे जाएंगे।

### ये होगी व्यवस्थाएं

**20** हजार विभिन्न राज्यों से आने वाले अतिथियों की राममंदिर के पास तीर्थपुरम में ठहरने और भोजन की व्यवस्था की जाएगी।


**10** एकड़ जमीन पर रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गुप्तार घाट के पास पार्किंग की व्यवस्था होगी।

**35** फूड स्टॉल अतिथियों के लिए तीर्थपुरम क्षेत्र में लगाए जाएंगे, जहां सभी मराठी, साउथ इंडियन, पंजाबी और नॉर्थ इंडियन व्यंजन परोसे जाएंगे।

**48** दिन तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य यतींद्र मिश्र की देखरेख में कलाकार लगातार गर्भगृह के सामने भजन-कीर्तन करेंगे।

**5** लाख से ज्यादा देशभर के मंदिरों में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की होगी लाइव स्ट्रीमिंग

**8** करोड़ लोग बनेंगे रामलला के विराजने के साक्षी



**35** एकड़ जमीन उदया स्कूल के पास और 25 एकड़ जमीन प्रह्लाद घाट के पास पार्किंग के लिए सुरक्षित।

## भगवान राम की अयोध्या में मां सीता के मायके जनकपुर धाम से जाएगा 'भार'

**काठमांडू/अयोध्या।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए मां सीता के मायके जनकपुरधाम से 'भार' भेजा जाएगा। मिथिला परंपरा के अनुसार, इस 'भार' को जनकपुरधाम स्थित जानकी मंदिर के नेतृत्व में समर्पित किया जाएगा। यह जानकारी जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास ने दी। उन्होंने 'भार' का हिस्सा बनने के लिए जनकपुरधामवासियों का आह्वान किया है। इच्छुक लोग अपना 'भार' तीन जनवरी तक जानकी मंदिर में जमा करा सकते हैं।

'भार' के रूप में 51 प्रकार की मिठाइयां, दही, मखाना, वस्त्र, आभूषण, चांदी के बर्तन आदि सामग्री अयोध्या भेजी जाएगी। महंत राम रोशन दास ने बताया कि 'भार' पैदल यात्रा लिए 1100 लोगों की समिति का गठन किया गया है। यह यात्रा जानकी मंदिर के प्रमुख महंत राम तपेश्वर दास के नेतृत्व में चार जनवरी को जनकपुरधाम से प्रस्थान करेगी। बीरगंज में रात्रि विश्राम कर पांच जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगी। छह जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित भव्य आयोजन में इस 'भार' को समर्पित किया जाएगा। जानकी मंदिर के महंत को 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी होने के लिए निमंत्रण मिला है।

**51** प्रकार की मिठाइयां, दही, मखाना, वस्त्र, आभूषण, चांदी के बर्तन आदि सामग्री 'भार' के रूप में अयोध्या भेजी जाएगी।

**1100** लोगों की समिति 'भार' पैदल यात्रा के लिए गठित।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कांग्रेस हाईकमान ने सुक्खू सरकार दिल्ली की तलब

**शिमला।** कांग्रेस हाईकमान ने पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री समेत सभी कैबिनेट मंत्रियों को अचानक दिल्ली बुलाया है। बड़ी बात यह है कि कांग्रेस के 40 विधायकों में से केवल दो ही विधायक सुजानपुर से राजेंद्र राणा और धर्मशाला से सुधीर शर्मा भी दिल्ली बुलाए हैं। हाईकमान ने हिमाचल कांग्रेस के कर्णधारों को 27 दिसंबर को दिल्ली दरबार में हाजिरी भरने का न्योता दिया है। -विस्तृत खबर पेज तीन

### ओडिशा में आईईडी ब्लास्ट एसओजी के दो जवान जख्मी

**नई दिल्ली।** ओडिशा के कंधमाल जिले के जंगल में रविवार को आईईडी ब्लास्ट में एसओजी के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि एसओजी के जवान सुबह करीब 10:30 बजे इलाके में तलाशी अभियान चला रहे थे। वहां माओवादियों ने आईईडी बिछाया था। जवानों के पैर रखते ही ब्लास्ट हो गया।

### अखनूर में हथियार और नकदी से भरा ड्रोन बरामद

**अखनूर।** अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में हथियार और नकदी से भरा ड्रोन बरामद किया गया। पलांवाला सेक्टर में छन्नी-दढखौड़ लिंक सड़क के पास शनिवार देर रात के बाद ड्रोन से पैकेट गिराए गए। सुरक्षाबलों ने इन पैकेटों को बरामद किया। इसमें पिस्टल, गोला-बारूद, नकदी व अन्य सामग्री शामिल है। पुलिस और सेना की टीम ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

## टॉप स्टोरीज

टोलकर्मी पर फायर झोंकने वाला दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा ...पेज 2
न्यू ईयर से पहले क्रिसमस को लेकर राजधानी गुलजार ...पेज 3
वुमंस टीम इंडिया ने पहली बार टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को चटाई धूल ...पेज 15

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर
निम्न नंबरों पर संपर्क करें :
मंडी-कुल्लू : 88949-01670
कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634
ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770
मुख्य कार्यालय
98162-32526, 98160-10065

# बृजभूषण का खेल खत्म, कुश्ती संघ सस्पेंड

## 21 को डब्ल्यूएफआई के हुए थे चुनाव, संजय सिंह को बनाया था प्रेजिडेंट

एजेंसी, नई दिल्ली

**खेल** मंत्रालय ने रविवार को पिछले 11 महीनों से विवादों में घिरी रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) की नई बॉडी को सस्पेंड कर दिया है। 21 दिसंबर को ही डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह नए प्रेजिडेंट बने थे।

- बृजभूषण के करीबी की जीत के विरोध में लौटा दिए थे मेडल
- खेल मंत्रालय ने आईओए से तदर्थ समिति बनाने को कहा

बृजभूषण के करीबी की जीत के विरोध में ओलंपिक मेडलिस्ट साक्षी ने कुश्ती से संन्यास का ऐलान किया था। पहलवान बजरंग पुनिया ने भी पद्मश्री लौटा दिया था। गूंगा पहलवान ने भी पद्मश्री लौटाने की घोषणा कर दी थी। वहीं, खेल मंत्रालय ने आईओए प्रेजिडेंट को लेटर दिया है, जिसमें कहा है कि डब्ल्यूएफआई के मामलों को नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड के मुताबिक नियंत्रित किया जाए। अगले आदेश तक स्पोर्ट्स एक्टिविटी सुचारु रूप से चलाने की जिम्मेदारी निभाए।

### पद्मश्री वापस नहीं लेंगे पूनिया



**पहलवान** बजरंग पूनिया ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता, वह पद्मश्री पुरस्कार वापस नहीं लेंगे। न्याय मिलने के बाद ही मैं इसके बारे में सोचूंगा। कोई भी पुरस्कार हमारी बहनों के सम्मान से बड़ा नहीं है। हमें सबसे पहले न्याय मिलना चाहिए। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है, उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए।

### संजय सिंह फैसले से हैरान



**संजय** सिंह ने खेल मंत्रालय के एक्शन पर आश्चर्य जताया। उन्होंने कहा कि खेल मंत्रालय ने जो भी निर्णय लिया है, मैं उसका स्वागत करता हूं, लेकिन मैं इस फैसले से आश्चर्यचकित हूं। मैं खेल मंत्रालय से इस बारे में पूछूंगा। मैंने कभी भी पहलवानों का कोई अपमान नहीं किया।

### ले चुका हूं संन्यास : बृजभूषण



**पूर्व** अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वह कुश्ती से संन्यास ले चुके हैं और उनका पूरा ध्यान आगामी लोकसभा चुनाव पर है। सरकार से बात करनी है या कानूनी प्रक्रिया अपनानी है, इस पर चुने गए फेडरेशन के लोग ही फैसला करेंगे।

### जिसने गलत किया, उसे मिले सजा : विनेश



**पहलवान** विनेश फोगाट ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की लड़ाई सरकार के खिलाफ नहीं थी। हमारी लड़ाई बस इतनी सी थी कि जिन्होंने गलत किया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। किसी महिला को यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

### साक्षी बोली- फैसला पहलवानों की बेहतरी के लिए



**साक्षी** मलिक ने कहा कि यह फैसला पहलवानों की बेहतरी के लिए हुआ है। यह पहला कदम है और मैं इसके समर्थन में हूं। हम तो महिला अध्यक्ष की मांग कर रहे हैं, ताकि बच्चियां सुरक्षित रहें। सरकार से गुजारिश करूंगी कि वह हमारी बातों को समझे और इस बात पर गौर करे कि हम किसलिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

## केरल में कोरोना से एक और मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार कम नहीं हो रही है। देश में रविवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना के 656 नए मामले सामने आने के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या अब 3742 पहुंच गई है। कोरोना के 128 नए केस सामने आए हैं। केरल में कोरोना से एक और मौत हुई। राज्य में पिछले चार दिनों के दौरान सात लोगों की मौत हो चुकी है। सेंट्रल हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, केरल में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटे में यहां 425 नए मामले सामने आए हैं। 24 घंटे में 333 लोग कोरोना से रिकवर हुए हैं। केरल में 296 लोग ठीक हुए हैं। केरल के बाद कर्नाटक में कोरोना का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। यहां 24 घंटे में 104 नए मामले सामने आए हैं।

- 24 घंटे में 656 मामले, एक्टिव केस तीन हजार के पार

## लाहौल-स्पीति में खाई में गिरी गाड़ी, तीन की मौत

### जाहलमा के पास पेश आया हादसा, पांगी से जा रहे थे कुल्लू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

**लाहौल-स्पीति** जिले के जाहलमा में पांगी से कुल्लू जा रही एक गाड़ी अनियंत्रित होकर 500 मीटर खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार, टाटा सफारी गाड़ी में तीन लोग सवार थे। मृतकों की पहचान चंबा जिले के पांगी निवासी राकेश कुमार, चंद्रो देवी (55) के रूप में हुई है। एक अन्य मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही लाहौल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को खाई से बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल केलांग पहुंचाया। यहां पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल मृतकों परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक हादसे के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है।


## बारामूला में आतंकियों ने पूर्व एसएसपी को मारी गोली

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में रविवार सुबह आतंकियों ने एक रिटायर्ड एसएसपी मोहम्मद शफी की गोली मारकर हत्या कर दी। शफी गांटामूला शीरी मस्जिद में सुबह की नमाज पढ़ रहे थे। इस दौरान आतंकियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। मोहम्मद शफी के भाई ने बताया कि उन्हें चार गोलियां लगी थी। वहीं, इलाके में सर्च अभियान जारी है।

**आतंक के खात्मे के ढूंढने होंगे तरीके :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हम भारत का हिस्सा थे, भारत का हिस्सा हैं और भारत का हिस्सा रहेंगे। अगर हमें आतंकवाद को खत्म करना है, तो हमें उन तरीकों को ढूंढना होगा। सरकार को सोचना चाहिए कि आतंकवाद सेना या पुलिस के जरिए खत्म नहीं होगा।

## केरल में दो मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** केरल की लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार ने अपना आधा कार्यकाल पूरा होने पर कैबिनेट फेरबदल की घोषणा की है। वहीं, दो मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रविवार (24 दिसंबर) को सरकार ने बताया कि सहयोगी पार्टियों से चुनाव से पहले किए गए समझौते के तहत एंटनी राजू और अहमद देवरकोविल ने इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।




**विडंबना** चंबा में वन विभाग के पास नहीं देव वृक्ष पीपल के संरक्षण के लिए योजना

# सांस देने वाले पीपल का 'घुट' रहा दम

एमएम डैनियल, चंबा

हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में देव वृक्ष पीपल के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। लोग जाने अनजाने इस वृक्ष के वजूद पर स्वयं संकट पैदा कर रहे हैं।

कहीं पीपल के पेड़ के ईद-गिर्द टाइलें लगा दी हैं तो कहीं व्यवसाय के प्रचार के लिए कीलें ठोंक कर बोर्ड लगाएं हैं, कहीं पेड़ के चारों ओर सीमेंट की प्रोटेक्शन वॉल लगाई है। ऐसा ही मंजर चंबा जिले के मुख्यालय में देखने को मिल रहा है, जहां कुछ वर्षों से लोगों ने पीपल के पेड़ों को टाइलों सहित मंदिरों में तब्दील करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी है। जिला प्रशासन व वन विभाग मूकदर्शक बना है। वन विभाग चंबा अपनी



पुराना बस स्टैंड के पास पीपल का पेड़।

वन संरक्षण की जिम्मेदारी में पीपल वृक्ष के संरक्षण संबंधी कोई योजना शामिल होने की बात कह पल्ला झाड़ रहा है। सरकार पीपल पेड़ को संरक्षण देने के दावे तो जोर-शोर से करती है, लेकिन पंडित जवाहर लाल मेडिकल कॉलेज चंबा के बाहर एवं पुराना बस स्टैंड के समीप पीपल के पेड़ों को संरक्षण के नाम पर संकट अधिक मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### चंबा में पीपल के पेड़ों की ऐसी है स्थिति

**उपायुक्त** निवास और मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के समीप पीपल के विशाल पेड़ विद्यमान हैं। वहीं, लोकगीतों में चंबा की निशानी कहलाए जाने वाले ऐतिहासिक चौगान में स्थित पीपल के पेड़ भी अपने रखरखाव को तरस रहे हैं। पुराने बस स्टैंड के चौराहे पर स्थित रैन बसेरा, भरमौर जीरो प्वॉइंट पर ट्रैफिक बूथ समीप स्थित पीपल के वृक्ष भी संरक्षण को तरस रहे हैं। वहीं, ऐतिहासिक चामुंडा मंदिर, जनसाली वार्ड दशनामी अखाड़ा, मुगला शनिदेव मंदिर समीप, वार्ड बनगोटू में सुल्तानपुर, सरोल, साच, करियां, मंगला, उदयपुर व साहो आदि क्षेत्रों में कई पीपल वृक्ष विद्यमान हैं।

"पीपल के पेड़ों के संरक्षण के लिए नगर परिषद चंबा द्वारा जल्द ही योजनाबद्ध रूप से कदम उठाए जाएंगे, जिसमें मुख्यालय में स्थित पेड़ों का निरीक्षण किया जाएगा। यदि पेड़ों को आरसीसी निर्माण से कवर किया गया है तो उससे संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई करने सहित पेड़ को संरक्षण प्रदान करने के पग उठाए जाएंगे।"
**-संदीप कुमार तहसीलदार एवं ईओ नगर परिषद चंबा**

"पीपल के पेड़ के प्रति आस्था अच्छा विषय है, लेकिन आस्था के साथ-साथ उसी वृक्ष को संरक्षण देना भी हर एक नागरिक की जिम्मेदारी है। शहर परिसर में यदि पीपल के पेड़ों को आरसीसी निर्माण से कवर किया जा रहा है तो नगर परिषद व वन विभाग से इस दिशा में रिपोर्ट तलब कर पेड़ों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।"
**-अपूर्व देवगन, डीसी, चंबा**

## राम जी का अयोध्या धाम



धर्म की नगरी अयोध्या धाम में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी को बधाई। सालों प्रतीक्षा के बाद रामलला अपने सिंहासन पर विराजमान होने जा रहे हैं। इस पावन अवसर पर समूचे विश्व से राम भक्त अयोध्या नगरी पहुंच रहे हैं। देशवासी सभी का स्वागत करते हैं।

**-गुगलू पंडित, रायपुर सहोड़ा, जिला ऊना।**



हम उस सौभाग्यशाली पीढ़ी में हैं, जब हमारे आराध्य भगवान श्री रामचंद्र जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। इस क्षण को स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर समस्त विश्व को हार्दिक बधाई। जो राम को नहीं मानते थे, वह भी अब राम के चरणों में नतमस्तक हैं।

**-शिवदत्त वशिष्ठ, मैहतपुर, जिला ऊना।**



राम मंदिर निर्माण अपने आप में केंद्र सरकार का सराहनीय कदम है। केंद्र सरकार ने राम मंदिर का निर्माण करके राम भक्तों के लिए और हिंदू धर्म के लिए अच्छा काम किया है। काफी लंबे समय से राम मंदिर के निर्माण को लेकर काम चल रहा था। 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या मंदिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समर्पित किया जाएगा, जो भारत के लिए बहुत बड़ी बात है।

**-विधि चंद, मैहरे, जिला हमीरपुर।**



केंद्र सरकार ने राम मंदिर का निर्माण करके रामभक्तों के लिए और हिंदू धर्म के लिए सराहनीय काम किया है। भारत के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण होगा जब 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या मंदिर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को समर्पित करेंगे।

**-निक्का राम, बड़सर, जिला हमीरपुर।**



हम अपने को बेहद सौभाग्यशाली मनाते हैं कि हमारे जन्म युग में ही अयोध्या में श्रीराम भगवान भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। इसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिनके प्रयासों से यह संभव हो सका है।

**-जय सिंह, भाजपा प्रदेश सचिव एवं अधिवक्ता जिला चंबा।**



सनातन धर्म में भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। हर श्रद्धालु वर्षों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का इंतजार कर रहा था, जो पूर्ण हो रहा है। अब वे लम्हे बहुत करीब हैं जब भगवान श्रीराम अयोध्या में निर्मित हुए भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। उस घड़ी के लिए हर एक रामभक्त बहुत ही व्याकुल है, जिसका मुख्य कारण सालों का इंतजार है।

**-संदीप मैहरा वरिष्ठ पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंबा।**



राम मंदिर का निर्माण हिंदुओं के लिए ऐतिहासिक पल है, क्योंकि भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर बनाना किसी संघर्ष से कम नहीं था। राम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। राम मंदिर के निर्माण के माध्यम से संपूर्ण भारतवर्ष को एक सूत्र में पिरोया गया है।

**पंडित ओम प्रकाश शुक्ला,कथावाचक, बिलासपुर।**



भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होना एक ऐतिहासिक क्षण है। भगवान विष्णु का अवतार माने जाने श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम रहे हैं और हिंदू धर्म के आदर्श ही नहीं, बल्कि उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाता है। चिरकाल से हर हिंदू की यह चाह थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। आखिर लोगों की यह इच्छा पूर्ण हुई। यह हर सनातनी के लिए गर्व का विषय है।

**-राम लाल पाठक,वरिष्ठ पत्रकार, बिलासपुर।**



अगले वर्ष अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की अभी से सभी देशवासियों को बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं। अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि में राम मंदिर का निर्माण होना गर्व की बात है।

**-दिलेराम ठाकुर, कुल्लू।**



अयोध्या में भगवान राम का मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की हम सभी को अग्रिम बधाई। इस ऐतिहासिक पल का सभी को बेसब्री से इंतजार है। जब भी मौका मिलेगा भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए परिवार सहित अयोध्या जाऊंगा।

**जयदेव विद्रोही, वरिष्ठ साहित्यकार कुल्लू।**



अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की तिथि तय होने से हर सनातन धर्म गौरवान्वित है। प्रभु श्री राम की इच्छा हुई तो जल्द अयोध्या जाना होगा।

**राजलाल, शिक्षक, सुबाथू, जिला सोलन**



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम सनातन धर्म के प्रतीक हैं। अयोध्या में करीब 500 वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बनने से गर्व की अनुभूति होती है। अवसर मिलते ही मंदिर दर्शन के लिए जाऊंगा।

**विनोद, राजगढ़ रोड, सोलन**



भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और अयोध्या धाम में भव्य मंदिर के शुभारंभ की सभी देशवासियों को कोटि-कोटि बधाई। यह हरेक भारतीय को गौरवान्वि करने वाला पल है।

**सतीश अबरोल, बैजनाथ, जिला कांगड़ा।**



भगवान श्री राम की पावन धरती पर उनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पूरे राष्ट्र समेत विश्व भर के भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से पूरा भारत गोरवान्वित होगा।

**-बीना कपिल, बैजनाथ, जिला कांगड़ा।**

### पहाड़ों में पाए जाने वाले इन कुत्तों की कद-काठी और रौब देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने नाम दिया था हिमाचली हाउंड

# पहाड़ों में वफादारी से है जिनकी शान वे गद्दी कुत्ते बनेंगे सरहदों के निगेहबान

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**पहाड़ों** के जिस नस्ल के कुत्ते की कद-काठी और रौब देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचली हाउंड का नाम दिया था। वे गद्दी नस्ल के कुत्ते जल्द ही भारतीय सुरक्षा बल में सेवाएं दे रहे सैकड़ों विदेशी कुत्तों की जगह लेंगे। वहीं, इस नस्ल के कुत्तों की खरीद-फरोख्त से यहां के लोगों को भी लाभ होगा। साथ ही अब तक नजर अंदाज की जाती रही कुत्तों की भारतीय नस्लों को भी संरक्षण मिलेगा। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एसएसबी में भोटिया डॉग तो अन्य बलों में रामपुर हाउंड को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इसके बाद गद्दी नस्ल के कुत्ते के अलावा दूसरी हिमालयी नस्लों को भी बेहतरीन तालमेल की क्वालिटी के लिए सशस्त्र बलों में शामिल किया जाएगा।

दूसरी तरफ, कांगड़ा जिले के पालमपुर में स्थित कृषि विश्वविद्यालय अब तक गद्दी नस्ल यानी हिमालय पैंथर हाउंड के करीब 10 पिल्लों को बेच चुका है। चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर गद्दी नस्ल के कुत्ते की नस्ल की शुद्धता को बनाए रखने की परियोजना पर काम कर रहा है। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान कॉलेज, पालमपुर में दो साल से जारी इस परियोजना के तहत विशुद्ध गद्दी नस्ल के 10 कुत्ते संरक्षित किए गए हैं, जबकि अब तक 10 ही पिल्ले बेचे जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

- **सुरक्षा बलों में शामिल होंगे गद्दी नस्ल के कुत्ते**
- **पालमपुर में रिसर्च के बाद बिक रहे पिल्ले**
- **विदेशी ब्रीड को टक्कर दे रही भारतीय नस्ल**



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में गद्दी कुत्ते को बताया था हिमाचली हाउंड

हिमालय के तलहटी क्षेत्रों में खासकर हिमाचल प्रदेश में पाए जाने वाले गद्दी नस्ल के कुत्ते मालिक के वफादार माने जाते हैं। इनकी वफादारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह अपने मालिक और उसके पशुधन की रक्षा के लिए तेंदुए जैसे खूंखार जानवर से भिड़ जाते हैं। गद्दी नस्ल के कुत्ते की इन्हीं खूबियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रभावित हुए। यही कारण है कि वह शांत लेकिन बेहद ताकतवर कुत्तों की इस प्रजाति समेत स्वदेशी कुत्तों के संरक्षण की बात सार्वजनिक मंच से कह चुके हैं। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान गद्दी नस्ल के कुत्ते का 'हिमाचली हाउंड' के रूप में नामकरण किया है।

### ये नस्लें हैं पहली कतार में

रामपुर हाउंड, गद्दी नस्ल यानी हिमालय पैंथर हाउंड, बखरवाल और तिब्बती मास्टिफ जैसे भारतीय नस्ल के कुत्ते जल्द ही जोखिम वाले क्षेत्रों में गश्त के अलावा संदिग्धों, नशीले पदार्थों और विस्फोटकों की पहचान करने जैसे कामों में पुलिस की मदद के लिए तैनात किए जा सकते हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) पुलिस ड्यूटी के वास्ते भारतीय नस्ल के कुत्तों की भर्ती कर सकती है। भारतीय नस्ल के रामपुर हाउंड नस्ल के कुछ कुत्तों को पुलिस ड्यूटी में तैनात करने का परीक्षण जारी है। इसके बाद हिमालयी कुत्तों को भी पुलिस ड्यूटी में लगाया जाएगा। मौजूदा समय में पुलिस ड्यूटी में तैनात लगभग सभी कुत्ते जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियम मैलिनोइस और कॉकर स्पैनियल जैसी विदेशी नस्लों के हैं।

### पालमपुर में जारी प्रोजेक्ट, बिक रहे पिल्ले

पालमपुर में 78 लाख रुपए की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत वेटरनरी कॉलेज के वैज्ञानिकों की टीम इस प्रजाति के कुत्ते की फेनोटाइपिक और मॉलीक्यूलर विशेषताओं का भी अध्ययन कर रही है। पशु कल्याण से संबंधित सभी उपायों को अपनाते हुए वैज्ञानिक तर्ज पर मुख्य परिसर, कोवास, पालमपुर में एक गद्दी कुत्ता संरक्षण और प्रचार इकाई स्थापित की गई है। इस परियोजना के तहत गद्दी कुत्तों का शारीरिक और मोर्फोमेट्रिक माप लेकर नस्ल विशेषताओं के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है।

दो सालों से लंबे अर्से से जारी इस प्रोजेक्ट के तहत अब तक करीब 10 पिल्लों को बेचा जा चुका है और कुछ बेचे बेचे जाने को तैयार हैं। उन्हें भी ऐसी जानकारी मिली है कि जल्द ही गद्दी नस्ल के कुत्ते भरतीय सुरक्षा बल में तैनात होंगे। हालांकि, कोई आधिकारिक सूचना इस बारे में यूनिवर्सिटी को नहीं मिली है। अगर गद्दी नस्ल के कुत्ते को सेना में जोड़ा जाता है तो इससे गद्दी समेत अन्य भारतीय नस्लों को इससे सरंक्षण मिलेगा।

**-डॉक्टर हृदयपाल सिंह, संयुक्त निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क, चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर।**

## चार छात्रों का राष्ट्र स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन



चयनित छात्र अध्यापकों के साथ मेडल दिखाते हुए।

**जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के चार छात्रों का चयन डीएवी राष्ट्र स्तरीय की खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। चयनित छात्र वालीबॉल और एथलीट में प्रतिभाग करेंगे। यह छात्र गाजियाबाद में होने वाली डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। प्राचार्य संजय ठाकुर ने बताया कि वॉलीबॉल के लिए अंडर-14 में आशीष, वंशज व सुजल और अंडर-17 एथलीट में लोकेंद्र गाजियाबाद में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

## अमृतसर का युवक 5.21 ग्राम हेरोइन के साथ काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

**पुलिस** थाना सदर चंबा दल ने पंजाब के अमृतसर जिले युवक को 5.21ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा है। पुलिस अधिक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि गत कुछ वर्षों में चंबा जिले में हेरोइन व चिट्टे बेचने और सेवन करने वालों की संख्या बढ़ी है, जो चिंता का विषय है। नशे के रोकथाम के लिए अभिभावकों को जागरूक और सचेत रहने के साथ हर नागरिक को पुलिस का सहयोग करने की आवश्यकता है। तभी इस जहर को युवाओं तक पहुंचने में अंकुश लगाई जा सकती है। जहां तक नशे के तस्करों बता है तो पुलिस तस्करों को गिरफ्तार कर रही है।

ताजा मामले में पुलिस थाना सदर चंबा की टीम ने 5.21 हेरोइन/चिट्टे एक युवक को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरक्षी हेमराज की अगुआई में थाना सदर चंबा पुलिस की टीम ने सुल्तानपुर में गश्त के दौरान दिलबाग सिंह पुत्र पूर्ण सिंह गांव अमरकोट थाना जंडियाला तहसील व जिला अमृतसर पंजाब को तलाशी के रोका गया। उसके बैग की तलाशी के दौरान 5.21ग्राम हेरोइन बरामद किया। पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज लिया है।



हेरोइन के साथ पकड़े आरोपी के साथ मुख्य आरक्षी हेमराज और पुलिस कर्मी।

# टोलकर्मी पर फायर करने वाला दो दिन पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

**सनवारा** टोल प्लाजा पर प्लाजा कर्मी पर फायर करने वाले युवक को अदालत ने दो दिन की रिमांड पर पुलिस के हवाले कर दिया है। अब पुलिस उससे पूछताछ करके उसके सभी राज उगलवाएगी। इस बीच पुलिस ने टोल प्लाजा में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की उस वक्त की फुटेज को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी मोहाली के एसएएस नगर का रहने वाला है। इस मामले में कसौली निवासी प्लाजा कर्मी नरेंद्र कुमार की तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज किया गया है।

स्मरणीय रहे कि 23 दिसंबर की शाम कसौली के काटल गांव निवासी नरेंद्र कुमार ने पुलिस की दी तहरीर में बाताया है कि शाम चार बजे के आसपास वह टोल प्लाजा में वीआईपी लेन में अपनी ड्यूटी कर रहा था, इसी बीच चंडीगढ़ की ओर से सीएच 01बीएक्स-2427 नंबर वाली एक गाड़ी वीआईपी लेन पर आकर रुकी। जब उसने वाहन चालक से सामान्य लेन में गाड़ी ले जाने के लिए कहा तो चालक ने उसे बताया कि यह गाड़ी जज साहब की है। उसने गाड़ी में चालक के साथ बैठे एक अन्य युवक से परिचय पत्र दिखाने को कहा तो युवक बौखला गया और गाड़ी से नीचे उतर गया। इसके बाद युवक ने उससे धक्का-मुक्की शुरू कर दी और जब तक वह संभलता हमलावर युवक ने रिवाल्वर निकाल कर उसके पैर की ओर पहला फायर झोंक दिया। हमलावर ने दूसरा फायर उसके शरीर को निशाना बनाकर चलाया, लेकिन वह तुरंत वहां से हट गया, इस वजह से फायर उसकी बाई बाजू के पास से गुजर गया। तब तक फायरिंग की आवाज सुनकर अन्य प्लाजा कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। इस बीच गाड़ी में बैठे दोनों युवक वहां से भाग निकले। प्लाजाकर्मियों ने पुलिस नाके पर घटना की जानकारी दी। कुछ देर में पुलिस ने गाड़ी को नाके पर ही रोक लिया। सोलन के एसपी गौरव सिंह के अनुसार, इस मामले में पुलिस ने अखिलेश्वर खगेश्वर जोशी नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। रविवार को उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे दो दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस युवक से पूछताछ करके पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

**मोहाली के एसएएस नगर का रहने वाला है आरोपी युवक**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

### अलर्ट मोड पर पुलिस

क्रिसमस और नए साल के मद्देनजर सोलन पुलिस अलर्ट मोड है। बाहरी राज्यों व अन्य जिलों से कई पर्यटक अपने वाहन में राष्ट्रीय राजमार्ग-पांच से होते हुए सोलन जिले से गुजरते हैं। वाहनों की आवाजाही भारी संख्या में हो रही है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि जाम से बचने व जल्दबाजी में कई लोग गलत दिशा में गाड़ी ले जाते हुए गाड़ी को ओवर स्पीड दौड़ने लगते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने सोलन से गुजरने वाले वाहन चालकों को निर्देशित किया है कि वे वाहन चलाते समय अपनी दिशा व लेन का ख्याल रखें। बड़ोग टनल से होते हुए वाहन सोलन से कुमारहट्टी की दिशा में निकलते हैं। उपरोक्त टनल के छोर पर जिला पुलिस के सीसीटीवी कैमरे तैनात हैं। जो भी चालक अपने वाहन को इस टनल से गलत दिशा में चलाएगा, उसका मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर 20 हजार का जुर्माना किया जाएगा।

# अग्निवीर भर्ती : फिजिकल टेस्ट देने के लिए पांचवें दिन पहुंचे 317 अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अग्निवीर भर्ती रैली के पांचवें दिन रविवार को 317 अभ्यर्थी फिजिकल टेस्ट देने के लिए मंडी के पड्डल ग्राउंड पहुंचे। पांचवें दिन मंडी जिले की सदर तहसील से लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण रहे अग्निवीर सामान्य ड्यूटी के साथ मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति से अग्निवीर क्लर्क, टेक्निकल और ट्रेडमैन में भर्ती होने इच्छुक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल डीएस सामंत ने बताया कि तीन जिलों मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के लिए आयोजित की गई भर्ती रैली में 1955 अभ्यर्थियों ने फिजिकल टेस्ट में भाग लिया, जबकि 2310 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा पास की थी। उन्होंने बताया कि रैली के पांचवें दिन लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 317 अभ्यर्थियों ने शारीरिक परीक्षा में भाग लिया। मंडी सदर तहसील से अग्निवीर सामान्य ड्यूटी में 186 में से 168, अग्निवीर क्लर्क में 102 में से 79, अग्निवीर टेक्निकल में 82 में से 54 और अग्निवीर ट्रेडमैन में 25 में से 16 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

**भर्ती रैली में 2310 में से 1955 अभ्यर्थियों ने दिया फिजिकल टेस्ट**



फिजिकल टेस्ट देते हुए युवा।

### 26 तक चलेगी अग्निवीर भर्ती रैली

अग्निवीर भर्ती रैली 26 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। रविवार तक भर्ती कार्यक्रम के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। आने वाले दो दिन 25 और 26 दिसंबर को शारीरिक परीक्षा में भाग ले चुके अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया जारी रहेगी। इस भर्ती के आयोजन में जिला प्रशासन ने काफी मदद की है, जिससे कि हम भर्ती में भाग लेने आए अभ्यर्थियों को भरपूर सुविधा उपलब्ध करवा सके हैं। साथ ही उन्होंने पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, खेल, संस्कृति विभाग का भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

**आयोजन** सरकार ने 13 जनवरी को पुरानी पेंशन बहाली का लिया था निर्णय, चार मई को अधिसूचना की गई थी जारी

# मंडी में होगा ओपीएस की पहली वर्षगांठ का जश्न, मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि

**भगतसिंह गुलेरिया, मंडी**

**प्रदेश** में पुरानी पेंशन बहाली का एक वर्ष 13 जनवरी को पूरा होने पर कर्मचारियों की ओर से पहली वर्षगांठ का जश्न मंडी में मनाया जाएगा। इस जश्न में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि होंगे। हालांकि, उस दिन लोहड़ी का त्योहार है, लेकिन एक साल पहले प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद इसी दिन कैबिनेट की पहली बैठक में नई पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन प्रणाली को लागू करने का निर्णय लिया गया है।

हालांकि, इसकी आधिकारिक अधिसूचना चार मई को जारी की गई, लेकिन प्रदेश में सरकारी सेवाओं के क्षेत्र में कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए इस ऐतिहासिक फैसले वाले दिन को हिप्र नई पेंशन कर्मचारी महासंघ कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक बनाना चाहता है।

बता दें कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद ओपीएस की बहाली के बाद महासंघ की ओर से धर्मशाला में एक बहुत बड़ी रैली करके कांग्रेस सरकार, मुख्यमंत्री व पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का आभार व अभिनंदन किया था।

उस आभार रैली में प्रदेश भर से कर्मचारी शामिल हुए थे, लेकिन बहुत से कर्मचारी वहां नहीं जा पाए थे, इसलिए महासंघ ने भविष्य में जिला वाइज ऐसे अभिनंदन वह आभार समारोह आयोजित करने की शुरुआत की। इसी कड़ी में एक दो जिलों में यह आयोजन हो चुके हैं, लेकिन मंडी जिले में यह आयोजन विचाराधीन होने के चलते अब इसे पहली वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा। महासंघ की ओर से यह तवज्जो इसलिए भी दी जा रही है, क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर का यह गृह जिला है और महासंघ के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नरेश ठाकुर भी मंडी जिला से ही संबंध रखते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थल फिलहाल वही स्थान यानी ऐतिहासिक सेरी मंच तय हुआ है, जहां पर ओपीएस की बहाली के आंदोलन के कई कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



एनपीएसईए की जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित कर्मचारी।

### बैठक में आयोजन को लेकर की चर्चा

आयोजन को ऐतिहासिक व सफल बनाने के लिए रविवार को जिला परिषद मंडी के बैठक कक्ष में महासंघ की एक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष लेखराज की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर व प्रदेश महासचिव भरत शर्मा भी शामिल हुए। बैठक में यह तय किया गया कि इस आयोजन में ओपीएस के लाभार्थियों को तो शामिल किया जाए। साथ में और भी सभी कर्मचारी उपस्थित हों। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष भीम सिंह ठाकुर, पूर्व महासचिव भगत सिंह व महिला विंग की अध्यक्षा मंजुला वर्मा भी उपस्थित रहे।

# आईसीजेएस परियोजना के कार्यान्वयन में हिमाचल सेकंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) परियोजना 'प्रॉसिक्यूशन पिलर' के सफल कार्यान्वयन में पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल करने पर राज्य के अभियोजन विभाग को बधाई दी।

विभाग को हाल ही में दिल्ली में अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम/आईसीजेएस में 'गुड प्रेक्टिसिज' पर आयोजित पांचवें सम्मेलन के दौरान सम्मानित किया गया। इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका ने रविवार को कहा कि ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की गरिमामय उपस्थिति में गृह सचिव अभिषेक जैन और अभियोजन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर अभिषेक जैन ने मुख्यमंत्री को आईसीजेएस कार्यक्रम और अखिल भारतीय ई-प्रोसिक्यूशन पोर्टल के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि विभाग भविष्य में भी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, ताकि गरीबों और जरूरतमंदों को शीघ्र न्याय दिलाया जा सके।

# न्यू ईयर से पहले क्रिसमस के जश्न के लिए राजधानी पर्यटकों से गुलजार, होटल हुए पैक

**अनंत ज्ञान, शिमला**

न्यू ईयर से पहले क्रिसमस पर राजधानी पर्यटकों से गुलजार हो गई है। हिल्सक्वीन पैक हो गई है। होटलों में ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत हो गई है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन पॉल ने बताया कि शिमला शहर के होटल पैक है, जिससे कारोबारी भी खुश है।

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए सैलानी बड़ी संख्या में हिमाचल प्रदेश पहुंच रहे हैं। शिमला में सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है। लॉन्ग वीकेंड के चलते शनिवार से सोमवार तक छुट्टियां हैं। ऐसे में सैलानियों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात बरतने की भी सलाह दी है।



राजधानी में क्रिसमस का जश्न मनाने के लिए उमड़ी पर्यटकों की भीड़। नगर निगम और जिला प्रशासन 25 से 31 दिसंबर विंटर कार्निवाल का भी आयोजन कर रहा है, जिसमें पर्यटकों को प्रदेश की संस्कृति से रू-ब-रू होने का मौका मिलेगा। फोटो : प्रदीप कुमार



## क्रिसमस पर पहली बार क्राइस्ट चर्च में लगेगी पहाड़ी नाटी

शिमला। शिमला के ऐतिहासिक रिज पर क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस पहली बार अलग अंदाज में मनाया जाएगा। जहां पहले चर्च में प्रार्थना सभा व कैरोल गाए जाते थे, वहीं इस बार पहाड़ी नाटी का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पादरी वनीता रॉय ने बताया कि क्रिसमस को लेकर चर्च में तैयारियां पूरी हो गई है।

## लाइटों से सजे चर्च

शहर के सभी चर्च को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया है। शहर के मुख्य चर्च क्राइस्ट व कैथलिक चर्च को दुल्हन की तरह सजाया है। चर्च को अंदर व बाहर कई तरह की लाइटें लगाई गई है। चर्च के बाहर क्रिसमस ट्री को भी सजाया गया है।

## पार्किंग के लिए व्यवस्था

वहीं पुलिस ने पार्किंग के मालिकों को निर्देश जारी किए हैं कि पार्किंग फूल होती है तो वे बाहर सड़क पर बड़ा बोर्ड लगाएं कि पार्किंग फूल है। पुलिस का कहना है कि अगर शहर में सारी पार्किंग फूल हो जाती है तो जरूरत पड़ने पर वाहनों को शहर के अंदर प्रस्थान नहीं होने दिए जाएंगे।



विंटर कार्निवाल के लिए सजा रिज मैदान।

## विंटर कार्निवाल आज से, सीएम करेंगे शुभारंभ

राजधानी में विंटर कार्निवल सोमवार से शुरू हो रहा है। इस कार्निवल में पहले दिन 500 के करीब महिलाएं रिज पर महानाटी कर पारंपरिक वेशभूषा में हिमाचल संस्कृति की झलक दिखाएगी, जो कार्निवाल का मुख्य आकर्षण रहेगा। 25 से 1 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे शिमला विंटर कार्निवल की तैयारियां पूरी हो गई है। सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दोपहर दो बजे शुभारंभ करेंगे।

### हिल्सक्वीन पैक

**100** प्रतिशत होटलों में ऑक्यूपेंसी

### बर्फबारी की आस

क्रिसमस और न्यू ईयर के समय में बर्फबारी होती है, तो ये सोने पर सुहागा होगा। वैसे मौसम विभाग के अनुसार बर्फबारी की कम उम्मीद है।

### मनाली, धर्मशाला पहुंच रहे पर्यटक

हिमाचल में क्रिसमस के लिए धर्मशाला, शिमला, नारकंडा, मनाली के अलावा, डलहौजी सहित अन्य इलाकों में ज्यादा टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। क्रिसमस डे और नए साल के जश्न के लिए लाखों की भीड़ हिमाचल में पहुंच रही है। अधिकतर होटल पूरी तरह एडवांस बुक हो चुके हैं।

### कोरोना का खतरा, एहतियात के निर्देश

कोरोना के नए वेरिएंट के खतरे के बीच नए साल के जश्न को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने भीड़ भाड़ में मास्क पहनने, दो गज की दूरी और कोविड के नियम अपनाने की गाइडलाइन जारी की हैं। जिस तरह की भीड़ क्रिसमस एवं नए साल के जश्न के लिए जुट रही है। उसमें सारे नियम कानून ताक पर रखते नजर आ रहें हैं।

### 100 से अधिक जवान तैनात

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए जवानों की ड्यूटियां लगा दी हैं। रिज व मालरोड सहित शहर के कई स्थानों पर 100 से अधिक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

### हैप्पी बर्थडे



**कृषव शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।**

गांव याणवीं, भोरंज, जिला हमीरपुर
पिता : विनीत शर्मा
माता: कनिका शर्मा



**नगरोटा बगवां की ठारू की मयूरी धीमान को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।**



**अनिकेत डैनियल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई**

पिता : एमएम डैनियल
मोहल्ला कश्मीरी
जिला चंबा

## दिव्यांग क्रिकेट लीग में हिमाचल ब्लू ने जीता मैच

**सोलन।** 25वीं हिमाचल दिव्यांग क्रिकेट लीग के उद्घान मैच हिमाचल ब्लू की टीम प्रारंभिक मुकाबला जीत कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। हिमाचल ब्लू ने हिमाचल ग्रीन को 85 रनों से पराजित किया। जश्नप्रीत मैच के बेस्ट प्लेयर चुने गए। प्रतियोगिता में प्रदेशभर की तीन टीमें भाग ले रही हैं। गुल्लरवाला के बरूणा मैदान में का पहला मैच हिमाचल ग्रीन और हिमाचल ब्लू के बीच में खेला गया। हिमाचल ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

हिमाचल ब्लू टीम ने बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 153 का रनों का लक्ष्य रखा। ईशान नेगी ने 37 और टिक्कम ने 31 रन बनाए। हिमाचल ग्रीन के गेंदबाज अजय शर्मा ने दो विकेट,अनिल और छोटू लाल ने एक-एक विकेट लिए। वहीं, हिमाचल ग्रीन 67 रनों पर ही सिमट गई। हिमाचल ब्लू के गेंदबाज जशनप्रीत ने तीन विकेट,अनिल और मनीष ने दो-दो विकेट चटकाए। प्रतियोगिता का शुभारंभ आबकारी एवं कराधान विभाग के संयुक्त आयुक्त उज्जवल सिंह राणा ने किया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दिव्यांग के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने कहा कि तीसरी नेशनल दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता जो राजस्थान के उदयपुर में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश की टीम के अच्छे प्रदर्शन से टीम के दो खिलाड़ी चंबा के अजय शर्मा और बिलासपुर से अंकित चंदेल का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ।

# सुक्खू सरकार दिल्ली तलब

## हाईकमान ने प्रदेशाध्यक्ष समेत राणा और सुधीर भी बुलाए, चढ़ा सियासी पारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**कांग्रेस** हाईकमान ने पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री समेत सभी



कैबिनेट मंत्रियों को अचानक दिल्ली बुलाया है। बड़ी बात यह है कि कांग्रेस के 40 विधायकों में से केवल दो ही विधायक सुजानपुर से राजेंद्र राणा और धर्मशाला से सुधीर शर्मा भी दिल्ली बुलाए हैं। हाईकमान ने हिमाचल कांग्रेस के कर्णधारों को 27 दिसंबर को दिल्ली दरबार में हाजिरी भरने का न्योता दिया है।



### विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राणा और सुधीर शर्मा सरकार से दूर-दूर नजर आए

इस घटनाक्रम से प्रदेश का सियासी पारा चढ़ गया है। राणा और सुधीर शर्मा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सरकार से भी दूर-दूर नजर आए, क्योंकि दोनों कैबिनेट मंत्री बनने की रेस में शामिल थे, मगर दूसरे कैबिनेट विस्तार में दोनों ही मंत्रिमंडल में स्थान पाने से चूक गए हैं।



### दिल्ली सेशन में नाराजगियां दूर करने की कोशिश

तपोवन धर्मशाला में हिमाचल विधानसभा के विंटर सेशन के बाद अब एक दिन का सियासी सेशन दिल्ली में होगा। इसमें नाराज विधायकों की नाराजगी दूर करने, लोकसभा चुनाव की रणनीति, संगठन में बदलाव और कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चा हो सकती है। हिमाचल मंत्रिमंडल में अभी भी एक पद खाली है। दिल्ली दरबार से अचानक आए इस फरमान ने हिमाचल के भीतर हड़बड़ी का माहौल बना दिया है। दो नव नियुक्त मंत्रियों को भी अभी विभागों का आवंटन होना है। कई बोर्ड व निगमों में भी तैनाती होनी है। सरकार और संगठन में तालमेल को लेकर भी कई बार संग्राम जैसी स्थिति देखने को मिली है। हाईकमान दिल्ली दरबार में प्रदेश कांग्रेस को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश देगा। प्रदेश सरकार को पार्टी द्वारा चुनाव में दी गई गारंटियां भी पूरे करने के निर्देश दिए जा सकते हैं।

### सभी प्रांतों की मीटिंग ले रहा हाईकमान : प्रतिभा सिंह



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह से जब पत्रकारों ने बात की तो उन्होंने माना कि हाईकमान ने दिल्ली बुलाया है। उन्होंने बताया कि मीटिंग का कोई खास मकसद नहीं है। सभी प्रांतों की हाईकमान मीटिंग कर रहा है। हिमाचल की मीटिंग भी काफी समय से प्रस्तावित थी। इसलिए अब 27 दिसंबर को बुलाई गई है।

## शराब पीकर हुड़दंग मचाते एक दर्जन गिरफ्तार

**सोलन।** सोलन की सपरून पुलिस चौकी की टीम ने देर रात दोही दीवार और आंजी के पास शराब पीकर हुड़दंग मचाते एक दर्जन लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए लोगों में पांच लोग हरियाणा, चार सोलन और तीन लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनका पुलिस एक्ट के तहत चालान काट कर 29 हजार का जुर्माना वसूला। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने कहा है क्रिसमस त्योहार को लेकर सोलन पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। जानकारी के अनुसार, सपरून पुलिस चौकी की टीम को रात को गश्त के दौरान सोलन बाईपास के पास दोहरी दीवार और आंजी क्षेत्र में एक दर्जन लोग शराब पीकर हुड़दंग करते मिले। इनमें हरियाणा के कैथल पवनावाला गंव निवासी सुलेश कुमार, सुखवंत सिंह,अजय कुमार,सुमेर, करनाल के बजीदी रूडाना निवासी सतीश कुमार, सोलन के अपर बाजार, कालीघट्टा निवासी रोहित मरवाह व उसका भाई अभिषेक मरवाह, सोलन के शामति निवासी गिरीश ठाकुर, सोलन के ही राजगढ़ रोड निवासी तुषार, मेरठ के आनंद पुरी निवासी आकाश, मेरठ के जागृति विहार मेडिकल कालेज निवासी आदित्य और मेरठ के न्यू मोहनपुरी निवासी कुंज शामिल हैं। इन सभी लोगों पर पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 29 हजार का जुर्माना लगाया है।

# हरनोटा व भरमाड़ में दो ने आत्महत्या की

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के तहत दो अलग-अलग जगह पर दो लोगों ने आत्महत्या की। पहला मामला हरनोटा पंचायत का है और दूसरा भरमाड़ का है। जानकारी अनुसार, हरनोटा पंचायत के मलकीयत सिंह (34) भरमाड़ ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मलकीयत सिंह वार्ड नं-दो का निवासी था। रविवार को मलकीयत सिंह घर में अकेला था।

वह शादीशुदा था। उसने घर से लगभग 150 मीटर दूर बैरी के पेड़ से फंदा लगा लिया। जब उसने फंदा लगाया तो उस समय उसके माता-पिता सत्संग सुनने राजा का तालाब गए हुए थे और पत्नी मायके में गई थी। किसी राहगीर ने शव को पेड़ से लटका देखा तो जानकारी उसके परिजनों को दी। इस बारे में पंचायत उपप्रधान रफीक मोहम्मद को बताया गया और उपप्रधान ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौका पर पहुंचकर परिजनों के बयान कलमबद्ध कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एक ने पेड़ पर लगाया फंदा, दूसरे ने पंखे से लटककर दी जान

वहीं भरमाड़ में हेम राज (40) ने अपने घर में पंखे लटकाने वाली लोहे की कुंडी से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक अपनी माता सत्या देवी के साथ घर में रहता था और घर के नजदीक निर्मित पीर बाबा के मंदिर में सेवा करता था। वह परेशान रहता था। रविवार को दोपहर के समय हेम राज ने पंखे की लोहे की कुंडी के साथ लटककर कर जान गंवा दी। माता किसी कार्य के लिए जब अंदर आई, तो उन्होंने अपने बेटे को लटके हुए देखा और शोर मचाया। इससे आस-पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए और देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

इसकी सूचना पंचायत प्रधान सुशील कुमार को दी। उन्होंने पुलिस थाना जवाली को सूचित कर दिया गया। डीएसपी जवाली बीरी सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों के बयान दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

### जांच की जा रही

एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि हरनोटा व भरमाड़ में आत्महत्या के दो मामले घटित हुए हैं। पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत केस दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### हैप्पी क्रिसमस



शिमला। क्रिसमस का पर्व 25 दिसंबर को मनाया जा रहा है। उसके एक दिन पहले शिमला के मालरोड पर सांता क्लॉज के वेष में एक व्यक्ति ने सबको आकर्षित किया। सांता क्लॉज के साथ फोटो खिंचवातीं युवतियां।

# एआई से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सलोह**

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में सोक्टा -2023 के आठवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ सीएम के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल ने किया। सॉफ्ट कम्प्यूटिंग की थ्योरी व एप्लीकेशन से संबंधित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर भारत के विभिन्न संस्थाओं के प्रोफेसर व शोधकर्ता मौजूद थे।

24 से 26 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े अनेक व्यावहारिक पहलुओं पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सीएम हिमाचल प्रदेश के प्रधान सलाहकार (नवीनीकरण डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेस) गोकुल बुटेल ने कहा कि पिछले एक दशक के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। पूरे देश में हिमाचल प्रदेश की विधानसभा पहली ऐसी विधानसभा है, जहां सबसे पहले पेपरलेस कार्य आरंभ किया गया। इससे पूर्व संस्थान के एसोसिएट डीन प्रोफेसर डॉ. विक्रम कुमार ने मुख्य अतिथि को संस्थान की गतिविधियों तथा उपलब्धियां के बारे में जानकारी प्रदान की।



सोक्टा -2023 के आठवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य।

### ट्रिपल आईटी में सोक्टा-2023 का आठवां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

उन्होंने बताया कि संस्थान से निकले छात्रों में अधिकतम प्लेसमेंट 65 लाख और औसतन प्लेसमेंट दर 15 लाख है। इस अवसर पर ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक डॉ. विनोद कुमार कनोजिया और सहायक प्रोफेसर एवं एसोसिएट डीन डॉ. विक्रम कुमार, इग्नू के निदेशक (कंप्यूटर विभाग) डॉ. पीवी सुरेश, डीआरडीओ के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. वैभव गुप्ता, शोभित इंस्टिट्यूट के प्रोफेसर डॉ. तरुण कुमार शर्मा, एनआईटी जालंधर से सहायक प्रोफेसर डॉ. ओपी वर्मा, ट्रिपल आईटी ऊना के वरिष्ठ कंसल्टेंट उत्तम पटियाल के अलावा संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## पति ने तोड़ा पत्नी का दांत केस दर्ज

**सोलन।** घट्टी गांव में पति ने अपनी पत्नी को पीटते हुए उसका दांत ही तोड़ दिया। सोलन के महिला पुलिस थाने में पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया गया है। सोलन के एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, घट्टी गांव की रहने वाली महिला गीता देवी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 22 दिसंबर की सुबह उसके पति ने उससे झगड़ा करने के बाद उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसका एक दांत भी टूट गया। उसके शरीर पर भी कई चोटें आई। गीता देवी की शिकायत पर महिला पुलिस थाने में आरोपी पति नरेंद्र कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। एसपी गौरव सिंह ने बताया मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**अनदेखी**

## दीवारों पर उगे बड़े-बड़े पेड़-पौधे जर्जर कर रहे हैं मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की करोड़ों की इमारत को

# मरम्मत नहीं हुई तो ढहने के कगार पर पहुंच जाएगी पूरी इमारत

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

यहां जिला मुख्यालय पर स्थित मेडिकल कॉलेज की इमारतें प्रशासनिक कुव्यवस्था और राजनीतिक नजरअंदाजी की वजह से 'जर्जर' हो रही हैं। इस अस्पताल की सभी दीवारों पर उगे बड़े-बड़े पेड़-पौधे, इसकी दास्तां खुद बयां कर रहे हैं।

हालत यही रही, तो बहुत जल्दी यह करोड़ों की इमारत ढहने के कगार पर पहुंच जाएगी। कभी-कभार इसकी मरम्मत हो जाती होगी, लेकिन नियमित तौर पर पिछले कई सालों से हालत खराब है। पेड़-पौधों ने जिस बड़े स्तर पर इस इमारत पर अपना 'आश्रय' जमा लिया है। वह स्थिति भीतर बैठने वाले अधिकारियों के रवैये की पोल खोल रही है। (अनंत ज्ञान)



मेडिकल कॉलेज की दीवारों पर उगे बड़े-बड़े पेड़-पौधे व्यवस्था चलाने वालों को क्यों दिखाई नहीं देते?

### पत्थरों को तराश कर बनी है बिल्डिंग की दीवारें


चार दशक पहले जब इस बिल्डिंग का निर्माण हुआ था, तब यह दूर से बेहद सुंदर दिखती थी, अब दूर से इस पर उगे पेड़ दिखाई देते हैं। पत्थरों को तराश कर इसकी दीवारें बनाई गई थीं। इसलिए तब खर्चा भी ज्यादा आया था। मेडिकल कॉलेज से पहले यह भवन जिला अस्पताल के रूप में तैयार हुआ था, जिसे बाद में रीजनल अस्पताल का दर्जा मिला।

> मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती का कहना है कि इसकी मरम्मत का काम पहले तो चला था। अभी छत डलवाई जा रही है। पेड़-पौधों को भी हटवाया जाएगा।
>
> **डॉ. रमेश भारती, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज**

### फेज-दो बिल्डिंग का हाल बेहद खराब

**अस्पताल** की बिल्डिंग काफी लंबी है, लेकिन फेज दो में जिसका निर्माण हुआ था उसकी हालत ज्यादा खराब है। अधिकारी भी इसी बिल्डिंग में बैठते हैं। उनकी नाक के दाएं-बाएं हालत ज्यादा खराब हैं। पेड़-पौधों के आकार की वजह से इसमें रिसाव भी हो रहा है। पेड़-पौधे अपना आकार बढ़ा रहे हैं, उनकी जड़ें मोटी हो रही हैं। यही इस बिल्डिंग के भविष्य के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है।

### नाममात्र की मरम्मत



**इन** पेड़ पौधों को हटाने के लिए आधी अधूरी मरम्मत तो हो जाती है, वह भी एक हिस्से में। बाकी का सारा भवन मुकम्मल तौर पर इन पेड़-पौधों से भरा रहता है। यदि एक मर्तबा बेहतर तरीके से मरम्मत हो जाए तो इन पेड़-पौधों का नामोनिशान न रहे। घास-फूस कहीं दिखाई न दे, तो फिर सरकार का करोड़ों रुपए का बजट भी तो बचेगा, क्योंकि यदि यह जर्जर हो गई, रहने लायक नहीं रही तो फिर नए भवन पर कितना खर्च होगा, इसका अनुमान महज ही लगाया जा सकता है।

## हर जगह अनंत ज्ञान


नगरोटा बगवां बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते दो पाठक।


नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते एक चिकित्सक।



सोनिका गुप्ता आतमा कृषि विभाग, ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक पंचरुखी व उनके साथ सहायक दिव्या शर्मा और प्रतिभा अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ती हुई।


गगन बढ़जातयां एमडी (एमजी एडवेंचर्स) अपनी साइट हिमानी हेमलट में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


हिमानी हेमलट कैंपिंग साइट पर विक्रम अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


जयसिंहपुर की सविता मिश्रा अनंत ज्ञान अखबार को पढ़ती हुई।


नगरोटा के केशो राम अपने घर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


करियाड़ा के रामकृष्ण अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


करियाड़ा के दुकानदार शक्ति सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


कुंदली हार के दुकानदार भूप सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


मटौर की श्रद्धा देवी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।




नैन पंचायत तहसील पालमपुर के उपप्रधान व उनके साथ उनकी पंचायत से मिलाप चंद और रतन चंद जी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


शेफ नीरज कुमार स्लेट गोदाम वाले अपनी कैंपिंग साइट में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


सालिग गांव के नजदीक योल कैंट में दिनेश कपूर आनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


बैजनाथ बाजार में रविवार को तेजस्वी अपने सहयोगियों के साथ अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


धनाग पंचायत के प्रधान रोहित कपूर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां से सुमित धीमान अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

### देहरा में वन विभाग ने 21 घरों को तोड़ने के जारी किए नोटिस, भड़के लोगों ने रमेश धवाला के साथ मिलकर जताया विरोध

# ...नहीं तो दूसरी बार फिर उजड़ जाएंगे पौंग विस्थापित

**शुभम शर्मा, देहरा**

बीजेपी के बड़े नेता और पूर्व में मंत्री रहे रमेश धवाला ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को पौंग बांध विस्थापितों के हकों को लेकर जमकर घेरा।

धवाला ने कहा कि वर्ष 1972 में पौंग बांध के निर्माण से हुए विस्थापन के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर हजारों लोग खाली पड़ी जमीन पर बस गए, लेकिन बाद में बंदोबस्त में हुई गलती के कारण उनकी जमीन वन भूमि में तब्दील हो गई। देहरा में ऐसे लगभग 600 परिवार हैं। जिन्हें अब दूसरी बार उजड़ने का डर सता रहा है। अब वन विभाग कि जमीन पर जिन लोगों के घर हैं उन्हें वन विभाग ने नोटिस देना शुरू कर दिया है। इससे पहले भी वन विभाग ने दो गरीब परिवारों के घरों पर बुल्डोजर चलाया था। अब 21 घरों को वन विभाग से नोटिस मिलने के बाद गुलेर में बीजेपी के पूर्व मंत्री रमेश धवाला की अगुआई में लगभग 150 लोग इक्कठे हो गए। जिन 21 घरों को तोड़ने का नोटिस जारी किया गया है उनमें से एक घर में बेटी की शादी भी है। उस परिवार ने वन विभाग से शादी होने तक की अनुमति मांगी है। दरअसल इन पौंग बांध विस्थापितों ने विस्थापन के बाद जहां भूमि मिली वहां अपने नए घर बना लिए। 1972 में बने पौंग बांध के निर्माण के कारण लगभग 25,000 लोगों को विस्थापित होना पड़ा था। इस बांध का नाम महाराणा प्रताप सागर पौंग बांध है। इसका निर्माण 1964 में शुरू हुआ और 1973 में बनकर पूरा हुआ व जलभराव हुआ। हाल ही में, वन विभाग ने इन विस्थापितों

- इससे पहले भी दो घरों पर चल चुका है बुल्डोजर
- रविवार को 150 लोगों ने किया प्रदर्शन

को नोटिस जारी किया है कि वे इस भूमि को खाली कर दें। वन विभाग का कहना है कि यह भूमि वन भूमि है और इस पर कोई निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस नोटिस के विरोध में पौंग बांध विस्थापितों ने प्रदर्शन किया है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें इस भूमि पर रहने की अनुमति दी जाए। इस मामले में रमेश धवाला ने विस्थापितों के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन विस्थापितों के साथ न्याय करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)


पौंग बांध विस्थापितों के हकों को लेकर पूर्व विधायक रमेश धवाला के साथ प्रदर्शन करते लोग।

### रमेश धवाला ने विस्थापितों के समर्थन में उठाई आवाज



**हाल** ही में वन विभाग ने इन विस्थापितों को नोटिस जारी किया है कि वे इस भूमि को खाली कर दें। वन विभाग का कहना है कि यह भूमि वन भूमि है और इस पर कोई निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस नोटिस के विरोध में पौंग बांध विस्थापितों ने प्रदर्शन किया है। उन्होंने मांग की है कि उन्हें इस भूमि पर रहने की अनुमति दी जाए। इस मामले में पूर्व विधायक रमेश धवाला ने विस्थापितों के समर्थन में आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को इन विस्थापितों के साथ न्याय करना चाहिए।

# लांग जंप में विशाल व दौड़ में विवेक फर्स्ट

## रिडकमार में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

**रमेश ठाकुर, शाहपुर**

राजकीय महाविद्यालय रिडकमार में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर युवराज सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के स्पोर्ट्स क्लब के समन्वयक एवं इतिहास विभाग के प्रोफेसर हरीश कुमार इस खेलकूद प्रतियोगिता में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स क्लब समन्वयक एवं महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर हाकम चंद ने प्रतियोगिता परिचय प्रस्तुत किया। मंच के संचालन की भूमिका प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह ने निभाई। इस दौरान 100 मीटर दौड़, शार्ट पुट, डिसकस थ्रो, लंबीकूद, ऊंचीकूद तथा रस्सा-कसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दरीणी से शारीरिक शिक्षा के अध्यापक कमलनयन, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोह से रंजीत सिंह एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनोल से रविंद्र कुमार ने निभाई। लंबीकूद में छात्र वर्ग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विशाल कुमार, विवेक कुमार एवं अभिषेक कुमार रहे। छात्रा वर्ग में पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर दीक्षा देवी, वंदना देवी एवं रीता देवी रहीं। 100 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान पर मीनाक्षी देवी, द्वितीय स्थान पर रिंकी देवी और तृतीय स्थान पर शांति देवी रही। इसी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में विवेक कुमार, अभिषेक कुमार एवं विशाल कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में छात्रा वर्ग में वंदना देवी ,पुष्पा देवी और सपना देवी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं और छात्र वर्ग में विवेक, शुभकरण, शुभम शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में छात्राओं में मुस्कान, रीता और पूजा ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान हासिल किया और छात्र वर्ग में शुभम शर्मा, विवेक कुमार और बॉबी राणा ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में छात्र वर्ग में विवेक कुमार, बॉबी राणा और अभिषेक कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)


रिडकमार में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान मौजूद खिलाड़ी।

### शिक्षकों ने सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**इन** प्रतियोगिता में छात्र वर्ग का सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार विवेक कुमार और छात्रा वर्ग का रीता कुमारी को दिया। विजेताओं को शिक्षकों ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। सर्टीफिकेट कमेटी में प्रोफेसर आशा मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# वंश नेशनल ताइक्वांडो स्पर्धा के लिए चयनित, जाएंगे मध्य प्रदेश

**अनंत ज्ञान, जवाली**

- सिरमौर के नारग स्कूल में लेंगे प्रशिक्षण

बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय लड़कों की अंडर-19 ताइक्वांडो स्पर्धा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली का प्रदर्शन शानदार रहा। इस स्पर्धा में राज्य स्तर पर स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा।

वहीं, ताइक्वांडो में उत्कृट प्रदर्शन करने पर स्कूल के छात्र वंश कौंडल का चयन नेशनल लेवल ताइक्वांडो स्पर्धा के लिए हुआ है। शनिवार को प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा ने वंश को हार पहनाकर अग्रिम शुभकामनाएं देकर स्पर्धा से पूर्व होने वाले कैंप के लिए रवाना किया।

स्कूल के डीपीई एवं योगा प्रशिक्षक अजय कुमार एवं पीईटी सुशील कुमार और प्रवक्ता अमित कुमार ने बताया कि ताइक्वांडो में सौरभ चौधरी, तुषार चौधरी, समर ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन वंश कौंडल 78 किलोग्राम वर्ग में नेशनल स्पर्धा के लिए चयनित हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए प्रदेश के दस छात्रों का चयन हुआ है, जिसमें कांगड़ा जिले के दो छात्र शामिल हैं। ये दोनों छात्र भवारना और जवाली के हैं। अन्य चयनित छात्रों में बद्दी, सिरमौर, सोलन और शिमला जिलों के स्कूलों के हैं। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा से पहले सिरमौर के राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारग में 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में भाग लेंगे। इसके बाद 31 दिसंबर से पांच जनवरी तक मध्यप्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस मौके पर अधीक्षक नवदीप कुमार, प्रवक्ता अजय कुमार, ओपिंद्र शर्मा, भुवनेश कुमार, रोहणी एवं जीवन ज्योति व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### क्रिसमस पर्व को लेकर निकाली शोभा यात्रा

**शाहपुरकंडी।** क्रिसमस के उपलक्ष में आज शाहपुरकंडी स्थित हवनली ब्रेड ऑफ लाइफ चर्च से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा चर्च से शुरू होकर आदर्श नगर एवं आदियाल से होते हुए वापस चर्च में संपन्न हुई। इस मौके पर पास्टर राहुल एवं पास्टर दिलबाग ने क्षेत्र निवासियों को क्रिसमस डे की बधाई देते हुए कहा कि प्रभु यीशु की कृपा से आने वाला नया साल सभी की जिंदगी में हजारों खुशियां लेकर आए। शोभायात्रा में सांता क्लाज बने नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। शोभायात्रा में महिलाओं ने प्रभु यीशु मसीह की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर सैमसंन, मिंटू, राहुल, सोनू, राजेंद्र कुमार, रोहित, सम्मोहित, विशाल, राजेश कुमार, पतरस एवं तरसेम लाल सहित कई लोग मौजूद थे। बहरहाल, क्रिसमस के उपलक्ष में आज शाहपुरकंडी स्थित हवनली ब्रेड ऑफ लाइफ चर्च से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।

# खिलाड़ी सलोनी और युवराज को मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में प्रधानाचार्य उपेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन राजेश कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का खिताब बीए तृतीय वर्ष की सलोनी को व सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का खिताब बीए प्रथम वर्ष के युवराज को मिला।

छात्राओं की लंबीकूद में बीए तृतीय वर्ष की सलोनी प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की खूशबू द्वितीय व बीकॉम प्रथम वर्ष की रीतिका तृतीय स्थान पर रही। पुरुषों की लंबीकूद में बीए प्रथम वर्ष का युवराज प्रथम बीकॉम प्रथम वर्ष का कार्तिक द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष का अनुज तृतीय स्थान पर रहा।

छात्राओं की ऊंचीकूद में बीकॉम की रीतिका प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की सलोनी द्वितीय व बीकॉम प्रथम वर्ष की यामिनी तृतीय स्थान पर रही। पुरुषों की ऊंचीकूद में बीए प्रथम वर्ष का अनुज प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष का कार्तिक द्वितीय बीकॉम प्रथम वर्ष का अभय तृतीय स्थान पर रहा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष की रीतिका प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की सलोनी द्वितीय, बीए प्रथम वर्ष की खूशबू तृतीय स्थान पर रही। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का युवराज प्रथम, बीए प्रथम वर्ष का अनुज द्वितीय व बीकॉम प्रथम वर्ष का कार्तिक तृतीय स्थान पर रहा। छात्राओं की 200 मीटर दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष की रीतिका प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की सलोनी द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की खूशबू तृतीय स्थान पर रही। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का युवराज प्रथम, बीए प्रथम वर्ष का अनुज द्वितीय व बीकॉम प्रथम वर्ष का कार्तिक तृतीय स्थान पर रहा।


शिवनगर स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान मैच खेलने से पहले मौजूद खिलाड़ी।

### 400 मीटर दौड़ में रीतिका का दबदबा

**छात्राओं** की 400 मीटर दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष की रीतिका प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की सलोनी द्वितीय रही। पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष का कार्तिक प्रथम रहे। अंत कालेज प्रधानाचार्य द्वारा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

**डाडासीबा।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत उपकेंद्र डाडा सीबा में आवश्यक मरम्मत हेतु विद्युत 26 दिसंबर मंगलवार सुबह नौ बजे से तीन बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। डाडासीबा बढलठोर, सयुल खड्ड , जौढ़बड़ आदि 11 केवी विद्युत फीडर के अधीन आने वाले ग्राम आरा चौक, जंबल, बसी, बढल, चनौर, डढोहा, सांडा, बाड़ी, मेंहड़ा, लंडियारा, सयुल खडड टिप्परी, करसाल, जौढ़बड़, बठरा, डाडासीबा प्रभावित होंगे। इसके लिए लोगों से सहयोग की अपील की जाती है यह जानकारी सहायक अभियंता दिनेश कुमार विद्युत उपमंडल डाडा सीबा द्वारा दी गई है।

### क्रशर मैटीरियल के लगे ढेरों की जांच पूरी

**डाडासीबा।** ग्राम पंचायत बठरा मे शिकायत मिलते ही बहां सडक किनारे रेत बजरी के बड़े-बड़े ढेरों के देखते हुए बीते कल जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया के नेतृत्व में मौके पर पहुंची टीम ने सख्त कार्रवाई अमल में लाई थी और इस दौरान सड़क किनारे क्रशर मैटीरियल के बड़े बड़े ढेर लगाने बाले व्यक्ति को अगामी दो दिन मे उक्त सामान के कागजात दिखाने के दिशा निर्देश जारी किए थे। लिहाजा उपरोक्त व्यक्ति ने इस कार्रवाई पर अमल करते हुए शनिवार को यहां तमाम मैटीरियल के कागजात खनन अधिकारी को दिखाने के बाद यह मामला रफा दफा हुआ। उक्त मामले की पुष्टि खनन अधिकारी कांगड़ा राजीव कालिया ने की है।

### काव्य वर्षा की लघु फिल्म हेवन स्टेर हुई रिलीज

**डाडासीबा।** काव्य वर्षा जो काफी लंबे समय से कविता और कहानी लेखन कार्य में सक्रिय हैं। लंबे समय से उनकी बहुचर्चित फिल्म हैवन स्टेर जिसका ट्रेलर भी लोगों को खूब पसंद आया था आज रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म पर्यावरण को नुकसान करने वाले गंभीर विषय पर बात करती नजर आती है। इसके साथ-साथ बाथू की लड़ी के ऐतिहासिक मंदिर और रहस्यमयी जगह का जिक्र भी फिल्म में किया गया है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि हिमचाल प्रदेश में अगर पर्यटक आटे हैं तो उन्हें प्रकृति से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए उसे गंदा न करें।

### रैल पंचायत में लोगों ने जानी बैंकिंग प्रणाली

**डाडासीबा।** डाडासीबा के अंतर्गत रैल पंचायत के गांव सांडा में नाबार्ड के सौजन्य से कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा डाडासीबा द्वारा ग्राहक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंध रविंद्र कुमार व बैंक अधिकारी विजय कुमार द्वारा लोगों को ऑनलाइन डिजिटल लेनदेन बारे में जागरूक किया गया तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा बैंक की स्कीमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। शिविर में ग्राम पंचायत रैल से पंचायत प्रधान रमेश कुमार सभा सचिव प्रवीण कुमार तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

### छोटे से कमरे में रहने को मजबूर प्रकाश चंद का परिवार


छोटे से कमरे में मौजूद न्याड़ पंचायत के प्रकाश चंद का परिवार।

**डाडासीबा।** विकासखंड परागपुर की ग्राम पंचायत न्याड़ के अपर न्याड़ गांव के प्रकाश चंद पुत्र हरि लाल का घर हिमाचल सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आखिरी पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के लिए योजना बना रहीं है। फिर भी प्रकाश चंद का परिवार में सात सदस्य एक छोटे से कमरे में भी नहीं एक पल्ली में रहते हैं। जो पुराने समय में धरों में होती थी और वह भी किसी भी समय गिर सकता है। इस विषय के बारे में जब ग्राम पंचायत न्याड़ की प्रधान सरेश्रठा देवी से पूछा तो उन्होंने कहा यह सच बात है कि इस परिवार के सात सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि इनके नाम का कागजात मकान बनाने के लिए ब्लॉक ऑफिस भेज दिया है। जब भी विभाग मुकान की स्वीकृति देगा, तो बना दिया जाएगा।

**सालाना समारोह** स्कूल के सालाना समारोह में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

# गरली स्कूल में गूंजे देशभक्ति के तराने

**अनंत ज्ञान, गरली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में रविवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया इस समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया रहे।

वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वल कर किया गया। इस साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान अनूप शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस वार्षिक पारितोषिक समारोह की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत गाकर की गई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की परिस्थितियों दी जिसमें भांगड़ा, देशभक्ति, नृत्य, नाटक, गिद्दा, लेजी डांस व झमाकड़ा ने खूब बहाबही लूटी। प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों और उपलब्धियां की जानकारी मंच दी विभिन्न प्रतियोगिताओं को क्षेत्र में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने समृद्धि चिन्ह प्रदान किया। विद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता संजीव कुमार व जीव विज्ञान के प्रवक्ता राकेश कुमार की तरफ से पढ़ाई के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस विद्यालय से जुड़े पिछले पांच वर्षों में अपनी सेवाएं दे चुके सभी प्रधानाचार्य प्रवक्ताओं व अध्यापक वर्ग को भी इस सादर आमंत्रित किया गया। विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं जायदाता, साहिल, ठाकुर भारती व दीक्षा ने दिलकश व शायरों शायरी से मंच का सफल संचालन किया।

चीफ गेस्ट ने सभी विद्यार्थियों को सफलता पाने के लिए जीवन में कड़ी मेहनत करने के अपने प्रेरक भूषण द्वारा सीख दी। इस कार्यक्रम शान बढ़ाने के लिए अभिभावकों से तो सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य ने धन्यवाद किया।


गरली स्कूल के सालाना समारोह में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं।

# परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों ने पहाड़ी नाटियों पर मचाया धमाल




वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान प्रस्तुति देते परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां देकर पंडाल में बैठे सैकड़ों अभिभावकों का मनमोह लिया।

इस मौके पर उन्होंने पंजाबी, हरियाणवी, गिद्दा, पहाड़ी नाटियां के साथ-साथ स्वच्छता अभियान, खेती बाड़ी पर तरह तरह के कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में कर्नल आर क्षेत्री ने शिरकत की। जिनको स्कूल की प्रबंध निदेशक इंदु गोस्वामी द्वारा शाल टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि कर्नल आर क्षेत्री ने बच्चों को अनुशासित रह कर अपने मूल उद्देश्य के पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिंदगी में पॉजिटिव सोच होनी चाहिए, तभी आदमी अपने लक्ष्य को पा सकता है। इस मौके पर स्कूल को प्रिंसिपल मेडम कल्पना खन्ना ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर मेधावी विद्यार्थियों को उनकी साल भर की उपलब्धियों को लेकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### सम्मानित किया

**इस** मौके पर स्कूल को प्रिंसिपल मेडम कल्पना खन्ना ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर मेधावी विद्यार्थियों को उनकी साल भर की उपलब्धियों को लेकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान आरएस बाली ने दी सौगात, कार्यक्रम में होनहारों पर बरसे इनाम

# यूरो किड्स मदर टेरेसा ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल में एक लाख से बनेगा प्ले-वे एरिया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

यूरो किड्स मदर टेरेसा ग्लोबल कान्वेंट स्कूल के वार्षिक समारोह के मौके पर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली मुख्य अतिथि बनकर पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्कूल के अध्यक्ष संजय भारद्वाज, मैनेजिंग डायरेक्टर गीतांजलि भारद्वाज और प्रधानाचार्य पूजा सूद, अध्यापकों तथा बच्चों ने मुख्यातिथि का पुष्प भेंट करके स्वागत किया। स्कूल के अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्यातिथि को सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। उन्होंने बच्चों के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करवाने के लिए शिक्षकों की प्रशंसा की। स्कूल के अध्यक्ष और प्रधानाचार्य ने संबोधन दौरान मुख्यातिथि को स्कूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आरएस बाली ने अपने संबोधन के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य अध्यापकों और बच्चों को वार्षिक समारोह के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा मदर टेरेसा के जीवन से हम सभी को सीख लेने की आवश्यकता है जिन्होंने अपना पूरा जीवन लोक भलाई के कार्यों में लगा दिया। उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिदिन उठाए जा रहे कदमों के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने संबोधन दौरान कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु अनेक कदम उठा रहे हैं। इनमें से हाल ही में इस नए शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के सभी प्राइमरी स्कूलों को इंग्लिश मीडियम करने का निर्णय बेहतरीन कदम साबित होगा। उन्होंने स्कूल के बच्चों के प्ले एरिया के लिए एक लाख देने की घोषणा की। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित स्कूल के अध्यक्ष संजय भारद्वाज, एमडी गीतांजलि भारद्वाज, प्रधानाचार्य पूजा सूद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह, उपाध्यक्ष प्रताप रियाड़, सुभाष चंद, शहरी अध्यक्ष कुलदीप धीमान, नीरज दुसेजा, स्वामी राम, कुलदीप, प्रेम राणा, अजय सिपहिया, कांता पठानिया, मीनाक्षी धीमान, मनीष सभरवाल, राहुल धीमान, सोनू कटोच, अध्यापक, परिजन और बच्चे मौजूद रहे।




कार्यक्रम के दौरान छात्रों को संबोधित करते आरएस बाली। इस दौरान मंच पर मौजूद स्कूल स्टाफ सदस्य सामूहिक चित्र में।

**कार्यक्रम में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां**

## न्यूज ब्रीफ

### सचिन व अजय ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**बैजनाथ।** व्यापार मंडल बैजनाथ के चुनाव के चलते रविवार को प्रधान पद के लिए दो नाम सामने आए हैं। इनमें सचिन अवस्थी व अजय कुमार ने अपने नामांकन पत्र दाखिल कर दिए हैं। बैजनाथ व्यापार मंडल के सचिव राकेश सूद ने बताया कि 25 दिसंबर तक नामांकन पत्र दाखिल करने के तिथि निर्धारित की गई थी। मगर 25 दिसंबर सोमवार की छुट्टी के चलते व बैजनाथ बाजार के बंद रहने से इसे 26 दिसंबर तक कर दिए गया है।

### लोकसभा चुनावों को लेकर युवाओं में भरा जोश



जयसिंहपुर में प्रथम परिचय बैठक के दौरान मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ता।

**जयसिंहपुर।** भाजयुमो जयसिंहपुर मंडल की रविवार को प्रथम परिचय बैठक भाजयुमो जयसिंहपुर अध्यक्ष शिवा कटोच की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष हरवंस राणा, जिला महामंत्री रजत भंडारी, जिला उपाध्यक्ष अंकुश धीमान व समस्त मंडल कार्यकारिणी उपस्थित रहे। पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा ने युवाओं को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भरपूर जोश भरा व मार्गदर्शन किया।

### आरएस बाली को किया सम्मानित

**नगरोटा बगवां।** विधायक आरएस बाली एवं पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन ठाकुर, मंडलीय प्रबंधक देवा सेन नेगी, धर्मशाला मंडलीय प्रबंधक नगरोटा बगवां राजेंद्र पठनिया तथा इंटक नगरोटा बगवां के समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें एक समारोह दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यशाला में रेस्ट हाउस, इसके सौंर्दीयकरण, चार दीवारी तथा एक पार्क बनाने, लाइट स्थापित करने हेतु अधिकारियों को एस्टीमेट बनाने के आदेश दिए। इस अवसर पर प्रदेश इंटक प्रवक्ता संजीव ठाकुर, प्रदेश मंडल प्रभारी राय सिंह, चेयरमैन हंस राज, महासचिव रविंद्र कुमार, प्रधान संजीव सोनी, चेयरमैन अनिल चौधरी, सचिव निखिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रंजीव आर्य ने किया 17वीं बार रक्तदान

**नूरपुर।** नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के सदस्य व संस्था के स्टार डोनर रंजीव आर्य ने रविवार को अपने 20 वर्षीय बेटे रिशव ठाकुर के साथ अमनदीप हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान किया। आज रंजीव ने 17वीं बार रक्तदान किया तथा उनके बेटे ने पहली बार 20 वर्ष की उम्र में रक्तदान किया। आप जैसे संस्कार अपने बच्चों को देंगे वो उसी राह पर चलेंगे। नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब के बहुत से सदस्यों के बच्चे तथा उनके परिवार के दूसरे सदस्य बढ़-चढ़कर रक्तदान की मुहिम को बढ़ाने के लिए आगे आ रहे हैं। इस अभियान को आगे बढ़ाने व निरंतर जारी रखने के लिए नए लोगों का जुड़ना अति आवश्यक है। गौरतलब है कि इसी साल लगभग तीन महीने पहले 19 सितंबर को भी रंजीव ने अपना जन्मदिन सिविल हॉस्पिटल, पठानकोट के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कर मनाया। उसी दिन उनके साथ उनके दोस्त संजीव कौशल ने भी किया स्वैच्छिक रक्तदान किया था। संस्था अपने रक्तवीर रंजीव व रिशव ठाकुर पर गर्व करती हैं तथा मानवता के प्रति उनके जज्बे को सलाम व उनके स्वस्थ व लंबे जीवन की कामना करती है।

### पंडित विपिन शर्मा को किया सम्मानित

**जवाली।** अखिल भारतीय सरस्वती ज्योतिष मंच द्वारा जालंधर में आयोजित 71वें राष्ट्रीय तीन दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन में जवाली के ज्योतिषी पंडित विपिन शर्मा को ज्योतिष क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर संस्था के अध्यक्ष पंडित राजीव शर्मा, लाल किताब प्रसिद्ध जीडी वशिष्ठ द्वारा स्मृति चिन्ह, शाल देकर सम्मानित किया गया। पंडित विपिन शर्मा ने इस सम्मेलन में ज्योतिष पर अपने विचार रखे। इस सम्मेलन में 250 से अधिक ज्योतिषियों ने भाग लिया। पंडित विपिन शर्मा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं तथा देश-विदेश में कई नामी हस्तियों से सम्मानित हो चुके हैं।

# सांता क्लॉज बन स्कूल पहुंचे छात्र

## प्रेजेंटेशन पब्लिक स्कूल परिसर में क्रिसमस-डे के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी पठानकोट रोड पर गांव जुगियाल में स्थित प्रेजेंटेशन पब्लिक स्कूल परिसर में क्रिसमस-डे के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इसमें किंडरगार्डन के छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों ने सेंटा क्लाज का रूप धारण करके सभी को आकर्षित किया। बच्चों ने प्रभु यीशू के गीत गाकर नृत्य प्रस्तुत किया।

इस मौके पर स्कूल में विशाल क्रिसमस ट्री और स्नोमैन सजाया गया। बच्चों द्वारा प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित संगीतमगय नाटक भी प्रस्तुत किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल रविंद्र कौर ने बच्चों को बताया कि प्रभु यीशु ने अपने जीवन में मानवता की शिक्षा दी और मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके जीवन से सभी को शिक्षा लेनी चाहिए, शिक्षकों ने भी प्रभु यीशु के जीवन पर विशेष प्रकाश डाला। स्कूल में सांता क्लास बनाकर बच्चों को टॉफियां बांटी गई। स्कूल के एमडी साहब शीतल सिंह बाजवा ने बच्चों को आपस में प्रेम और भाईचारे से रहने का संदेश दिया और सभी को क्रिसमस एवं नव वर्ष की बधाई दी।



प्रेजेंटेशन पब्लिक स्कूल परिसर में क्रिसमस मनाते स्टूडेंट्स।

# सर्जरी ऑपरेशन के लिए जाना जाता है नूरपुर का अस्पताल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

सिविल अस्पताल नूरपुर ने इस वर्ष मरीजों के सर्जिकल प्रबंधन के मामले में जबरदस्त प्रगति की है। हिमाचल प्रदेश के यह कुछ अस्पतालों में से एक है जिसमें मेडिकल कॉलेज स्तर की सर्जरी जैसे ऑर्थोलास्टी, यूरोलॉजी, सिजेरियन सेक्शन आदि के अलावा कूल्हे और घुटने का प्रतिस्थापन, गुर्दे की पथरी को हटाना, स्तन सर्जरी, पित्ताशय को हटाना और विभिन्न आंतों की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए है।

इसके अलावा हृदय, गुर्दे, यकृत रोग वाले चुनौतीपूर्ण रोगियों को यहां कुशलता से संभाला गया है। अस्पताल में तैनात एमएस डॉ. नीरजा गुप्ता की देखरेख में अढ़ाई सौ से अधिक मरीजों की बड़ी सर्जरी हुई है, जिनमे लगभग 40 के करीब घुटना प्रत्यारोपण व कुल्हा प्रत्यारोपण के जटिल सर्जरियां शामिल है। इससे उनका जीवन बेहतर हो गया है। यह सभी सर्जरियां आयुष्मान कार्ड के तहत निशुल्क की गई है। इन मरीजों में चंबा के भरमौर से लेकर जोगिंद्रनगर तक के मरीजों की यहां सफलतापूर्वक सर्जरी हो चुकी है। इस ऑपरेशन थिएटर के डॉक्टरों में डॉ. परवीन (सर्जन), डॉ. पंकज हीर (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ. कार्तिक सैनी (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. रूहानी महाजन (एनेस्थेटिस्ट) और डॉ. रिशु (एनेस्थेटिस्ट) शामिल हैं। इन प्रतिभाशाली डॉक्टरों के अलावा, सर्जिकल नर्सों और ऑपरेशन थिएटर सहायकों की टीम के कुशल प्रशिक्षण के चलते यह कार्य संभव हो पाया है। नूरपुर की सामाजिक संस्थाओं आर्य समाज सभा, महाजन सभा, नूरपुर ब्लड डोनर्स क्लब आदि ने हॉस्पिटल के इन प्रतिभाशाली डॉक्टरों, टीम व हस्पताल प्रशासन का उत्साह बढ़ाया है।

### सीएम ने समस्याओं को दूर करने का दिया आश्वासन

**गरली।** ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा हिमाचल प्रदेश, अनेकों संगठनों का एक बडा दल अपनी जनहित मांगों को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला। इस दौरान अंबेडकर महासभा के प्रदेश जर्नल सैक्टरी सीता राम भाटिया ने बताया कि राज्य अध्यक्ष सुशील बहल व वाल्मीकी महासभा, कबीर महासभा, गुरु रविदास महासभा व अन्य कई समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में वन मित्र की नोटिफिकेशन में रोस्टर लागू करने व वन रक्षकों को प्राथमिकता दी जाए। इसके संबंध में प्रोटेस्ट किया गया। सीता राम भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमारी उपरोक्त जनहित समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना और बहुत जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का एससी, एसटी, ओबीसी का डेलीकेशन मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचेगा। इसके बारे में भी सीएम से बात हो गई है।

### जालग टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मोटिवेशनल फिटनेस क्लब लोअर लंबागांव द्वारा किया गया। इसमें 25 टीमों ने अपनी भाग्यदारी उपस्थित की। लगभग 25 दिन तक चले इस मैच का रविवार फाइनल मैच खेला गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि सुखदेव व राजेश मेहरा साथ में लोअर लंबागांव पंचायत के वार्ड पंच वीरेंद्र लगवाल संदीप चौहान, देशराज थे। इस टूर्नामेंट को प्रायोजित करने में चंद्रभान (साइवी) व अनीश ट्रेडर्स लंबागांव ने अपना पूरा समर्थन दिया। फाइनल मैच मोटिवेशन फिट्नेस क्लब व जालग टीम के बीच हुआ। मोटिवेशन फिट्नेस क्लब टीम ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मोटिवेशन फिटनेस लंबागांव टीम ने पहले खेलते हुए 65 रन का लक्ष्य दिया। जालग टीम ने कोर का पीछा करते हुए आठवें ओवर में 5 विकेट से मैच को जीत लिया। जालग टीम को 11000 रुपए के साथ ट्रॉफी से सम्मानित किया।

### स्टार क्लब ने लिटल स्टार क्लब को हराकर जीता पहला क्रिकेट मैच

**डरोह।** अपर खैरा में ब्रदर्स क्लब के सौजन्य से पांचवें आठ दिवसीय स्वर्गीय उमेश मेहरा एवं मोनू वालिया की याद में रविवार को सुपर सिक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया, जिसमें आज के मुख्यातिथि मोनू वालिया के पिता अशोक वालिया थे। उन्होंने कहा कि खेल कोई भी हो भाईचारा सिखाते हैं और नशे से दूर रखते हैं। इससे शरीर तंदुरुस्त तो रहता ही है साथ ही मनोरंजन भी खूब होता है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट 24 से 31 दिसंबर तक चलेगो। इसमें विजेता टीम को 15,000 रुपए, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह इनाम के रूप में दिए जाएंगे। उपविजेता टीम को 7,100 रुपए, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। इस टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही हैं। आज 5 मैच खेले गए। पहला मैच लिटिल स्टार व स्टार क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें स्टार क्लब विजयी रहा। दूसरा मैच भौरा व खैरा के बीच खेला गया जिसमें भौरा क्लब विजयी रहा।



बैजनाथ। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने ग्राम पंचायत पंजाला में स्व. मंगत राम मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान अंजु देवी, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष रजनीश राधे, उपप्रधान मंडेढ़ अरिंदम ठाकुर व प्रतियोगिता आयोजक अंकुश कुमार व अन्य साथियों ने शाल व टोपी देकर सम्मानित किया। इसके साथ रविंद्र बिट्टू ने युवाओं को अपनी ओर से 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भेंट की।

# बीटीसी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने निहारा नूरपुर थाना

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर के बीटीसी कन्या स्कूल में रविवार को एनएसएस कैंप के चौथे दिन बच्चों ने नूरपुर पुलिस स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान भूषण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे तथा बच्चों को सह थाना प्रभारी अशोक ठाकुर तथा हेड कांस्टेबल विजय कुमार ने पुलिस कार्य प्रणाली, एफआईआर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां बच्चों के साथ साझा की। सह थाना प्रभारी नूरपुर अशोक ठाकुर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रही है।

उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि नशे से दूर रहें तथा अगर कोई बच्चा इसकी चपेट में आता है तो उसकी जानकारी उसके माता-पिता तथा हमें दें, ताकि समय रहते उसको बचाया जा सके। यातायात नियमों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे व्हीकल्स न चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखते हुए हेल्मेट तथा सीट बेल्ट का हमेशा प्रयोग करें। ऑनलाइन ठगी पर बात करते हुए हेड कांस्टेबल विजय कुमार ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि आजकल ऑनलाइन ठगी का प्रचलन काफी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आनलाइन लॉटरी, किसी प्रकार की ओटीपी या किसी भी प्रकार के लिंक को एक्सेप्ट न करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो हेल्पलाइन नंबर 1055 पर तुरंत संपर्क करें। बहरहाल, नूरपुर के बीटीसी कन्या स्कूल में रविवार को एनएसएस कैंप के चौथे दिन बच्चों ने नूरपुर पुलिस स्टेशन का दौर कर पुलिस की कार्यप्रणाली के बारें में जाना।

# क्रिसमस और न्यू ईयर के त्योहार के चलते चमकने लगा होटल कारोबार

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**



सर्दियों के साथ ठंडे पड़ चुके धर्मशाला टूरिज्म सर्किल के पर्यटन कारोबार में क्रिसमस तथा नव वर्ष जैसे उत्सवों के चलते तेजी आई है। हालांकि होटल व्यवसायियों की मानें तो इन दोनों बड़े सेलिब्रेशन के दौरान धर्मशाला में होटल में ऑक्यूपेंसी 50 प्रतिशत से ऊपर नहीं जाती।

हालांकि लोगों की संख्या देखते हुए नव वर्ष तक ऑक्यूपेंसी के बढ़ने की भी संभावना दिख रही है। क्रिसमस तथा नव वर्ष जैसे सेलिब्रेशन को लेकर भागसू, मैक्लोडगंज तथा धर्मशाला आदि में 35 से 50 प्रतिशत तक कमरे बुक हैं। इसके अलावा 31 दिसंबर को शनिवार होने के कारण वीकेंड को लेकर भी यहां काफी संख्या में सैलानी पहुंच सकते हैं। इस संदर्भ में जब होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्विनी बाम्बा से संपर्क साधा गया तो उन्होंने बताया कि इस समय होटलों में 40 से 45 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी चल रही है तो वहीं नव वर्ष के दौरान वीकेंड होने के चलते लगभग 50 फीसदी ऑक्यूपेंसी रहने की उम्मीद है। वहीं, पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में क्रिसमस को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के मैक्लोडगंज स्थित सेंट जॉन का चर्च को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। ईसाई समुदाय के सबसे बड़े पर्व प्रभु यीशु के जन्मदिन की तैयारियां तेज हो गई हैं। धर्मशाला से लेकर पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज और कोतवाली बाजार में चहल-पहल शुरू हो गई है। क्रिसमस को लेकर केवल लोगों में ही नहीं बल्कि बाजार में भी काफी उत्साह है। इसे लेकर व्यापारी जोर-शोर से तैयारी में जुट गए हैं। क्रिसमस ट्री, प्रभु यीशु के जन्म की आकर्षक तस्वीरें, ग्रीटिंग काड्र्स बेचे जा रहे हैं। रेड और व्हाइट ड्रेस के अलावा सुनहरे ड्रेस में भी सांता क्लाज के टाप हैं।

वहीं, क्रिसमस तथा नव वर्ष को देखते हुए पुलिस ने भी अतिरिक्त तैनाती की है। यहां पर करीब 70 से 100 पुलिस कर्मियों को फेस्टिवल सीजन के दौरान तैनात किया जा सकता है।

**सम्मान** भेड़ पालकों को फौरी राहत उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री का किया आभार प्रकट

# गद्दी समुदाय ने सीएम सुक्खू को भेंट की शॉल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

बरसात में लाहुल स्पिति में फंसे गद्दी (भेड़ पालकों) को फौरी राहत उपलब्ध करवाने के लिए पार्टी के अनुसूचित जाति सेल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आभार प्रकट किया है। मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा, आशीष बुटेल की अगुआई में पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के गद्दी समुदाय के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार शाम को विधानसभा परिसर तपोवन में मुख्यमंत्री से भेंट की।

इस वर्ष बरसात में चंद्रताल झील और स्पिति घाटी में अचानक बर्फ बारी के कारण पालमपुर क्षेत्र के दर्जनों भेड़ पालक मवेशियों के साथ फंस गए थे। उस समय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गद्दी समुदाय के लोगों के दर्द को समझते हुए कुछ घंटों के बीच में ही हवाई सुविधा के साथ सभी तरह से मदद एवं राहत उपलब्ध करवाई थी। इस दौरान उन्हें जो पशुधन का नुकसान हुआ था। उसकी राशि भी लगभग दोगुना कर उसे नुकसान की भरपाई की गई थी।

यह राशि भी लगभग सभी को प्राप्त हो चुकी है। गद्दी समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री को एक भेड़ की उन से बनी हुई शॉल भेंट कर मुख्यमंत्री के साथ-साथ मुख्य संसदीय सचिव आशीष पटेल का आभार प्रकट किया। समुदाय के लोगों ने भविष्य में भी सरकार से समुदाय विशेष का ध्यान रखने का आग्रह किया। इस मौके पर एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओंकार दामन, उपाध्यक्ष संतोष कपूर, वरिष्ठ सलाहकार टीआर कपूर, दीप कुमार, प्यार चंद भट्ट, प्रताप कपूर, दीप कपूर, अशोक कपूर, कुलदीप कुमार, मिलाप भट्ट, बालक राम, दीप कपूर, रवि कपूर, सूबेदार राजकुमार, गुलशन कपूर, सुनील कपूर, नीरज, संगीता और रितु देवी इत्यादि उपस्थित रहे।



आशीष बुटेल की अगुआई में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट करते हुए गद्दी समुदाय के लोग।

# कर्ज के बोझ तले दब रहा हिमाचल प्रदेश

**हिमाचल** प्रदेश लगातार कर्ज के बोझ तले दब रहा है। प्रदेश इस समय कुल 81,045 करोड़ रुपए के कर्ज में डूबा है। धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट रखी तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। सीएम सुक्खू ने विधानसभा में प्रदेश के हालात बयां करते हुए कहा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे हिमाचल की केंद्र भी कोई मदद नहीं कर रहा है। सीएम सुक्खू की इस बात में दम है कि जबसे हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से हिमाचल के साथ भेदभाव हो रहा है। कहीं न कहीं इसमें राजनीति हावी होती दिख रही है। पीएम मोदी भला हिमाचल की मदद क्यों करें? यह सवाल आमजन के मन में कौंधता रहता है।

नकदी की कमी से जूझ रही हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 2022–23 में अपनी विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए 12,912 करोड़ रुपए का कर्ज ले रखा है। कैग रिपोर्ट के अनुसार, 1 अप्रैल 2022 को कुल कर्ज 68,133.72 करोड़ रुपए था। वर्तमान सरकार ने हिमाचल में पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस लागू कर रखी है। ऐसे में जब प्रदेश सरकार कर्ज से जूझ रही है तो वह कर्मचारियों को ओपीएस कैसे देगी? ओपीएस देने के लिए सरकार को करोड़ों रुपए का इंतजाम करना होगा। हिमाचल प्रदेश सरकार के करीब 1 लाख 18 हजार कर्मचारियों ने ओल्ड पेंशन स्कीम का विकल्प चुना है, जबकि 346 कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली यानी एनपीएस में ही रहने की इच्छा जाहिर की है। सरकार अपने स्तर पर कर और गैर–कर राजस्व को बढ़ाने के प्रयास कर रही है। सरकार ने नए आवंटन के माध्यम से खुदरा शराब की दुकानों के आवंटन के लिए जीएसटी राजस्व संवर्धन और क्षमता निर्माण परियोजना संशोधित उत्पाद शुल्क नीति लागू की है। सरकार राज्य के राजकोषीय घाटे से उबरने के लिए राज्य के स्वयं के राजस्व को बढ़ाने के प्रयासों के अलावा, अपने राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए अनुत्पादक व्यय में कटौती करेगी। इसके अलावा सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों, ई–ऑफिस की ओर रुख करने का प्रयास कर रही है और बिना बजटीय प्रावधानों के खोले गए संस्थानों को भी तर्कसंगत बना रही है। केंद्र सरकार ने 360.80 करोड़ रुपए की धनराशि बेशक जारी की है, लेकिन कोई अतिरिक्त मदद नहीं की। राज्य सरकार ने बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण और बहाली के लिए विशेष राहत पैकेज अधिसूचित किया है। मानसून की बारिश के दौरान बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के कारण हिमाचल को 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। वाटर सेस से हिमाचल अच्छी खासी कमाई करने लग पड़ा था, लेकिन 2,000 करोड़ की सालाना आमदनी पर केंद्र सरकार ने अचानक रोड़ा डाल दिया। दरअसल, केंद्र ने हिमाचल व अन्य राज्यों को सलाह दी है कि वह बिजली परियोजनाओं से किसी भी तरह की टैक्स ड्यूटी और सेस लेना तुरंत बंद करें। इससे हिमाचल के हितों को करारा झटका लगा है।

# दूसरों के दुख से अनजान, क्यों पत्थर हो रहे इंसान?

यह भी सच है कि हमारी आत्मा के दर्पण पर भी आज इतनी धूल जम चुकी है कि वह भी हमें हमारा सही चेहरा दिखा पाने में शायद असफल हो जाए। गांवों, कस्बों की स्थिति तो फिर भी बेहतर कही जा सकती है कि यहां ज्यादा न सही, थोड़ी बहुत चिंता तो आस-पड़ोस की या परिचितों की रहती है। शहरों की हालत का जायजा लें तो स्थिति बिलकुल अलग नजर आती है। सामने वाले फ्लैट में कौन रहता है यह भी खबर नहीं होती तो भला संकट की घड़ी या मुश्किल वक्त में कौन किसका सहारा बन सकता है? कोई भला मानस मेल-जोल बढ़ाने का प्रयास करे भी तो शक के दायरे में आ जाता है। यहां एक घटना मुझे याद आ रही है। दिल्ली में एक बार मैं अपने किसी परिचित के यहां ठहरी हुई थी। रसोई में प्लेट मिठाइयों और सेवइयों से भरी रखी थी, जितने दिन मैं वहां रही वह प्लेट वैसे ही पड़ी रही। जिस दिन मुझे लौटना था, हिम्मत करके मैंने पूछ ही लिया कि भई ये प्लेट ऐसे ही कई दिनों से पड़ी है, आपने खाया क्यों नहीं? जवाब मिला कि सामने वालों ने दी है, न जाने उसमें क्या हो। यह तो हालत है हमारे विश्वास और डर की है। गंभीरता से अगर विचार करें तो सवाल उठता है कि क्या यही जीवन है? क्या इस जीवन को इसी तरह डर, भय और अजनबीपन में बिता देने में ही सार्थकता है? किसी से भी सवाल करें, तो यही जवाब मिलता है, किसी का विश्वास कैसे करें? जमाना ही खराब है। सवाल फिर उठता है।



लेखक
सरिता मलिक
(साहित्यकार एवं समीक्षक)
चंडीगढ़

**संवेदनशीलता** अपने–आप में एक गुण है। कोई इतना अधिक संवेदनशील होता है कि गलती से अगर किसी चींटी पर भी उसका पांव पड़ जाए, तो उनका मन कराह उठता है और कोई इतना असंवेदनशील होता है कि वह किसी की हत्या भी कर दे, तो उसे कोई अफसोस नहीं होता। पहले जब अखबार में आतंकवादियों की किसी व्यक्ति की हत्या की खबर खबर पढ़ते थे, तो दिल कांप उठता था और हर सुबह अखबार हाथ में लेते ही कई आशंकाएं जन्म ले लेती थीं, वहीं आज आलम ये है कि बड़ी से बड़ी दुर्घटनाएं भी हमें पलभर से अधिक समय के लिए झकझोर नहीं पातीं। आज हमारे दैनिक जीवन में ही कई ऐसे उदाहरण देखने को मिल जाते हैं कि मन एक साथ कई सवाल कर बैठता है और सोचने पर मजबूर हो जाता है कि क्या हम वास्तव में इंसान कहलाने लायक रह भी गए हैं या नहीं! हम जीवन जी रहे हैं या पशुओं के समान दिन ही गुजार रहे हैं? पिछले दिनों एक सज्जन को बस अड्डे पर एक बच्चे के कुछ मांगने पर बुरी तरह झिड़कते हुए देखा।

न जाने कितनी ही बातें उन्होंने उसे सुना डालीं, लेकिन सफर के दौरान मैंने देखा कि वही सज्जन बड़े शौक से बस की खिड़की से बंदरों को चने और ब्रैड फेंक रहे थे। पलभर को उस मासूम गरीब बच्चे का चेहरा आंखों के आगे घूम गया, जिसके तन पर न पूरे कपड़े थे न पैरों में चप्पल और चेहरा जैसे भूख से कुम्हलाया हुआ था। मन सोचने लगा कि क्या ये बंदर उस मानव के बच्चे से श्रेष्ठ हैं, जो केवल थोड़ी सी मदद के लिए उस शख्स के आगे मिन्नतें कर रहा था? हम लोग अपने शौक के लिए कितनी भी बड़ी रकम खर्च करने में जरा भी संकोच नहीं करते, लेकिन किसी की मदद करने के लिए हमारा हाथ उठने में संकोच क्यों करता हैं?


माना कि सभी एक जैसे नहीं हैं, अभी भी हमारे समाज में बहुत से संवेदनशील मनुष्य मौजूद हैं, लेकिन यह बात है आम धारणा की सामान्य जनमानस की सोच पर निर्भर है, जो सलाहें देना तो जानती हैं, मगर किसी की मदद के लिए हाथ आगे नहीं बढ़ाते हैं। आज सड़क पर कोई दुर्घटना का शिकार हो जाए, तो हम रास्ता ही बदल लेते हैं। इस डर से कि कहीं हम पुलिस के झमेले में या अन्य किसी परेशानी में न फंस जाएं। ऐसे में कई बार जिस दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति के बचने की संभावना होती भी है। वह भी समय पर चिकित्सा न मिल पाने के अभाव में दम तोड़ देता है। सोचने वाली बात यह है कि अगर हमारा कोई अपना इस तरह जख्मी हालत में सड़क पर पड़ा हो, तो भी क्या हम यूं ही मुंह मोड़कर जा सकते हैं? 'वसुधैव कुटुम्बकम' जैसे सिद्धांतों की बातें तो हम करते हैं, लेकिन अपने स्वयं के जीवन में उन्हें कितना उतारते हैं। इस बात का विश्लेषण अगर हम स्वयं अपनी आत्मा में झांककर करें, तो बेहतर और सही जबाब मिलेगे।



यह भी सच है कि हमारी आत्मा के दर्पण पर भी आज इतनी धूल जम चुकी है कि वह भी हमें हमारा सही चेहरा दिखा पाने में शायद असफल हो जाए। गांवों, कस्बों की स्थिति तो फिर भी बेहतर कही जा सकती है कि यहां ज्यादा न सही, थोड़ी बहुत चिंता तो आस–पड़ोस की या परिचितों की रहती है। शहरों की हालत का जायजा लें, तो स्थिति बिलकुल अलग नजर आती है। सामने वाले फ्लैट में कौन रहता है यह भी खबर नहीं होती, तो भला संकट की घड़ी या मुश्किल वक्त में कौन किसका सहारा बन सकता है? कोई भला मानस मेल–जोल बढ़ाने का प्रयास करे भी, तो शक के दायरे में आ जाता है। यहां एक घटना मुझे याद आ रही है। दिल्ली में एक बार मैं अपने किसी परिचित के यहां ठहरी हुई थी। रसोई में प्लेट मिठाइयों और सेवइयों से भरी रखी थी। जितने दिन मैं वहां रही, वो प्लेट वैसे ही पड़ी रही। जिस दिन मुझे लौटना था, हिम्मत करके मैने पूछ ही लिया कि भई ये प्लेट ऐसे ही कई दिनों से पड़ी है, आपने इसे खाया क्यों नहीं? जवाब मिला कि सामने वालों ने दी है, न जाने उसमें क्या हो। यह तो हालत है हमारे विश्वास और डर की है। गंभीरता से अगर विचार करें, तो सवाल उठता है कि क्या यही जीवन है? क्या इस जीवन को इसी तरह डर, भय और अजनबीपन में बिता देने में ही सार्थकता है? किसी से भी सवाल करें, तो यही जवाब मिलता है, किसी का विश्वास कैसे करें? जमाना ही खराब है। सवाल फिर उठता है।

जमाने की सोच का रुख बदलने या खराब करने में क्या हमारी भूमिका नहीं? जो कुछ बिगड़ा है, क्या उसके लिए हम ही जिम्मेदार नहीं हैं? हम आसानी से दूसरों पर इल्जाम लगा देते हैं और सुधार की किसी गुंजाइश की अपेक्षा भी हम दूसरों से ही करते हैं? क्या हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं? नैतिक या सामाजिक कोई दायित्व नहीं? वक्त बदलने के साथ विचार बदलते हैं, मान्यताएं बदलती हैं, रिवाज बदलते हैं, लेकिन जीवन मूल्य जैसे सत्य, ईमानदारी, अहिंसा, दया, करुणा और प्रेम शाश्वत हैं। इन्हें वक्त के साथ तोड़ा–मरोड़ा नहीं जा सकता है। चीजों का रूप बदला जा सकता है, भावों का नहीं। ये तो महसूस किए जाते हैं, ठीक उसी तरह जिस तरह भूख और प्यास जैसी आवश्यकताएं महसूस की जाती हैं। जीवन मूल्यों को अपने जीवन में दूर करके हम केवल अपना नुकसान कर रहे हैं। वक्त है सोच पर जमी धूल को हटाने का और अपने मन को फिर साफ–सुथरा बनाने का, जहां हर चीज के सही या गलत पहलू का निर्णय हम ईमान से कर सकें। हर गम या खुशी की परछाई साफ देख सकें। चाहे वो अपना हो या पराया, क्योंकि जब इंसान का मन दर्पण हो जाता है, तो फिर वह उस आईने में अपने चेहरे की कमियां देखकर मिटाने का प्रयास अवश्य करता है। खुशी देने से खुशी मिलती है, इसमें कोई शक नहीं। मनुष्य जीवन सृष्टिकर्ता की अनमोल रचना है, इसे यूं ही संवेदनहीन होकर जीने की बजाय क्यों न संवेदनशील होकर जिया जाए, जिसमें प्राणी मात्र के लिए प्रेम हो जहां अपनी खुशी दूसरों के होंठों पर सजी मुस्कुराहट में झलकती हो और जहां दूसरों के दर्द की टीस भी अपने दिल में उठती हुई महसूस होती हो।

## बोलता है कैमरा...



नॉर्थ इंडिया की पहली एक्रो पैराग्लाइडिंग साइट बंदलाधार, बिलासपुर में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते पाठक और नीचे बिलासपुर शहर का खूबसूरत नजारा...

## प्रेरक कथा



## संदेह पर पछतावा

**एक** लड़का और लड़की हमेशा एक साथ ही खेलते थे। एक दिन लड़की ने अपने पास कुछ मिठाई रखी थी और लड़के पास कुछ खिलौने थे। लड़के ने लड़की से कहा,'क्या तुम मुझे अपनी सारी मिठाई दे सकती हो। इसके बदले मैं तुम्हें अपने सारे खिलौने दे दूंगा।' लड़की इस बात के लिए राजी हो गई और अपनी सारी मिठाई उस लड़के को दे दी। लड़के ने भी सारे खिलौने उस लड़की को दे दिए, बस एक सुंदर सा खिलौना अपने पास चुपके से रख लिया। लड़की खिलौने पाके खुश हो गई और अपने घर चली गई। लड़का भी मिठाई पाकर खुश हुआ वो भी अपने घर आ गया। लड़की रात को आराम से सो गई, पर लड़के को रात भर नींद नहीं आई, क्योंकि वह रात भर यह सोच के परेशान हो रहा था कि क्या लड़की ने भी कुछ स्वादिष्ट मिठाई उससे छुपा ली होगी। जिस तरह उसने अपना सबसे अच्छा खिलौना छुपाया है। इसी तरह अगर आप किसी के साथ गलत करते हैं, तो आपको चिंता बनी रहती है कि वो भी हमारे साथ गलत करेगा, इसलिए हमें हमेसा किसी के साथ गलत नहीं करना चाहिए।

# अलौकिक सौंदर्य व अटूट आस्था की तपोस्थली पराशर

**हिमाचल** प्रदेश देवी–देवताओं, ऋषि–मनिषियों, ज्ञानी–संतों की पावन धरती रही है। इन्होंने अपने तप, त्याग, ज्ञान से कई स्थानों को मानो पवित्रता का अमृत प्रदान किया हो। हिमाचल का ऐसा कोई कोना नहीं है जो अपने ऐतिहासिक, प्राकृतिक सौंदर्य, आस्था व रोचकता के लिए प्रसिद्ध न हो। जगह जगह पर अनेक ऐसे स्थान है जो स्वयं में अपनी एक अलग विशेषता तथा विलक्षण पहचान समाएं हुए हैं। शायद इसी के परिणामस्वरूप वैश्विक मानचित्र पर हिमाचल प्रदेश की पहचान परंपरागत जीवन शैली, समृद्ध गौरवशाली संस्कृति व ऐतिहासिक देव परंपरा के रूप में है।

हिमाचल अपने आंचल में अनेक रहस्य आस्था के केंद्र व अलौकिक सौंदर्य से परिपूर्ण दृश्य समाए हुए है, जिनकी अपने आप में कुछ न कुछ कहानी व गाथाएं स्थानीय व प्रदेशों तक प्रचलित हैं, जिनको सुनकर लोग अपने कदम हिमाचल की ओर आने से रोक नही पाते हैं और इन अलौकिक स्थलों का दीदार करने खिंचे चले आते हैं। हिमाचल तो वैसे भी देव संस्कृति के लिए जाना जाता है। जहां कहीं न कहीं देव शक्ति के दर्शन हमें करने को मिल ही जाते हैं। इस श्रेणी में ऐसा ही एक पवित्र व रमणीय स्थल जिला मंडी में स्थित ऋषि पराशर जी की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध पराशर झील जो मंडी से 49 किलोमीटर दूर उत्तर में 2730 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। पराशर झील, घने जंगल और धौलाधर के बर्फ ढके पर्वतों के मनोरम दृश्य के लिए जाना जाता है। पराशर झील, जिसमें लगभग 300 मीटर की परिधि है। इसमें एक तैरता द्वीप है, इसका स्वच्छ पानी इस सुंदर स्थान के आकर्षण में जोड़ता है। परंपरागत रूप से ऐसा माना जाता है कि ऋषि पराशर ने इस झील के किनारे तपस्या की थी, इसलिए इसका नाम पराशर झील रखा गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भीम, पांडव भाइयों में से एक ने इस झील का निर्माण किया था। कुरुक्षेत्र/महाभारत युद्ध के बाद पांडव भगवान कमरूनाग के साथ लौट रहे थे। जब वे इस स्थान पर पहुंचे, तो कमरूनाग जी को शांत वातावरण पसंद आया और उन्होंने हमेशा यहीं रहने का फैसला किया। भीम ने एक पहाड़ पर अपनी कोहनी मारी और जमीन में बड़ा गड्ढा कर दिया। यह गड्ढा पराशर झील बन गया। ऐसा माना जाता है कि पानी निकला और झील का आकार लिया। ऋषि पराशर मंडी क्षेत्र के संरक्षक देवता को समर्पित एक प्राचीन पैगोडा शैली मंदिर, झील के अलावा खड़ा है। 13–14वीं शताब्दी में राजा बाण सेन द्वारा मंदिर का निर्माण किया गया, जिसमें ऋषि पिंडी पत्थर के रूप में मौजूद हैं। यह भी कहा जाता है कि पूरा मंदिर एकल देवदार पेड़ का उपयोग करके बनाया गया था। मंदिर निर्माण को पूरा करने में 12 साल लग गए थे। इस स्थान पर सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र झील में एक गतिमान टापू है जो कि पानी में तैरता रहता है और दिन के पहर के अनुसार दिशा बदलता है।



लेखक
ठाकुर दीक्षित धलारिया
संधोल, जिला : मंडी।

हिमाचल तो वैसे भी देव संस्कृति के लिए जाना जाता है। जहां कहीं न कहीं देव शक्ति के दर्शन हमें करने को मिल ही जाते हैं। इस श्रेणी में ऐसा ही एक पवित्र व रमणीय स्थल जिला मंडी में स्थित ऋषि पराशर जी की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध पराशर झील जो मंडी से 49 किलोमीटर दूर उत्तर में 2730 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। पराशर झील, घने जंगल और धौलाधर के बर्फ ढके पर्वतों के मनोरम दृश्य के लिए जाना जाता है। पराशर झील, जिसमें लगभग 300 मीटर की परिधि है।



लेखक
जितेंद्र कुमार सेठी
द्रंग, जिलाः मंडी।

मान्यता है कि जिस दिन यह डूबेगा, संसार का अंत होगा। यही नहीं लगभग 9000 फीट पर स्थित इस झील का पानी ठहरता नहीं है। इस ऊंचाई पर यह पानी कहां से आता है और कहां जाता है, इस बारे मे आज तक कोई जान नहीं पाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार आज तक इस झील की गहराई भी कोई नहीं जान पाया है। एक राजा ने रस्सियों के माध्यम से मापने का प्रयास किया था मगर असफल रहा और देवता से क्षमा याचना कर ली। उसके बाद भी एक विदेशी गोताखोर ने इसमें डुबकी लगाई थी मगर तल तक पहुंच नहीं पाया और परिणामस्वरूप मंदिर कमेटी ने गहराई मापने पर प्रतिबंध लगा दिया और आजतक इसकी गहराई ज्ञात नहीं की जा सकी है। कहा जाता है कि वर्तमान में जिस स्थान पर मंदिर है वहां ऋषि पराशर ने तपस्या की थी। पराशर ऋषि मुनि शक्ति के पुत्र और वशिष्ठ के पौत्र थे। मंदिर के पूजा कक्ष में ऋषि पराशर की पिंडी, विष्णु–शिव और महिषासुर मर्दिनी की पत्थर निर्मित प्रतिमाएं हैं। झील के चारों ओर घूमने से आसपास का रहस्यमय अनुभव मिलता है। पराशर की यात्रा आध्यात्मिक यात्रा का एकदम सही मिश्रण है और शांत और सुंदर हिमालय पहाड़ों में खोज रही है। कई शिविर स्थल भी यहां स्थित हैं और यह कई आसान और कठिन ट्रेक के लिए आधार है। मंडी और अन्य आस–पास के जिलों के लोग पराशर ऋषि की पूजा के लिए इस जगह पर आते हैं और मानते हैं कि उनकी इच्छा ऋषि के आशीर्वाद से पूरी की जाएगी।

# व्यस्तता ने छीन लिए खून के रिश्ते, रिश्तों को बचाना होगा

**बेशक** प्रत्येक मानव के पास चौबीस घंटे होते हैं लेकिन कौन मानव उनका कितना सदुपयोग करता है या दुरुपयोग करता है यह उस पर निर्भर है। आभासी दुनिया ने सबको व्यस्त कर दिया है समय का दुरुपयोग करने वालों को इससे कोई सरोकार नहीं होता लेकिन जो समय का सदुपयोग करता है, उसे समय की कीमत पता होती है कि एक एक मिनट की कितनी वैल्यू है।

वर्तमान परिवेश में मानव की अनावश्यक व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि 24 घंटे भी कम होने लगे हैं। व्यस्तता ही व्यस्तता हो गई है। किसी के लिए एक मिनट का समय नहीं है। व्यस्तता ने कई खून के रिश्ते छीन लिए हैं। रिश्तों को बचाना होगा। आज लोगों के पास सही कार्यों के लिए वक्त नहीं है जबकि फालतू कार्यों के लिए समय कम पड़ रहा है। इंसान इंटरनेट की नाटी में नाच रहा है। दूसरों को इग्नोर कर रहा है। मतलब हो तो समय ही समय है, अगर मतलब नहीं है तो एक मिनट का समय नहीं है। आज लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि खाना खाने का समय नहीं हैं। एक समय था कि सबको समय दिया जाता था लेकिन अब तो लोगों के पास एक मिनट का समय नहीं होता है। गैरों के लिए समय ही समय होता है लेकिन अपनों को इग्नोर किया जाता है, यह ट्रेंड बढ़ता ही जा रहा है। कुछ लोग तो इंटरनेट को ही सब कुछ मानते हैं। पड़ोसी को भी इंटरनेट पर ही सर्च करते हैं। आस पड़ोस का पता नहीं है लेकिन दोस्त विदेशों में है। पड़ोसी के लिए एक मिनट का समय नहीं होता लेकिन अजनबी से घंटों बातचीत होती है। आज लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि समय कम पड़ने लगा है। अपनों के लिए समय ही नहीं होता। फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम पर अजनबी लोगों को पैसा दे रहे हैं और ठगे जा रहे हैं । अपनों को एक रुपया देने से भी परहेज करते हैं, पैसा देने से पहले हजारों बार सोचेंगे। खून के रिश्तों में बिखराव एक त्रासदी है, रिश्तों को बचाना चाहिए। मुश्किल व मुसीबत में अपने ही काम आते हैं आभासी दुनिया के लोग तमाशा देखते हैं। आभासी दुनिया नहीं थी, तब रिश्तों में मिठास होती थी लेकिन अब लोग आभासी दुनिया को ही सब कुछ मान बैठे हैं। क्या खाया एक सेकंड में व्हाट्सऐप व फेसबुक पर स्टेटस डाला जाता है। पहले यह सब नहीं था तो रिश्ते मजबूत थे। एक दूसरे के दुख दर्द में साथ देते थे लेकिन आज औपचारिकता ही निभा रहे हैं। रिश्तों में औपचारिकता नहीं होती, सच्चे मन से साथ देना चाहिए ताकि रिश्ते कभी न टूट पाएं और सदैव बने रहें। अक्सर देखा गया है कि आज लोग बाहरी व विदेशी लोगों से मित्रता करना बड़ी शान समझते हैं लेकिन जब लुट जाते हैं, तब होश ठिकाने आते हैं। अपना खून अपना ही होता है, अपनों को समय दीजिये, अपनों को नाराज मत कीजिये। आभासी दुनिया चार दिन ही चलती है जबकि रिश्ते ताउम्र चलते हैं। अपनों का साथ दीजिये, उनका सहयोग कीजिये, तभी रिश्ते बच सकते हैं रिश्तों को तोड़ना आसान है जोड़ना बहुत ही मुश्किल होता है।




ब्लॉगर

लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार, मंडी मो : 94590 47744

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## आपका पत्र



**सरकारी** स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है, जबकि प्राइवेट स्कूल में अंग्रेजी बोलने पर फोकस किया जाता है। प्राइवेट स्कूलों में आपको जेंटलमैन बनना सिखाया जाता है, जबकि सरकारी स्कूल में आपको इंसान बनना सिखाया जाता है। प्राइवेट स्कूल के बच्चों को हिंदी में गिनती के अक्षर समझ नहीं आते, जैसे कि अगर आप उनको अपना मोबाइल नंबर हिंदी में बताते हो तो उनको समझ नहीं आता, जबकि सरकारी स्कूल के बच्चे हिंदी और अंग्रेजी दोनों में इनको समझ सकते हैं। अंग्रेजी की वजह से ही लोग प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चे को दाखिल करना पसंद करते हैं, क्योंकि अंग्रेजी हमारे देश में एक स्टेटस सिंबल है। जो पहली से लेकर 12वीं तक अंग्रेजी स्कूल में पढ़े हैं, उनको भी अंग्रेजी कोई अच्छी समझ नहीं आती, वे लगभग सरकारी स्कूल के बच्चों की तरह ही हैं। प्राइवेट स्कूल में रट्टा मार प्रणाली पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, ताकि बच्चों के परीक्षा में अच्छे अंक आ सकें और स्कूल का नाम रोशन हो सके। सरकारी स्कूल में भी अध्यापक बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा रुचि लेने लगे हैं, क्योंकि खराब रिजल्ट आने पर उनकी एनुअल इंक्रीमेंट तक डाउन कर दी जाती है। इसलिए अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने से परहेज न करें।

–मोहित, पालमपुर

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## बधाइयां



कांगड़ा से अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित हुआ है। दिल की गहराइयों से अनंत ज्ञान परिवार को बधाई।

**-दिलदार अली, पूर्व हज कमेटी चेयरमैन।**



अनंत ज्ञान परिवार को दैनिक समाचार पत्र निकालने पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**यशवंत खन्ना, कांग्रेस वरिष्ठ नेता, विस क्षेत्र चुराह।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-रिहान डार, डार टूर एंड ट्रेवल।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

**-जय सिंह , भाजपा प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता, चंबा।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



चंबा जिला मुख्यालय में वरिष्ठ पत्रकार बीके पराशर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



वंदना कला मंच चंबा के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र से प्रेस क्लब चंबा के पदाधिकारियों को अवगत करवाते ब्यूरो चीफ एमएम डैनियल।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते विकेश शर्मा।



चंबा मुख्यालय स्थित पार्क में फुर्सत के पल में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हिमाचल प्रदेश पुलिस के एचएचसी इबरार मिर्जा।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते शिव शक्ति टैक्सी यूनियन चंबा के प्रधान राकेश चौहान व उनके सहयोगी चालक।

# चार साल में नहीं बना कॉलेज का भवन

## भरमौर महाविद्यालय का मामला, अलग-अलग जगह कमरों में लगाई जा रही हैं कक्षाएं

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर का डिग्री कॉलेज अपने आप में अनोखा कॉलेज बन गया है, जहां पर पिछले तीन सालों से बच्चों की पढ़ाई अलग-अलग जगह प्राइवेट कमरों में हो रही है। यहां पर कॉलेज के बच्चों को पढ़ने के लिए कभी गर्ल्स स्कूल के कमरे दिए जा रहे हैं तो कभी डीएवी स्कूल की बिल्डिंग में कमरा मुहैया करवाया जा रहा है। भवन के लिए दर्जनों धरने-प्रदर्शन व ज्ञापन अभी तक प्रशासन व सरकार को दिए जा चुके हैं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

यहां के स्थानीय विधायक भी शिक्षा की प्रणाली को लेकर कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर चुके हैं, लेकिन उनकी गृह पंचायत में ही कॉलेज के बच्चे पिछले कई सालों से इन हालात में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लाखों रुपए के बजट से बनने वाला भवन पिछले चार-पांच साल से पूरा ही नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार इस कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ था, लेकिन लगभग चार वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। लिहाजा बच्चों को गर्ल्स स्कूल, डीएवी स्कूल व साडा कांप्लेक्स के कमरों में पढ़ाया जा रहा है। यहां पढ़ाई कर रहे कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई के लिए ही दर-दर भटकना पड़ रहा है कॉलेज के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए यहां पर पिछले तीन-चार साल से लाइब्रेरी भी नसीब नहीं हो पा रही है। पिछले करीब एक साल से जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी भी इस कॉलेज के निर्माण को तुरंत करवाने को लेकर गंभीर देखे हैं। जगत सिंह नेगी के पीएसी की



पिछले चार साल से निर्माणाधीन भरमौर डिग्री कॉलेज की बिल्डिंग।

बैठक के दौरान भरमौर में कई बार कॉलेज के बच्चों द्वारा उन्हें इस मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए हैं। लिहाजा उन्होंने भी जल्द से जल्द इस बिल्डिंग के भवन को पूरा करने के आदेश संबंधित विभागों को दिए हैं। भरमौर डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल स्वरूप कुमार ने कहा है कि पिछले तीन-चार सालों से जब से नए कॉलेज की बिल्डिंग का काम शुरू है बच्चों को पढ़ने के लिए गर्ल्स स्कूल, साडा परिसर और डीएवी स्कूल में कमरे लिए गए हैं। कमरों के अभाव के कारण लाइब्रेरी व स्टाफ रूम एक ही ऑफिस में चलाया जा रहा है। उन्होंने माना है कि इससे बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानियां आ रही है। उम्मीद है कि अगले वर्ष तक कॉलेज के नए भवन में बच्चों की कक्षाएं शुरू हो जाएगी। सरकार और प्रशासन भी गंभीर है और जल्द से जल्द इस कॉलेज के भवन निर्माण को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। (अंनत ज्ञान)

**छात्रों को पेश आ रही समस्याएं, लाइब्रेरी की सुविधा भी नहीं मिल रही**

### ठेकेदार को दिए हैं निर्देश : एसडीओ

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ विशाल चौधरी ने कहा है कि इस भवन के निर्माण को लेकर तय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश ठेकेदार को दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा है की आने वाले एक दो महीनों में इस बिल्डिंग का काम पूरा होने की उम्मीद है।

# गत्याणु में रीछ का आतंक

**चंबा।** जिला मुख्यालय की निकटवर्ती पंचायत गत्याणु में गत दिनों से रीछ के आतंक ने वार्ड वासी सहमे हुए हैं। पंचायत के रिहायशी क्षेत्र में रीछ की दस्तक व गांव के एक व्यक्ति पर गत दिनों हमले से लोगों में डर का माहौल है। रीछ के आतंक से लोग अकेले जाने से डर रहे है। हालांकि पंचायत वासियों ने कई बार संबंधित विभाग अधिकारियों के समक्ष रीछ के आतंक से निजात दिलवाने की गुहार भी लगाई है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को इस दिशा में कोई राहत नहीं मिल रही है। पंचायत गत्याणु, कियाणी, राजपुरा, क्षेत्र वासियों में रोशन लाल, यशपाल, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय सरोज, आशा, मधु, कृष्णा, कविता, ममता, सीमा, भावना व अंजलि आदि ने वन विभाग चंबा के अधिकारियों से अपील की है कि इस दिशा में जल्द से जल्द उचित कदम उठा पंचायत गत्याणु व आसपास क्षेत्र वासियों को रीछ के आतंक से निजात दिलाई जाए।

# एक महीने तक बिजली कट लगाने से लोगों में रोष

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर में उपभोक्ताओं ने जताया विरोध, निर्णय वापस लेने की उठाई मांग**

सर्दियों का सीजन आने पर बिजली बोर्ड द्वारा एक महीने तक सुबह नौ से लेकर शाम छह बजे तक बिजली के कट लगाने से लोगों में हाहाकार मच गया है। क्षेत्र के लोगों ने बिजली बोर्ड के इस फैसले का कड़ा विरोध किया है। लोगों का कहना है कि सर्दियों में बिजली आपूर्ति बाधित रखने का फैसला सरासर गलत है।

गौरतलब है बिजली बोर्ड ने करीयां से गरोला 33 केवी लाइन के जरूरी रखरखाव को लेकर एक महीने 24 दिसंबर से लेकर 23 जनवरी 2024 तक बिजली आपूर्ति बाधित रखने का फैसला लिया है। जिसके लिए विभाग ने उच्च अधिकारियों से परमिशन भी ले ली है, लेकिन ठंड के इस सीजन में लोगों ने बिजली बोर्ड के इस फैसले का कड़ा विरोध किया है। लोगों का कहना है कि ठंड के सीजन में जहां लोग हीटर के सहारे सर्दियों से बचते हैं वहां इस समय इस तरह का फैसला लेना सरासर गलत है। लोगों का कहना है की सरकार द्वारा अब कोयला निकालने की परमिशन को भी खत्म कर दिया है। लिहाजा सर्दियों में ठंड से बचने के लिए लोग हीटर के सहारे ही दिन और रातें गुजारते हैं। ऐसे में एक महीने तक लगातार बिजली आपूर्ति बाधित करने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पूर्व बीडीसी मेंबर रोहित शर्मा, प्रधान आशा कुमारी, संजू ठाकुर, कमला देवी, अशोक कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बोर्ड से इस फैसले को जल्द से जल्द वापस लेने की अपील की है ताकि लोगों को सर्दी के इस मौसम में समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# बालू में कैंपस इंटरव्यू 29 दिसंबर को

**चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा की ओर से 29 दिसंबर को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय चंबा में होने वाले कैंपस इंटरव्यू के दौरान टेक्नोसिम ट्रेनिंग सर्विसेज द्वारा मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड गुड़गांव में स्टूडेंट ट्रेनी के कुल 200 पदों को भरा जाएगा। कंपनी द्वारा ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी और दो साल के बाद परीक्षा पास होने के बाद एनसीवेट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक साक्षात्कार के लिए शैक्षिणक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर जिला रोजगार कार्यालय बालू में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899- 222209 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# जनसंपर्क अभियान की सफलता के लिए सब की भागीदारी जरूरी

## नरसिंह मंदिर परिसर में बैठक के दौरान बोले सुरेश कश्मीरी



नरसिंह मंदिर परिसर सभागार में बैठक के दौरान मौजूद सनातन धर्म सभा चंबा के पदाधिकारी व सदस्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सनातन धर्म सभा चंबा की ओर से जनसंपर्क अभियान के तहत नरसिंह मंदिर परिसर सभागार में वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सनातन धर्म सभा चंबा के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश कश्मीरी ने कहा कि जनसंपर्क अभियान में जनहित से जुड़े विषयों को उजागर किया जाएगा। जिसमें हर वर्ग, हर संगठन व समाज के हर प्रबुध नागरिक का परम कर्तव्य है। जिसके लिए सबको आगे आना होगा।

वहीं बैठक में उपस्थित पार्षद, अध्यक्ष व्यापार मंडल, प्रधान ब्राह्मण सभा, प्रधान होटल एसोशिएशन और प्रबुद्ध सदस्यों ने बहुमूल्य विचार रखे। सनातन धर्म सभा की आगामी बैठक का आयोजन आगामी रविवार को सुराड़ा के शिव मंदिर राजमढ़ी परिसर में होना निश्चित की गई। उन्होंने सभी सनातनियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में आकर शोभा बढ़ाएं। जिसमें कार्यकारिणी सदस्यों और सपडी मोहल्ला के निवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# बिजली की आंख-मिचौनी से परेशान

**चंबा।** मुख्यालय के विद्युत उपभोक्ता बिजली की आंख-मिचौनी से परेशान है। बिजली बोर्ड चंबा पर आरोप है कि दिन के समय बोर्ड घोषित कट व अब रात्रि के दौरान अघोषित कट लगाने का नया सिलसिला पिछले कुछ दिनों से आरंभ कर रखा है। हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा इस दिशा में बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी बोर्ड ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए हैं। जिसके चलते उपभोक्ताओं में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है। शहर के विद्युत उपभोक्ताओं में अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविंद्र कुमार, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, अभिषेक, गौरी, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आाशा आदि का कहना है कि महीनें में गिने-चुने दिनों में ही विद्युत सप्लाई सुदृढ़ रहती है। जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झौंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है। वहीं कुछ दिनों से उचित विद्युत व्यवस्था देने के नाम पर बोर्ड द्वारा जहां सारा-सारा दिन विद्युत कट लगाए जा रहे है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई बार उपभोक्ताओं ने बोर्ड अधिकारियों व कर्मियों से गुहार लगाई है, लेकिन हर बार अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को आश्वासन ही मिले हैं।

# चंबा में सर्दी बढ़ते ही सक्रिय हुए शिकारी

## कई दुर्लभ प्रजातियों के पशु-पक्षियों की नस्लों पर मंडराने लगा संकट

**आरके रांगड़ा,चंबा**

सर्दी के दस्तक देते ही जिला के अवैध शिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। जिससे स्पष्ट है कि वन व वन्य प्राणी विभाग अवैध शिकार पर नकेल कसने में अभी भी चूक खा रहा है। हालांकि वन्य प्राणी विभाग द्वारा सीजन के तहत जिला के हर क्षेत्र में टॉक्स फोरस तैनात कर दी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध शिकारी शिकार करने पर उतारू है। जिला में दिन व दिन बढ़ रही सर्दी के चलते जहां आम जनता परेशानी के दौर से गुजरने व ठिठुरने पर विवश है, वहीं जिला के शिकारियों के लिए यह मौसम सोने पर सुहागे के बराबर है।

कहने का तात्पर्य इन दिनों शिकारी जिला के विभिन्न वन क्षेत्रों में शिकार का शौक पूरा करने सहित गोरखधंधा कर रहे हैं। जिसकी वन व वन्य प्राणी विभागों को भनक तक नहीं है। वहीं जिला में विलुप्त हो रही पशु पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों पर इन दिनों संकट के बादल मंडारा रहे हैं। जिला के विभिन्न वन बीट क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। जबकि इन दिनों कड़ाके की सर्दी व ऊपरी क्षेत्रों में चारे की किल्लत के चलते कई प्रजातियों के पशु-पक्षियों ने निचले क्षेत्रों की ओर रुख कर दिया है। । बुद्धिजीवी प्रवीण कुमार, सुरेश कुमार, सुंदर सिंह, योग राज, मदन, केहर, कुलदीप, राकेश, प्रदीप, सागर, अशोक, नरेंद्र, विनोद, दीपक, संजीव, इमरान खान, अनिल व हितेंद्र सिंह का कहना है कि जिला में कई वर्षों से सीजन-टू-सीजन शिकार से यहां दुर्लभ पशु-पक्षियों की कई प्रताजियां वर्तमान में विलुप्त हो रही है। यदि यह शिकार का प्रकरण यूं ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब दुर्लभ प्रजातियां हमें केवल चित्रों में देखने को ही प्राप्त होंगी। उन्होंने सरकार, विभागीय मंत्रालय, वन व वन्य प्राणी विभागों से अपील की है कि इस दिशा में फील्ड स्टाफ को सक्रिय कर अवैध शिकारियों की धरपकड़ की जाए। डॉ. कुलदीप सिंह जम्वाल डीएफओ वन्य प्राणी उपमंडल चंबा का कहना है कि वन्य प्राणी विभाग द्वारा फील्ड स्टाफ को शिकारियों पर पैनी नजर खने आदेश जारी कर दिए हैं। वन्य प्राणी क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने सहित नाके भी लगाए जा रहे है। यदि किसी को अवैध शिकार की सूचना या शिकारी किसी क्षेत्र में दिखाई देते है तो वह विभाग को जानकारी दें। (अनंत ज्ञान)

### जिले के इन क्षेत्रों में होता है अवैध शिकार

जिला चंबा के जुम्हार, आगार, जटरी, छबारू, साहो, सिल्लाघ्राट, कीड़ी, सराहन, तीसा, सलूणी-बादंल-किहार, भरमौर-होली, जोत, खजियार, छतराड़ी, माणी, सरोल, झुलाड़ा, सिकरीधार व चांजू इत्यादि वन क्षेत्रों में अवैध शिकार मौसम के करवट बदलने से आरंभ हो गया है। जो कि बर्फबारी होने पर ओर भी बढ़ गया है। हैरानी की बात है कि अभी तक वन्य प्राणी विभाग द्वारा अवैध शिकार का कोई मामला दर्ज किया गया है।

### इन दुर्लभ प्रजातियों का किया जा रहा शिकार

पशु-पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों में नील-नलवियों, जंगली बकरी (पीज), जंगली मुर्गे, कौलसों, चखरू, नील गाय व चर्बी के लिए रीछ व लैपेड तक जैसे जानवरों तक का शिकार हो रहा है। जिनसे निकलने वाले मांस व अन्य सामग्री को शिकारियों द्वारा जंगली मास का शौकीन रखने वालों को बेचा जा रहा है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर दी जाए पेंशन

**अनंत ज्ञान,चंबा**

**भूपेंद्र जसरोटिया ने सरकार से उठाई मांग**

हिमाचल प्रदेश में हर विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से लगभग छह माह पूर्व ही उसकी सेवानिवृत्ति से जुड़ी सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाती हैं और सेवानिवृत्त होने पर उसे हर प्रकार की अदायगी कर दी जाती है लेकिन हिमाचल पथ परिवहन निगम में कार्यरत कर्मचारियों को केवल कार्यालयों के चक्कर ही लगाने पड़ते हैं।

यह बात समाज सेवक भूपेंद्र जसरोटिया ने कही। उन्होंने कहा कि निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल रही है। वहीं जब इसके बारे में विभागीय कर्मचारियों से पूछा जाता है तो वह फाइलों के डीएम कार्यालय धर्मशाला में फाइलें अटकने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। जब इसको लेकर धर्मशाला कार्यालय में पूछा जाता है तो वह कहते हैं कि स्टाफ की कमी के कारण फाइलों का कार्य नहीं हो रहा है। जिसके चलते सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन व अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के पश्चात कर्मचारी आर्थिक रूप से केवल पेंशन पर ही निर्भर हो जाते हैं लेकिन पेंशन न मिलने के कारण वह तनाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। लगभग 30 वर्ष ईमानदारी से नौकरी करने के बाद उन्हें अपने ही हक के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि उन्हें दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# होली के अक्षय कुमार भृगु कबड्डी लीग में बतौर कप्तान चयनित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**बेटे की उपलब्धि पर परिजनों ने जताई खुशी**

प्रो-कबड्डी की तर्ज पर भारत में पहली बार आयोजित की जाने वाली (बीकेएल) भृगु कबड्डी लीग 2024 के लिए हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के होली क्षेत्र के अक्षय कुमार पुत्र प्रताप चंद बतौर टीम कप्तान एवं खिलाड़ी चयनित हुए हैं। इससे होली क्षेत्र और जिला चंबा में खुशी की लहर है। हर युवा खिलाड़ी उनके इस चयन से बेहद खुश है।

अक्षय कुमार के इस चयन से उनके परिजन भी बेहद खुश है। अक्षय कुमार का चयन आठ अक्तूबर 2023 को एक ट्रायल के आधार पर हुआ जिसमें प्रदेशभर के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अक्षय कुमार ने अपने हुनर तथा अपनी कड़ी मेहनत से इस मुकाम को हासिल किया है। इस खिलाड़ी ने इससे पहले भी जूनियर तथा सीनियर नेशनल लेवल के टूर्नामेंट खेले हैं। अक्षय कुमार ने अपने




चयन का श्रेय अपने कोच और परिजनों को दिया है। हिमाचल द टाइगर्स के स्पॉन्सर, मोटर पंजाब ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता के तहत हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर में इस लीग के लिए एक ट्रायल का आयोजन किया था, जिसमें अक्षय कुमार का चयन हुआ तथा उनकी प्रतिभा और कौशल को देखते हुए भृगु मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ऊना हिमाचल प्रदेश द्वारा एक पत्र के माध्यम से बधाई दी। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए यह बताया कि उन्हें हिमाचल द टाइगर्स ने बतौर कप्तान अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है। इसी के साथ उन्हें इस बारे में भी जानकारी दी गई है कि उन्हें हिमाचल द टाइगर्स टीम में तीन वर्ष के लिए खेलना पड़ेगा, साथ ही मोटर पंजाब ने अक्षय कुमार की गेम को देखते हुए उन्हें अपनी टीम में शामिल करते हुए उन पर एक लाख की बोली भी लगाई है। जब अक्षय कुमार से इस विषय में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि हिमाचल द टाइगर्स टीम में बतौर कप्तान खेलना और अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए बेहद खुशी की बात है, साथ ही उन्होंने कहा की उन पर जो भरोसा हिमाचल द टाइगर्स ने दिखाया है उस पर वह खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे और साथ ही बीकेएल की ट्रॉफी का ताज उनके नाम करेंगे।

**समागम** बनीखेत में महात्मा तिलक राज ने प्रवचनों से संगत को किया निहाल

# दूसरों के दुख बांटें, खुशी में बनें सहभागी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

निरंकारी मंडल डलहौजी शाखा की ओर से बनीखेत रविवार को विशाल संत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल कुमार भारद्वाज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक एवं संयोजक महात्मा एचएस गुलेरिया ने उन्हें शॉल व टोपी देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के भाजपा विधायक डीएस ठाकुर व पूर्व भाजपा विधायक रेनु चड्डा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज चड्डा भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस आयोजन में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य मंच पर श्रेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा ने आई हुई तमाम संगत को अपने प्रवचनों से निहाल किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा को मानने में तभी आनंद है जब हम परमात्मा को जान लेते हैं। इसलिए कहा गया है कि परमपिता को पहले जानो फिर मानो।

उन्होंने कहा कि परमात्मा कण-कण में व्याप्त है। इसका बोध पूर्ण गुरु द्वारा ही संभव है। परमात्मा के बोध का सही आनंद तभी आता है जब हम सद्गुरु के बताए रास्ते पर चल पाएं। उन्होंने कहा कि सद्गुरु का यहीं संदेश है कि गृहस्थ जीवन में रह कर ही इंसानियत की सेवा करें। दूसरों के दुख बांटे वहीं दूसरों की खुशी में भी सहभागी बने। ईश्वर को वह लोग ईश्वर कोई अत्यधिक प्रिय हैं जो इंसानियत से प्यार करते हैं। परोपकारी जीवन जीते हैं और जहां भी मौके मिले दूसरों का हमदर्द बन उनका सहाय बनने को प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि



निरंकारी मंडल डलहौजी शाखा की ओर से बनीखेत में आयोजित विशाल निरंकारी सत्संग समागम के दौरान मौजूद संगत।

धर्म-मजहब के बंधन में विश्व एक दूसरे की जान का प्यासा बना हुआ है। यदि यह ज्ञान हो जाए कि राम, रहीम और मौला एक ही है तो फिर दंगे-फसाद की कोई वजह रह नहीं जाती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य योनि अति दुर्लभ है और इसी दुर्लभ योनि में परमात्मा का बोध हो सकता है। यदि मनुष्य योनि में आकर भी हमने कण-कण में व्याप्त इस निराकार परमात्मा को बोध नहीं किया तो यह मान लेना चाहिए कि मनुष्य योनि का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ है।

इससे पहले मिशन के अन्य अनुयाइयों में सतनाम सिंह राही, अर्पिता, सुरजीत सिंह सूफी, सागर काठा, विशन धीमान आदि महात्मा ने भजन, प्रवचन और कविता के माध्यम से कण-कण में व्याप्त निराकार सत्ता का गुणगान किया वहीं महात्मा अशोक चौहडिया ने मंच संचालन कर समा बांधा। लोगों ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन जो है वह परमपिता परमात्मा का बोध करवाते हैं साथ ही इंसानियत का भी पाठ पढ़ाते हैं जिससे इंसान में पनपने वाले दोष विकार खुद व खुद नष्ट हो जाते हैं।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


लाहौल के लोमच गांव के निवासी वीर सिंह और श्याम ढालपुर में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


मौहल ढालपुर के सुरेंद्र कुमार मालरोड में अनंत ज्ञान अखबार को पढ़ते हुए।

# कुल्लू में क्रिसमस की धूम, सैलानियों का लगा तांता

## पर्यटन नगरी मनाली सहित कसोल व तीर्थन घाटी में व्हाइट क्रिसमस की उम्मीद बरकरार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला में क्रिसमस की खूब धूम मची हुई है। जिला की पर्यटन नगरी मनाली सहित कसोल, तीर्थन घाटी, सिस्सू, कोकसर सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का तांता हुआ है, हालांकि मनाली में बर्फबारी नहीं हुई है लेकिन लाहुल के पर्यटन स्थलों में बर्फबारी ने क्रिसमस की खुशी को दोगुना कर दिया है। पर्यटन नगरी मनाली सहित कसोल व तीर्थन घाटी में पहुंचे सैलानियों की व्हाइट क्रिसमस की उम्मीद बरकरार है।

उधर, सिस्सू व कोकसर में गत दिन हुई ताजा बर्फबारी होने के बाद रविवार को खिली धूप में पर्यटकों ने सुबह ही बर्फ का आनंद लेने के लिए सिस्सू व कोकसर का रुख किया। हालांकि सैलानियों को इस दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ा, लेकिन तब भी सैलानियों में उत्साह कम नहीं दिखा। रविवार को पर्यटकों ने सिस्सू, अटल टनल के नार्थ पोर्टल, कुठ बिहाली व कोकसर में लाहुल घाटी के लगभग 12 किमी के क्षेत्र में बर्फ की खेलों का आनंद लिया।

पर्यटक लाहुल की इन वादियों में बर्फ के बीच व्हाइट क्रिसमस मना रहे हैं। वहीं, एक साथ हजारों गाड़ियां मनाली-केलांग सड़क में आ जाने से मनाली शहर व आसपास के क्षेत्रों में जाम लग गया। सुबह नौ बजे से साढ़े 11 बजे तक लाहुल की ओर जाने वाले पर्यटकों की संख्या अधिक रही। इस बीच ब्यास पुल, तिब्बती कालोनी, वशिष्ठ चौक, नेहरुकुंड, पलचान व सोलंग में जाम लगा। पुलिस ने इस बीच सतर्कता दिखाई और ट्रैफिक सुचारु रखने को मनाली से अटल टनल तक जगह-जगह जवान तैनात किए। (अनंत ज्ञान)





कुल्लू जिले में क्रिसमस पर्व को लेकर पहुंचे सैलानी तथा (दाएं) ट्रैफिक जाम के कारण वाहनों की लगी लंबी कतारें।

> **क्रिसमस** एवं नव वर्ष में भारी संख्या में पर्यटकों के आवागमन के चलते एवं दुरुस्त यातायात एवं कानून-व्यवस्था के लिए एटीआर नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू तक के क्षेत्र को तीन पुलिस ड्यूटी सेक्टरों में बांटा गया है। इससे यातायात, कानून व्यवस्था आदि के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।
> -मयंक चौधरी, एसपी लाहौल-स्पीति

### नियमों की अवहेलना पर कटा चालान

**मनाली** में एक गाड़ी नंबर एचआर 23 के 7764 के चालक और सवारी ने गाड़ी की दोनों खिड़की को खोलकर गाड़ी चलाने के मामले पर जिला कुल्लू पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस गाड़ी का यातायात अधिनियम के तहत 3500 रुपए का चालान किया है। एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि क्रिसमस और नया साल को मनाने के लिए बाहरी राज्यों से बहुत से पर्यटकों ने कुल्लू मनाली आ रहे हैं। कानून और यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए कुल्लू पुलिस ने जगह जगह पुलिस को तैनात किया है और कानून का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।

## बधाइयां



> हिमाचल प्रदेश में एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू होना हर्ष का विषय है। मेरी ओर से टीम को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं।
> -रजत जंवाल, अध्यक्ष जिला प्राइवेट बस यूनियन कुल्लू



> दैनिक अनंत ज्ञान की पूरी टीम को प्रकाशन के लिए बधाई। आशा है कि यह समाचार पत्र प्रदेश की जनसमस्याओं को प्रमुखता सरकार व जिला प्रशासन के समक्ष उठाएगा।
> -ओम प्रकाश आइ, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं रक्तदाता

## जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे गोमा

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के एससी विंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोकल चंद सहगल ने यादवेंद्र गोमा को मंत्री बनने पर बधाई दी है। उन्होंने गोमा को मंत्री बनने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू सहित प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे का आभार जताया।

गोकल ने कहा कि यादवेंद्र गोमा दूरदर्शी सोच के व्यक्ति है। इसके चलते गोमा सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें भी गोमा के साथ काम करने का मौका मिला है। गोकल ने कहा कि गोमा जब एचपी के एससी विंग के चेयरमैन बने थे तब उनके साथ काम करके बहुत कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने गोमा को मंत्री बनने पर बधाई दी है।

गोकल ने कहा कि प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू के मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश ने विकास की गति पकड़ी है। गोकल ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र में भी भुवनेश्वर गौड़ के नेतृत्व में अनेकों विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे अरसे से पुल का इंतजार कर रहे सोलंग के ग्रामीणों को कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राहत मिलने जा रही है।

## बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास की ओर ध्यान दें शिक्षक : आजाद

**मनाली।** बच्चों में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का होना बहुत ही आवश्यक है। नैतिक मूल्यों के बिना हम किसी भी व्यक्ति को एक शिक्षित होने की संज्ञा नहीं दे सकते। यह बात शशांक मॉडल स्कूल गोजरा के वार्षिक समारोह में अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध निदेशालय के संयुक्त निदेशक पीसी आजाद ने कही। उन्होंने कहा कि आजकल यह अकसर देखने को जाता है कि बच्चों में नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है, जो शिक्षा जगत में एक बहुत बड़ी हानि है। पीसी आजाद ने स्टूडेंट्स द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी रंगारंग कार्यक्रमों को काफी सराहा। इस अवसर पर उनके साथ गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर इंटरनेशन प्रेस क्लब मनाली के प्रधान नरेंद्र अंगारिया एवं पनगां पंचायत प्रधान विजय ठाकुर भी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट के दौरान यह बताया कि इस स्कूल की नींव 1995 में इस उद्देश्य से रखी गई थी कि समाज में कोई भी बच्चा साधनों के अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। जिस उद्देश्य को लेकर वह चले थे, आज वह उद्देश्य पूरा होना नजर आ रहा है। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा गणेश वंदना, झमाकड़ा, गिद्धा व फिल्मी गानों पर बेहतर प्रस्तुतियां दी। जब बड़े बच्चों द्वारा, चंबयाली डांस, कुल्लवी हॉर्न नृत्य प्रस्तुत करके उपस्थित अभिभावकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में वेद राम ठाकुर, सदस्य चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी, गोपाल नेगी, सोमदेव शर्मा, प्रसिद्ध पर्यावरण प्रेमी आदि उपस्थित रहे।

## श्री राम जन्मभूमि अक्षत कलश यात्रा के स्वागत को तैयार मनाली

**अनंत ज्ञान, मनाली**

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आई कलश रथ यात्रा का सोमवार को मनाली में भव्य स्वागत होगा। मनाली शहर को राममय बनाने की योजना है, जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, महिला मंडल, युवक मंडल, देवी-देवता के कारदार और पुजारी, स्थानीय ग्राम पंचायतें और नगर परिषद जुट गए हैं। सोमवार को राम अक्षत कलश यात्रा कुल्लू से 11 बजे निकलेगी और पतलीकुहल होती हुई मनाली शहर में आइबैक्स चौक के पास एक बजे पहुंचेगी, जहां पर इस कलश यात्रा का भव्य स्वागत होगा।

कलश यात्रा के स्थानीय संयोजक सुरेश ठाकुर ने कहा कि इस दौरान लगभग 40 महिला मंडलों को भी स्वागत के लिए अमंत्रित किया गया है। इसी दिन रात को यात्रा का पड़ाव वशिष्ठ गांव के राम मंदिर में रहेगा जहां आसपास के गांवों के लोग यात्रा का स्वागत करेंगे। 26 दिसंबर को यह यात्रा बाहंग, कुलंग, रुवाड़ पलचान, शणाग होती हुई बुरुआ गांव के ठाकुरद्वारा में अपना पड़ाव डालेगी। 27 को यात्रा मनाली गांव होती हुई ढूंगरी स्थित हिडिंबा माता के मंदिर पहुंचेगी और उसके बाद नसोगी, बलसारी, सियाल गांव से गुजरते हुए छियाल गांव में रात्रि ठहराव रहेगा। 28 को कलश यात्रा आगे बढ़ते हुए कन्याल, सिंऊसा, गधेरनी, बरौड़ पारशा और शलीण गांव से होते हुए कपिल मुनि के मंदिर कलाथ में रुकेगी। 29 दिसंबर को यह यात्रा कलाथ छियाल, आलू ग्राऊंड, झाड़ग, अलेऊ, प्रीणी से गुजरते हुए शूरू गांव स्थित माता शर्वरी के मंदिर पहुंचेगी।

इस यात्रा के पश्चात एक जनवरी से 15 जनवरी तक कार्यकर्ता हर गांव में जाकर पूजित अक्षत, राम दरबार का चित्र और निमंत्रण पत्र लेकर हर परिवार के पास पहुंचेंगे। योजना यह भी बनी है कि 22 जनवरी जिस दिन श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है उस दिन समस्त हिंदू समाज से प्रात: 11 बजे से दोपहर दो बजे तक सामूहिक राम नाम जाप और रात को हर परिवार से दीया जलाकर दीपावली मनाने का आग्रह किया जाएगा।

## सीएम साहब! अधीक्षक ग्रेड वन गजेटेड क्लास वन का पदनाम राजपत्रित प्रथम श्रेणी में करें परिवर्तित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन गजेटेड क्लास वन अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन के नेतृत्व में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से (तपोवन) धर्मशाला में मिला। इस मौके पर संघ की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपए का बैंक डिमांड ड्राफ्ट मुख्यमंत्री को भेंट किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संघ का 12 सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपा।

अधीक्षक ग्रेड-वन अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि मांगपत्र में राजकीय महाविद्यालयों में अधीक्षकों ग्रेड वन को आहरण एवं वितरण अधिकारी की शक्तियां प्रदान करने, स्थापना अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति हेतु 55 वर्ष की आयु के उपरांत विभागीय परीक्षा की शर्त को तत्काल प्रभाव से खत्म करने, अधीक्षक ग्रेड वन गजेटेड क्लास वन के पदनाम को अनुभाग अधिकारी (राजपत्रित प्रथम श्रेणी) में परिवर्तित करने, राजकीय महाविद्यालयों में तैनात अधीक्षक ग्रेड वन राजपत्रित प्रथम श्रेणी का वर्क प्रोफाइल बनाने, सभी जिला परियोजना अधिकारी (डाइट) तथा एनसीसी राज्य मुख्यालय में अधीक्षक ग्रेड वन गजेटेड क्लास वन के पद स्तरोन्नत करने सहित अन्य विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार से मांग की गई।


प्रतिनिधिमंडल सीएम के समक्ष मांगों को रखता हुआ।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपए की धनराशि का ड्राफ्ट भेंट करने हेतु शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ का आभार जताया तथा संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला कांगड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश संयुक्त सचिव मिलाप चंद, सलाहकार नारायण सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## धामन में जल्द बनेगा कंक्रीट पुल : शौरी


**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि बंजार-कुल्लू मुख्य मार्ग पर स्थित धामन पुल की हालत पिछले एक दशक से दयनीय बनी हुई है। वर्तमान में यहां वैली ब्रिज के माध्यम से यातायात चल रहा है, लेकिन हर वर्ष यह पुल इस सड़क मार्ग पर भारी वाहनों के दबाव के चलते खराबी आने के कारण अस्थायी तौर पर मरम्मत के लिए अकसर बंद किया जाता आ रहा है। पिछले कई वर्षों से इस स्थान पर जनता द्वारा पक्के कंक्रीट पुल के निर्माण की मांग उठाई जा रही है। इस समस्या का अब जल्द ही समाधान होने वाला है, जल्द ही इस स्थान पर कंक्रीट पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 8.57 करोड़ भी स्वीकृत किए गए हैं और कार्य भी ठेकेदार को आवंटित किया जा चुका है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जबाव में यह बात सामने आई है कि इस वर्ष की बरसात में आपदा के कारण निर्माण कार्य शुरू करवाने में देरी हुई है। दिसंबर माह तक ठेकेदार द्वारा पुल का डिजाइन विभाग के समक्ष अंतिम स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा व तत्पश्चात निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।

## नए रथ में विराजमान होंगे कुल्लू के बड़े देउ नारसिंह

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित बड़े देउ नारसिंह वीर के जन्मोत्सव पर (वीर पुन्नू) का आयोजन होने जा रहा है। मंगलवार को जिला मुख्यालय के समीप अप्पर सुल्तानपुर ओर दुर्गानगर गावं में स्थित बड़े देउ नारसिंह वीर के मंदिर के प्रांगण में भव्य जन्मोत्सव का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए कई दिनों से तैयारी जोरों पर है। इस बारे जानकारी देते हुए बड़े देवता के गुर राहुल नेगी ने बताया कि दुर्गानगर गावं में मंगलवार को सबसे पहले सुबह के आठ बजे बड़े देवता के नए रथ की विधिवत प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद शाम को 7.30 बजे पर भव्य जागरा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

गौर रहे कि देवता नार सिंघ वीर को कुल्लू जिले के अंदर अलग-अलग रूपों में पूजा जाता है। बड़े देवता का जन्मोत्सव पूरे जिले के अंदर स्थित सभी बड़े देवता के मंदिरों में उसी दिन पूरी श्रद्धा के साथ देवता के पारंपरिक मान्यताओं को ध्यान में रखते हुए मनाया जाता है। बड़े देवता के बारे में जानकारी देते हुए सुल्तानपुर के यतिन शर्मा ने बताया कि जहां भी देवता की स्थापना हुई है वहां पर बड़े देवता को कहीं क्षेत्रपाल के रूप में, कहीं स्थान देवता के रूप में तो कहीं ग्राम देवता के रूप में पूजा जाता है। यतिन के अनुसार बड़े देवता को 52 वीरों में से एक माना जाता है और वीर पुन्नू दिवस को जन्मोत्सव के साथ साथ कुल्लू की लोक संस्कृति में वीर देवताओं के सम्मान में समर्पित यह दिवस माना जाता है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### खंडरागी में दो मंजिला 'पड़ाछा' जलकर राख

**बंजार।** उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत चेहनी के गांव खंडरागी में रविवार को अचानक दोपहर बाद एक मंजिला काष्ठकुणी शैली से बना पड़ाछा जलकर राख हो गया। आग लगने के कारण, ऊपरी मंजिल में कपड़े, बर्तन ट्रक, राशन कृषि उपकरण घास इतियादी अन्य सामान रखा गया था जो आग की भेंट चढ़ गया। आग लगने से दो मंजिला पड़ाछा (गौशाला रिहायशी मकान) जलकर पूरी तरह जल कर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव से किनारे पर बना मकान जिसे खेतीबाड़ी के उपकरण घास इत्यादि रखने के उपयोग में लाया जाता था। जब आग लगी तो उक्त मकान में मात्र एक व्यक्ति जो की बगीचे की देखभाली करता था वही रहता था। दोपहर बाद भड़की आग को देखकर ग्रामीण सकते में आ गए और आगजनी वाले स्थल की ओर आग को काबू करने के लिए दौड़ पड़े पर आग इस कदर भड़की की आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस दमकल विभाग को सूचित किया गया पर गांव का लिंक रोड होने के कारण बड़ा दमकल वाहन नहीं जा पाया। छोटे दमकल वाहन की पाइप उक्त आगजनी के घटनास्थल तक नही पहुंच पाई ओर इस दौरान ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने की मेहनत भी रंग नहीं लाई और खेवा राम पुत्र राम दत्त के पड़ाछा को जलने से नहीं बचाया जा सका। तहसीलदार बंजार रमेश कुमार ने बताया कि आगजनी में करीब 10 लाख की सम्पत्ति जलकर राख हुई है। नियमावली के अनुसार आकलन कर पीड़ित को मुआवजा दिया जाएगा।


धू-धू कर जलता पड़ाछा।

### नेगी बने प्रदेश विंटर गेम्स एसो. के चेयरमैन

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के रूप चंद नेगी को हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया गया है। रविवार को सोलंगनाला में आइसलैंड होटल में आयोजित वार्षिक बैठक में नेगी को सर्वसम्मति से यह जिम्मेवारी दी गई। इससे पहले नेगी तीन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं तथा वर्तमान में स्की एंड स्नो बोर्ड इंडिया के अध्यक्ष व व्यापार मंडल मनाली के चेयरमैन हैं। नेगी ने शीतकालीन खेलों को बुलंदियों तक पहुंचाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि सोलंगनाला में आयोजित वार्षिक बैठक में लगभग सौ सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में यूथ ओलंपिक व जूनियर नेशनल के लिए विस्तृत चर्चा हुई। इस बार बर्फबारी न होने से शीतकालीन खेलों के खिलाड़ी निराश हैं। उन्हें अभ्यास का मौका नहीं मिल रहा है। हिमपात होते ही हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन सोलंगनाला की ढलानों में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करेगी।

### बाशिंग में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**कुल्लू।** ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में रविवार को धूमधाम से वार्षिक समारोह मनाया गया। इस उत्सव में बच्चों ने हर तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए, लेकिन सभी कार्यक्रमों का केंद्र बिंदु भारतीय संस्कृति और सनातन संस्कृति पर आधारित रहा। इस मौके पर सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इनके साथ में जीबी पंत मौहल से डॉक्टर सरला और डॉक्टर मनीष त्रिपाठी भी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में वर्ष भर हुए विभिन्न गतिविधियों में विजयी रहे स्टूडेंट्स को पारितोषिक भी दिया गया। इस अवसर पर सार्थक को हिमाचल प्रदेश बोर्ड में12वीं कक्षा में प्रदेश में 20वां स्थान प्राप्त करने पर विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लगोरी खेल के लिए चयनित 12 गर्ल्स स्टूडेंट्स जो एसजीएफआई के लिए बंगलौर जाएंगी इनको भी विशेष पुरस्कार दिया गया। स्टूडेंट राहुल और जयन को कराटे में नेशनल खेलने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय सेन, अमर ठाकुर, काम लाल, प्रेम, राकेश कोहली, इंदिरा और जिला के जिला मंत्री जोगिंद्र ठाकुर, दिनेश सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में रविवार को सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन हुआ। इस मौके पर डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस दौरान स्वागत गीत व नृत्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विद्यालय के एनएसएस के संयोजक ने सात दिनों के अंतर्गत किए गए प्रयोजन कार्यों के ऊपर प्रकाश डाला। एनएसएस के स्वयंसेवी स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे मुख्यातिथि के द्वारा खूब सराहा गया। स्टूडेंट्स ने अपने एनएसएस कैंप के सात दिन के अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि प्रधानाचार्य आरएस राणा ने अपने संबोधन में स्टूडेंट्स को एनएसएस शाखा में जुड़ने पर बधाई दी और एनएसएस में उनके उज्ज वल भविष्य के बारे में बताया। इसी शाखा में बने रहकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि ने सात दिवसीय एन एस एस शिविर के दौरान सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में आर्यन, लाइवा, इशिका, अविनाश, अंकिता तथा विशाल को पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्टूडेंट्स को प्रतिभाशाली बनने का संदेश दिया तथा अपने बहुमूल्य विचारों से स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया।

### एनएसएस का विशेष आवासीय शिविर शुरू

**बंजार।** राष्टीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार द्वारा राज्य स्तरीय मेगा शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न करने उपरांत अब इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर शुरू किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुमार शर्मा द्वारा महाविद्यालय के संगीत विभाग में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर इस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा सभी स्वयंसेवियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। जिला कुल्लू लाहौल-स्पीति नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने संपूर्ण व्यवस्था व प्रबंधन से जुड़े कार्यों को निष्पादित किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार के अंग्रेजी विभाग के प्रवक्ता व सहायक राष्ट्रीय छात्र वाहिनी अधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने परेड सत्र में स्वयंसेवियों को परेड की बारिकियों से अवगत करवाया।

### रघुनाथ मंदिर में अक्षत पैकेट बनाने का कार्य शुरू

**कुल्लू ।** भगवान रघुनाथ के सुल्तानपुर स्तिथ मंदिर में अक्षत पैकेट बनाने का कार्य शुरू हो गया है। जिसमें रघुनाथ के भक्त और मंदिर के कार कारिंदे जुटे हैं। गौरतलब है कि रविवार को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव-गृह संपर्क अभियान को लेकर अयोध्या से आए हुए पुजित अक्षत के पैकेट बनबाने का कार्य राम भगतों द्वारा श्रीराम मंदिर रघुनाथपुर में शुरू किया गया है। जिसे अब अलग अलग क्षेत्रों में पहुंचाया जाएगा। जानकारी है कि 25 दिसंबर को जिला कुल्लू के सभी खंडों और कुल्लू नगर की सभी बस्तियों में स्थापित मंदिरों तक अक्षत पहुंचाने के लिए कलश वितरण होगा।

**पहल** उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की पहल ला रही रंग, घरद्वार पर पुस्तकालय की सुविधा देने वाला प्रदेश का पहला जिला बना कुल्लू

# कुल्लू जिले में घरद्वार पर अटल ज्ञानकेंद्र में मिल रहा ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से बचाने और उनका ध्यान शिक्षा की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से आज ही के दिन दो साल पहले उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की ओर से एक पहल शुरू की गई। इस पहल के तहत जिला के युवाओं की सुविधा के लिए घरद्वार पर पुस्तकालय (अटल ज्ञानकेंद्र) खोले जा रहे हैं। उपायुक्त की इस पहल के तहत अभी तक जिला की 235 पंचायतों में से 35 पंचायतों में अटल ज्ञानकेंद्र की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है, जबकि 20 पंचायतों में भी ज्ञानकेंद्र का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, अन्य शेष बची पंचायतों में भी शीघ्र ज्ञानकेंद्र स्थापित होंगे। लिहाजा, उपायुक्त कुल्लू की यह पहल रंग ला रही है और जिला की युवा पीढ़ी के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए यह पहल वरदान साबित हो रही है।

लिहाजा, कुल्लू जिला की 35 पंचायतों में जहां ज्ञानकेंद्र की सुविधा मिल रही है वहीं, शीघ्र ही अन्य सभी पंचायतों में ज्ञानकेंद्र खुलने के बाद जिला के दूरदराज क्षेत्र के बच्चों व युवाओं को पुस्तकालय में पढ़ने के लिए शहर जाने की जरूरत नहीं रहेगी क्योंकि उन्हें घरद्वार पर ही पुस्तकालय की सुविधा मिलेगी।



जिले की गाहर पंचायत के प्रधान ज्ञानकेंद्र में युवाओं के साथ।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हुआ है शुभारंभ

**25** दिसंबर 2021 को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रीणी सहित जिला के नगर, कुल्लू व बंजार विकास खंडों की 11 पंचायतों में जिला प्रशासन की पहल ग्राम पंचायत ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया था। इसलिए इन केंद्रों का नाम अटल ज्ञान केंद्र रखा है।

### प्रदेश का पहला जिला जहां मिल रही रही घरद्वार सुविधा

**कुल्लू** जिला प्रदेशभर में पहला ऐसा जिला है जहां पर ज्ञानकेंद्र की सुविधा, निश्शुल्क वाईफाई सहित अन्य कई सुविधाएं युवाओं व स्थानीय लोगों को मुहैया करवाई जा रही हैं। कुल्लू के उपायुक्त आशुतोष गर्ग की इस पहल को लेकर उन्हें राज्य स्तरीय सिविल सर्विस सम्मान भी मिल चुका है। सनद रहे कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराईयों से बचाने, उनमें पढ़ने की आदत को विकसित करने, ऑनलाइन अध्ययन के लिए सुरक्षित व सुविधाजनक स्थान व लोगों को घरद्वार के समीप पुस्तकें व समाचार पत्र पढ़ने की सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा ज्ञानकेंद्र बनाने का निर्णय लिया गया और उनकी यह पहल अब धीरे धीरे रंग ला रही है।

### संचालन के साथ कर रहे यूपीएससी की तैयारी

**हाट** पंचायत में ज्ञानकेंद्र में तैयारियां कर रहे अयांश ने कहा कि वह यूपीएससी की तैयारियों के साथ अटल ज्ञान केंद्र का संचालन भी कर रहे हैं। ज्ञान केंद्र 24 घंटे उनके लिए खुला रहता है यहां पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की नवीनतम पुस्तकों के साथ नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तकों के अलावा विभिन्न प्रकार की उच्च स्तरीय पाठ्य सामग्री उपलब्ध है। इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है जिसके लिए वाईफाई सहित कंप्यूटर भी यहां लगाए गए हैं। ज्ञान केंद्र डिजिटल रूप से संचालन करने की पहल की गई है यहां आने वाले लोगों की हाजरी भी क्यूआर कोड के जरिए लगती है और इसी के माध्यम से एक डिजिटल डिसकशन का एक प्लेटफार्म भी लिंक किया गया है। ज्ञान केंद्र में चाय, काफी व स्नेक्स की भी व्यवस्था है। पंचायत के चार युवा जिन्होंने यहां से परीक्षा की तैयारी की थी पंचायत सचिव व पुलिस विभाग में भर्ती हुए हैं।

### हर आयुवर्ग के लोगों को मिल रहा लाभ

**हाट** पंचायत के प्रधान बरकत अली का कहना है कि ज्ञानकेंद्र में 50 से 60 युवाओं को लाभ मिल रहा है। गाहर पंचायत के प्रधान रोहित वत्स धामी के अनुसार हर आयुवर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल रहा और सभी के लिए पाठन सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। पंचायत की ओर से छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक भी नियुक्त की गई हैं। उपायुक्त आशुतोष गर्ग की पहल से पहली पांच पंचायतों में से एक गाहर में स्थापित यहां के पुस्तकालय में अभी लगभग 20 से अधिक बच्चों के बैठने की व्यवस्था है। 2100 विभिन्न रोचक पुस्तकों की व्यवस्था है। तीन युवा जहां पुलिस में भर्ती हुए हैं वहीं, एक युवा एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया में चौथा रैंक हासिल किया है।

> **जिला** की 235 में से 35 पंचायतों में अभी तक अटल ज्ञान केंद्र की स्थापना की जा चुकी है, अन्य 20 पंचायतों में भी कार्य युद्धस्तर पर जारी है। शेष पंचायतों में भी शीघ्र ज्ञानकेंद्र स्थापित होंगे। गांव के बच्चों, युवाओं को परीक्षाओं की तैयारी करने की सुविधा मिली है। ज्ञान केंद्र के खुलने से युवाओं को घरद्वार पर सुविधा प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।
> -आशुतोष गर्ग, उपायुक्त कुल्लू।



## बधाइयां




अनंत ज्ञान समाचार पत्र का प्रकाशन हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रकाशन पर टीम को शुभकामनाएं।

**-निशी टंडन, सदस्य, भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर।**



उम्मीद है कि अनंत ज्ञान प्रत्येक वर्ग के मामलों को उजागर करेगा। समस्त टीम को मेरी ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

**-शमशेर सिंह मिन्हास, प्रेसिडेंट, राजपूत सभा सदर मंडल।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान की शुरुआत टूरिज्म के क्षेत्र में मील पत्थर साबित होगा। संचालकों को दिल की गहराइयों से बधाई व शुभकामनाएं।

**-योगेश, रिटायर्ड जीएम, हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन शिमला।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन आरंभ हो गया है, जिसके लिए में अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई देता हूं। यह अग्रणी समाचार पत्रों में शामिल होकर अपनी अहम भूमिका निभाएं।

**-राजीव कपूर, जवाहर नगर, मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



पैलेस कॉलोनी में इंजीनियर लोहिताक्ष शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



वरिष्ठ नागरिक दिनेश शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।



भागवताचार्य पंडित पंकज शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती अध्यापिका शीला शर्मा।



मंडी जिले में ओपीएस में आने वाले पहले सेवानिवृत्त कर्मचारी चिंताराम शास्त्री अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



बालीचौकी में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के चेयरमैन विजय पाल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



विश्वकर्मा मंदिर के पास एनके पंडित समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



दूदर में 88 वर्षीय पूर्व प्रधान रूप सिंह अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# बैडमिंटन कोर्ट का काम शुरू करो, वरना घेराव

## युवक मंडल भटवाड़ ने बैठक कर पंचायत प्रतिनिधियों को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

युवक मंडल भटवाड़ ने पंचायत प्रतिनिधियों को चेताते हुए कहा है कि अगर एक हफ्ते में बैडमिंटन कोर्ट का काम शुरू नहीं किया तो पंचायत का घेराव किया जाएगा। रविवार को युवक मंडल भटवाड़ की विशेष बैठक वार्ड मेंबर लाल सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें युवक मंडल सदस्यों ने पंचायत द्वारा बीते तीन साल से बैडमिंटन कोर्ट न बनाए जाने को लेकर कड़ा रोष जताया और अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि अगर एक हफ्ते के भीतर बैडमिंटन कोर्ट काम शुरू नहीं किया गया, तो वे पंचायत प्रतिनिधियों का घेराव करने को विवश होंगे।

बता दें कि विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत रोपापधर के प्रतिनिधियों की लापरवाही का खामियाजा नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने करीब तीन साल पहले लोगों की मांग पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला भटवाड़ में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण के एक लाख रुपए स्वीकृत किए हैं, लेकिन खेद की बात यह है कि पंचायत प्रतिनिधि तीन साल में भी बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाने में नाकाम रहे हैं।

कोर्ट का निर्माण जल्द करवाने को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति व युवक मंडल द्वारा कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया लेकिन बड़े दुख की बात है कि पंचायत प्रतिनिधि तीन साल में भी बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण नहीं करवा पाए हैं, जिससे युवक मंडल सहित स्थानीय लोगों में पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ भारी रोष है।



युवक मंडल भटवाड़ के सदस्य बैठक के बाद सामूहिक चित्र में।

### बीडीओ के निर्देश के बाद भी नहीं किया काम

युवक मंडल व अभिभावकों ने विकास खंड अधिकारी द्रंग के समक्ष छह महीने पहले मांग उठाई थी कि पंचायत प्रतिनिधियों को कोर्ट का निर्माण यथाशीघ्र शुरू करने के निर्देश दें, लेकिन बड़े खेद की बात है कि पंचायत प्रतिनिधि बीडीओ को भी ठेंगा दिखा रहे हैं। युवक मंडल का कहना है कि अगर समय रहते बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण हो गया होता तो नौनिहाल बेहतर ढंग से बैडमिंटन खेल की बारीकियां सीख कर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों की लापरवाही से सुविधा से महरूम हो रहे हैं।

## पेंशनर्स ने मांगों को लेकर की चर्चा

**लडभड़ोल।** लडभड़ोल के महामाया मंदिर में हिम आंचल पेंशनर संघ की रविवार को बैठक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित एवं संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी सदस्यता ग्रहण की। संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री तथा महासचिव रमेश पठानिया ने कहा कि अगली बैठक में लडभड़ोल क्षेत्र में एक नई इकाई का गठन किया जाएगा, ताकि पेंशनर को अपनी मांगों एवं समस्याओं को रखने में सुविधा मिल सके। बैठक में पूर्व महासचिव बलदेव ठाकुर, हरदेव राणा, धनी राम शास्त्री, प्यार चंद ठाकुर, देशराज शर्मा, ध्रुव देव शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, वृज लाल, राजेश, रामकृष्ण उपाध्याय, शारदा देवी, सत्या देवी, शारदा देवी शर्मा, राज शर्मा, अंजु शर्मा, अरविंद शर्मा, हमेंदर शर्मा, कांता देवी, ध्रुव देव शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव पर बच्चों को बांटा जरूरत का सामान

## हिमाचल चिल्ड्रन होम की ओर से सन्नी ईपन ने दिए उपहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

समस्त विश्व में प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर क्रिसमस के त्योहार को धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंडी में भी हिमाचल चिल्ड्रन होम की ओर से क्रिसमस के अवसर पर पास्टर सन्नी ईपन ने तीन दर्जन निर्धन जरूरतमंद बच्चों को स्कूल के जूते उपहार के रूप मे भेंट किए। इस अवसर पर मौजूद सभी बच्चों व बड़ों ने विशेष मंडयाली धाम का आनंद उठाया। पास्टर सन्नी ईपन ने इस अवसर पर उपस्थित मेहमानों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस देने का त्योहार है। उपहार देने का, अपने दुश्मनों को भी आशीष और माफी देने का समय है। प्यार करने का समय है, क्योंकि पिता परमेश्वर ने भी हमसे इतना प्यार किया कि जब हम पापी ही थे, तो उसने अपने इकलौते पुत्र यीशु मसीह को आज से 2024 वर्ष पूर्व इस धरती पर भेजा, ताकि वह मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए सूली पर अपना प्राण बलि दे सके। इस अवसर पर शहर के अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें चमन राही मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे और देशराज अधिवक्ता, दिनेश, चंद्रवीर कागरा, राजीव रूपल उपाध्यक्ष इंटक हिमाचल प्रदेश उपस्थित रहे।



प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर क्रिसमस मनाते हुए।

## सीनियर सिटीजन का किया सम्मान

**सुंदरनगर।** विश्व जागृति मिशन के तत्वावधान में रविवार को सुंदरनगर में सुधांशु महाराज के निर्देशानुसार परिवार जोड़ो के तहत सीनियर सिटीजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर के पूर्व प्रधानाचार्य और संस्कृत के प्रकांड विद्वान हेमप्रभ शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विश्व जागृति मिशन सुंदरनगर के अध्यक्ष प्यारे लाल गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के सीनियर सिटीजन के लिए समर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष लेखराज राणा ने की। इस मौके पर मुख्यातिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों को पारंपरिक रूप में सम्मानित किया गया। इस दौरान आचार्य हेमप्रभ ने कहा कि अगर हम अपने बुजुर्गों को उपेक्षित करेंगे तो हम हर ज्ञान से वंचित रहेंगे। इस मौके पर सुधांशु महाराज का संदेश मिशन के सुंदरनगर प्रमुख प्यारे लाल गुप्ता द्वारा पढ़ा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### झूठी गारंटियों के नाम पर ठगी जनता



लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता।

**जंजैहली।** सराज भाजपा महिला मंडल की बैठक अध्यक्ष खेमदासी की अध्यक्षता में हुई। खेमदासी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दस झूठी गारंटियों के नाम से हिमाचल प्रदेश की महिला, बेरोजगार युवक-युवतियों, किसानों के साथ छलावा करके ठगा है। खेमदासी ने कहा कि कांग्रेस ने आज तक महिलाओं के लिए कोई ऐसी योजना नहीं बनाई जिससे हिमाचल में महिलाओं को लाभ मिला हो। बैठक में सराज भाजपा मंडल के महासचिव भीष्म ठाकुर, सचिव टीकम राम ठाकुर, जिला परिषद द्रोपदी ठाकुर व सराज विधानसभा क्षेत्र के पंचायतीराज संस्था की महिला जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### मसौली पंचायत में जागरूक किए लोग

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत मसौली में जागरूकता शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-दो कृषि विभाग के अंतर्गत किया गया। इसमें डॉ. पवन कुमार खंड परियोजना प्रबंधक ने हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण परियोजना बारे विस्तार में जानकारी प्रदान की। सिंचाई योजना बहाव सिंचाई योजना मसौली, छतर व बहाव सिंचाई योजना ओडर, खुदर का निर्माण कार्य किया जाएगा जिसमें लगभग 2.5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। जागरूकता शिविर में मुख्यातिथि स्थानीय पंचायत प्रधान अंजना शर्मा रही। इस मौके पर हंस राज, कृषि विकास अधिकारी, श्वेता कुमारी, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट, यामिनी कालिया कृषि अधिकारी, हिमानी शर्मा, कृषि प्रसार अधिकारी जायका व सभी वार्डों के वार्ड सदस्य तथा स्थानीय पंचायत की जनता उपस्थित रही।

### शिवा फाउंडेशन ने पहचान पत्र बांटे

**जोगिंद्रनगर।** शिवा फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी संस्था जोगिंद्रनगर की ओर से संस्था की वार्षिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष शिव वालिया, उपाध्यक्ष अमित राणा, कोषाध्यक्ष लीला धीमान, सचिव विजय राणा, गीतांजलि गोस्वामी, अभिषेक शर्मा, रजनी देवी, दीपा कुमारी, भोला राम वर्मा, कमलेश और संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान संस्था की ओर से सभी सदस्यों को पहचान पत्र वितरित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सोनाक्षी, वर्षा ठाकुर, सृष्टि, नेहा, रितिका, रेशमा, कमलेश, चंद्रेश, लता देवी ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष शिव वालिया ने बताया कि संस्था सड़क सुरक्षा,नशा निवारण और महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शिवा फाउंडेशन द्वारा सभी निजी व सरकारी शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को बढ़ रहे नशे के दुष्प्रभावों, साइबर क्राइम इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

### पंजाई स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**बालीचौकी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजाई में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर स्थानीय पंचायत की प्रधान कृष्णा देवी की अध्यक्षता में शुरू हुआ। इस अवसर पर पाठशाला के उपप्रधानाचार्य डॉ. सोमराज ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों व कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर प्रभारी अध्यापिका लता कुमारी ने बताया कि इस दौरान स्वयंसेवी गोद लिए गए पंजाई गांव में स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को लेकर कार्य करेंगे। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार, लता कुमारी व प्राध्यापक खेम राज, घनश्याम व पंजाई पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित रहे।

### समाजसेवी वजीर चंद का निधन

**सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल की सरी पंचायत के सनौर गांव से संबंध रखने वाले जाने माने समाजसेवी का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वजीर चंद एक समाजसेवी के साथ साथ निर्धनों और जरूरतमंदों की सहायता करने वाले नेक इंसान थे। उन्होंने सुबह अपने पैतृक गांव सनौर में अंतिम सांस ली। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी मृत्यु का समाचार मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक शवदाह गृह सरी में हुआ।

## जोगिंद्रनगर में हो रहा भ्रष्टाचार

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर ब्लॉक कांग्रेस और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र पाल को कांग्रेस पार्टी में 45 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के लिए शॉल, टोपी भेंटकर सम्मानित किया। बैठक में प्रदेश में कांग्रेस सरकार के एक साल पूरा होने पर जहां कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल था वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति गहरा रोष भी था। बैठक में कार्यकर्ता प्रदेश में अपनी सरकार होने के बाद भी निराश और हताश नजर आ रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र पाल ने कहा कि जोगिंद्रनगर में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार होते हुए जोगिंद्रनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कार्य नहीं हो रहे हैं, जिससे कांग्रेस पार्टी से वर्षों से जुड़े कार्यकर्ता का मनोबल टूट चुका है। जोगिंद्रनगर में उन लोगों के कार्य हो रहे हैं, जिनका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना देना नहीं है।

# बैहना पुल पिछले चार माह से क्षतिग्रस्त

## मंत्री के आदेशों को लोक निर्माण विभाग ने दिखाया ठेंगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सुख की सरकार में मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र में बैहना पुल पिछले चार माह से बीमार पड़ा है। आलम यह है कि चार माह पहले आई भयंकर आपदा के दौरान बैहना पुल को जोड़ने वाली गुटकर साइड की अप्रोच धंस गई थी, जिसके चलते इस पुल पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई थी, लेकिन लोनिवि की अफसरशाही ने इस पुल की मरम्मत करने की जहमत तक नहीं उठाई। ऐसी स्थिति में इस पुल से गुजरने वाले हजारों बड़े वाहनों की आवाजाही पिछले चार माह से बंद पड़ी है। जबकि इस पुल की अप्रोच जो पूरी तरह धंस गई है उसमें मिट्टी डालकर छोटे वाहनों की आवाजाही तो कर दी थी, परंतु मिट्टी के पुन: बैठ जाने से छोटे वाहनों की आवाजाही भी मुश्किल हो गई है। आपदा के बाद प्रदेश के उद्योग मंत्री एवं चेयरमैन डिजास्टर हर्ष वर्धन चौहान ने भी इस पुल का निरीक्षण करते हुए इस को शीघ्र ठीक करने के आदेश लोनिवि के अधिकारियों को दिए थे और उन्होंने इस पुल की हालत देखते हुए भविष्य में कोई हादसा गठित न हो इस पर अमल करने की बात कही थी। सुख की सरकार में पिछले चार में से मंत्री के आदेशों के बाद भी इस पुल की कोई सुध नहीं ली गई है। पुल की गंभीर हालात को देखते हुए शुनिवार को स्थानीय जनता ने लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह से सर्किट हाउस मंडी में मुलाकात कर सारी समस्या उनके ध्यान में लाते हुए विभाग के अधिकारियों पर रोष प्रकट भी किया। उन्होंने कहा कि इस बारे में विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करेंगे कि 15 दिन के भीतर कार्य करने के आदेश देने के बावजूद कार्य क्यों शुरू नहीं हो पाया है। उधर लोनिवि नेरचौक के अधिशाषी अभियंता डीआर चौहान ने कहा कि इस पुल के मरम्मत कार्य के लिए टेंडर लगवा दिया गया है। जल्दी ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पुल की अप्रोच को ठीक करने के लिए करीब 70 लाख का खर्च आएगा।



बल्ह विधानसभा क्षेत्र में चार माह पहले क्षतिग्रस्त हुआ बैहना पुल।

## घर में ही कट गया गाड़ी का टोल

**मंडी।** किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थापित टोल टैक्स बैरियर पर तैनात कंपनी के कर्मचारियों की लापरवाही लोगों की जेब पर डाका डाल रही है। लोगों के वाहन उनके घरों पर खड़े है और उनके फोन पर टोल कटने का मैसेज आ रहा है। ऐसा ही एक मामला जिला मंडी के सुंदरनगर के गुरबचन सिंह के साथ भी पेश आया है। गुरबचन की गाड़ी उनके घर सुंदरनगर में पार्किंग में खड़ी होने के बावजूद हिमाचल प्रदेश के प्रवेश द्वार गड़ामोड़ बैरियर पर 150 रुपए टोल टैक्स काट दिया गया। गुरबचन सिंह ने कहा कि देर शाम करीब 7:50 पर उनके फोन पर टोल टैक्स का 150 रुपए काटे जाने का मेसेज आया। जबकि वह खुद और उनकी गाड़ी घर पर पार्किंग में खड़ी थी। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों की ऐसी शिकायतें मिल रही है लेकिन छोटा-मोटा पैसा होने के कारण लोग सामने नहीं आ रहे। उन्होंने केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है कि इस प्रकार के मामलों पर कड़ा संज्ञान लिया जाए जिससे टोल प्लाजा पर कार्य करने वाले कंपनी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

## हिमालय स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में हिमालयन पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र रहे डॉ. नवजोत सिंह ठाकुर ने शिरकत की। डॉ. नवजोत वर्तमान में पशु चिकित्सा अधिकारी के रूप में पशु चिकित्सालय बगस्याड़ जिला मंडी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बीआर राणा, प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों व अध्यापकों द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियां को सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।

## मुंडखर देवी मंदिर कमेटी ने किया मंथन

**सरकाघाट।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता काली मुंडखर देवी की कमेटी की मासिक बैठक कमेटी के प्रधान गोवर्धन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में रविवार को मंदिर परिसर में सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस बैठक में गत माह की आय व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा कई प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंदिर के रसोई घर जिसका फर्श इत्यादि काफी खराब स्थिति में है उसको पुनः से प्लास्टर करवाया जाएगा इस पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त बहुत सारे अन्य मंदिर परिसर के छोटे छोटे कामों को तय समय सीमा के अंदर पूरा करवाए जाने पर भी सहमति बनी। इस बैठक में कमेटी के प्रधान के अतिरिक्त कमेटी के मुख्य संरक्षक खूब सिंह पंडवाल, उपप्रधान ओंकार सिंह बनयाल, सचिव देशराज ठाकुर, सहसचिव एवं मीडिया प्रभारी प्रवीण वर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कार्यकारणी सदस्य वेद प्रकाश बनयाल, रघुवीर सिंह पठानिया, कृष्ण चंद राणा, परि चंद राणा रमेश चंद ठाकुर,विजय ठाकुर,नेक राम, वीरी सिंह ठाकुर तथा सोनी कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

**धर्म** शिव मंदिर महादेव में कार्यक्रम का किया आयोजन

# सुंदरनगर पहुंचा अयोध्या का अक्षत कलश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश रविवार को सुंदरनगर शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंच गए हैं। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने इनका स्वागत किया। पूजित अक्षत कलशों को लेकर शिव मंदिर महादेव में एक विशेष कार्यक्रम और भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। शोभायात्रा शिव मंदिर महादेव से शुरू होकर कई किलोमीटर की दूरी तय कर डोडेश्वर महादेव मंदिर चतरोखड़ी में संपन्न हुई।

विश्व हिंदू परिषद के संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के अध्यक्ष रोहताश वर्मा ने कहा कि अयोध्या नगरी से हर जिले को भेजे गए पूजित अक्षत कलश शिव मंदिर महादेव में स्थापित किए गए थे। जिन्हें 16 कलशों के माध्यम से विभिन्न स्थानों के लिए भेज दिया गया है।

इस दौरान गाड़ी में रखे गए कलशों को नगर का भ्रमण करवा कर डोडेश्वर महादेव मंदिर में शोभायात्रा की समाप्ति के बाद कलशों को विभिन्न स्थानों के धार्मिक स्थलों में स्थापना के लिए दायित्वान कार्यकर्ताओं के माध्यम से भेज दिया गया है। पहली से 15 जनवरी तक हर घर में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया जाएगा।

### जय श्रीराम की धुन में गूंजा जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल में रविवार को अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश जिन्हें जोगिंद्रनगर जिला के सनातन धर्म मंदिर में रखा गया था। उसे विधि विधान के सहित जोगिंद्रनगर जिला के पांच खंडों बरोट, पधर, मछियाल, चौंतरा, लड़भडोल व नगर की चारों बस्तियों को विधि विधान सहित शोभायात्रा निकाल कर भेजा गया। इस शोभायात्रा में जोगिंद्रनगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पूरा जोगिंद्रनगर जय श्रीराम की धुन से गूंज उठा। संयोजक गौरव ने बताया कि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश में जोगिंद्रनगर जिला के हर घर से अक्षत पुष्प वितरित किए जाएंगे।

### पधर पहुंची अक्षत कलश यात्रा, स्वागत किया

**पधर।** श्रीराम जन्म भूमि पर रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर में आयोजित की जा रही अक्षत कलश यात्रा रविवार को पधर मुख्यालय पहुंची। श्रीराम कलश का पधर के प्रवेश द्वार डलाह के पास लोगों ने पुष्प वर्षा व बैंड बाजे की भक्तिमय धुन के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद श्री राम के जय घोष के साथ कलश यात्रा पधर बाजार से होते हुए शिव मंदिर पहुंची। महात्मा एकादशी गिरी जी महाराज के सानिध्य में शिव मंदिर पधर में पवित्र अक्षत कलश की स्थापना की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन अवस्थी, कै. हेम सिंह, दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका कविता चौहान, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप बिष्ट, जिप सदस्य शारदा ठाकुर, जिला मंत्री दीप कुमार, ललित कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## हर हाथ अनंत ज्ञान




मैहतपुर : अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए विशेष ओपंलिक एसोसिएशन के जिला महासचिव पंकज सहोड़।




ऊना बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति लेकर खुशी जाहिर करते विशाल और अजय चौधरी।




मैहतपुर : अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करती हुई रायपुर सहोड़ा की कमला देवी।

## न्यूज ब्रीफ

### आज बसदेहड़ा पहुंचेगी पूजित अक्षत यात्रा

**मैहतपुर।** नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा के शिव मंदिर से सोमवार सुबह अयोध्या से भगवान श्रीराम के पूजित अक्षत पहुंचेंगे। इसके उपलक्ष्य पर शिव मंदिर बसदेहड़ा से अक्षत कलश यात्रा सुबह 9:30 बजे प्रारंभ होगी। अक्षत कलश यात्रा में नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा, मैहतपुर पंचायत व रायपुर पंचायत सहित अन्य समीपवर्ती गांवों के राम भक्त शिव मंदिर बसदेहड़ा में एकत्रित होकर यात्रा में सम्मिलित होंगे। यह यात्रा वार्ड-4 से मैहतपुर बाजार होते हुए रायपुर सहोड़ा गांव तक जाएगी। इसके बाद वापस शिव मंदिर बसदेहड़ा में यात्रा का समापन होगा। यह जानकारी राम भक्त विवेक भारद्वाज ने दी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस यात्रा में शामिल होकर भगवान श्रीराम जी का आशीर्वाद लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नगर में अयोध्या से भगवान श्री राम जी के पूजित अक्षत का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### हांडा स्वर्णकार संघ के चेयरमैन नियुक्त



जिला स्वर्णकार संघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

**ऊना।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ ऊना की बैठक शनिवार रात को निजी होटल ऊना में प्रधान प्रिंस राजपूत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विजय हांडा को स्वर्णकार संघ का चेयरमैन नियुक्त किया गया। इसके अलावा श्याम हांडा व मूलराज सोनी को उपाध्यक्ष, संजीव सोनी को कोषाध्यक्ष, विजय धीर को सलाहकार, महासचिव रजत कोहली, शहरी उपाध्यक्ष अनिल हांडा नियुक्त किया गया। नवनियुक्त चेयरमैन विजय हांडा ने अपनी नियुक्ति पर सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्वर्णकारों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाया जाएगा। इस अवसर पर अनुज ब्राह्मी, गगरेट जोन से प्रिंस, राजू सोनी व साहिल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक की माता के निधन पर शोक जताया



बंगाणा में विधायक के घर शोक प्रकट करते विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

**बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने रविवार को कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के पैतृक गांव चराडा तुतडू में पहुंचकर उनकी माता के निधन पर शोक व्यक्त किया। शनिवार को विधानसभा सत्र के समापन के बाद हिमाचल सरकार में खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी विधायक की माता के निधन पर गांव पहुंच कर शोक प्रकट किया। विधायक देवेंद्र भुट्टो को सांत्वना देकर माता की आत्म शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। शनिवार देर शाम हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर ने भी विधायक के घर पहुंचकर उनकी माता के निधन पर शोक प्रकट किया। बीते 12 दिसंबर को विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो की माता रत्नी देवी का निधन हो गया था। इसी कारण विधायक देवेंद्र भुट्टो धर्मशाला में हुए विधानसभा के शीत सत्र में शामिल नहीं हो सके। विधायक की माता की मृत्यु के बाद प्रदेश सरकार के अलावा विपक्षी नेता भी लगातार देवेंद्र भुट्टो के घर जाकर शोक प्रकट करने पहुंच रहे हैं।

# गगरेट पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**उपमंडल** गगरेट के नंगल जरियाला गांव में किशोरी के अपहरण के बाद की गई हत्या के मामले का गगरेट पुलिस ने पटाक्षेप कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हत्या क्यों की इसका पटाक्षेप भी पुलिस जल्द करेगी।

दरअसल जिस दिन किशोरी का अपहरण हुआ उस दिन किशोरी को एक मोटरसाइकिल चालक के साथ जाते देखा गया था। पुलिस को एक ऐसा चश्मदीद भी मिला, जिसने कुछ दिन पहले उक्त किशोरी को अपनी गाड़ी में जबरन बिठाने का प्रयास किया था। जिस पर जब उक्त चश्मदीद ने उसे ऐसा करने से रोका तो उक्त व्यक्ति की चशदीद से बहस भी हुई। इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाने में एसएचओ सनी गुलेरिया, एएसआई कुलदीप सिंह, एएसआई त्रिलोचन सिंह, एचसी अंकुश, एचसी जीवन दिन रात एक किए हुए थे। पुलिस की मेहनत रंग लाई और पुलिस ने जब उक्त व्यक्ति को बुलाकर पूछताछ की, तो वह पुलिस के सवालों के संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। उसने जिसके साथ ग्यारह दिसंबर को होने की बात कही। उनसे भी पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन उनके और व्यक्ति के बयान अलग-अलग आए। यही नहीं, उक्त व्यक्ति रजनीगंधा खाने का भी शौकीन है और पुलिस को शव के पास रजनीगंधा का खाली पैकेट मिला था। सारी बातें इस हत्याकांड के पीछे उक्त व्यक्ति की ओर इशारा कर रही हैं। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उक्त व्यक्ति की पहचान सुनील राणा निवासी संधानी (पंजाब) हाल निवासी दौलतपुर चौक के रूप में हुई है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने इसकी पुष्टि की है।

## पंजाब की युवती ने लगाया जीजा पर छेड़छाड़ और गलत ढंग से टच करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**पंजाब** के जिला रूपनगर की एक युवती ने बंगाणा उपमंडल के गांव लिदकोट निवासी अपने जीजा पर छेड़छाड़ तथा गलत ढंग से टच करने के संगीन आरोप लगाए हैं। पीड़ित युवती का आरोप है कि उसके जीजा ने उसके साथ छेड़छाड़ तथा गंदे तरीके से छूने का प्रयास किया है। पुलिस थाना बंगाणा पहुंचकर पीड़ित युवती ने लिदकोट निवासी जसविंदर कुमार के खिलाफ शिकायत की है। शिकायत में युवती ने कहा कि उसकी माता की मृत्यु एक सड़क दुर्घटना में हुई थी। मेरा एक छोटा भाई भी है, जो कि दिमागी तौर पर स्वास्थ्य नहीं है। मेरी माता की मृत्यु के क्लेम के जो पैसे मिले उसकी एफडी करवाने के नाम पर जीजा मुझे अपने साथ गाड़ी में बिठा कर ले गया। कुछ दूर जाकर जीजा ने मुझे गंदा काम करने के लिए मजबूर किया। इसके अलावा मेरी माता की मृत्यु के क्लेम के रुपयों की गड़बड़ी का केस पंजाब में जीजा के साथ चल रहा है। शिकायतकर्ता युवती ने कहा कि जीजी की इस हरकत के बाद मैं मानसिक तनाव में चली गई। इस घटना ने मुझे झकझोर कर रख दिया था। इस घटना की शिकायत जब मैंने पंजाब पुलिस थाना में करनी चाही, तो उन्हें मुझे इस वारदात का स्थान हिमाचल में होने का हवाला दिया। इस संदर्भ में एक शिकायत महिला पुलिस थाना में भी की गई है। पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत के बाद आरोपी जसविंदर कमार के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।



युवती की शिकायत पर उसके जीजा के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 354 ए, 504 तथा 506 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी व्यक्ति को पूछताछ के लिए जल्द बुलाया जाएगा। पीड़ित युवती की शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी।
**-अर्जित सेन ठाकुर, एसपी ऊना।**

## यातायात नियम तोड़ने पर 106 वाहनों के चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 106 वाहनों के चालान किए हैं, जिसमें से तीन चालानों का मौके पर ही निपटारा करके 1500 रुपए जुर्माना किया है। वहीं पुलिस ने अन्य 103 चालानों को कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि ऊना जिला में बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियम तोड़ने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

## ब्रह्मपुर में मां-बेटे के साथ मारपीट



**गगरेट।** पुलिस थाना गगरेट के तहत पड़ते ब्रह्मपुर गांव में मनीष कुमार ने उनके घर में घुसकर मारपीट करने पर तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। मनीष कुमार पुत्र दर्शन सिंह निवासी ब्रह्मपुर ने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार रात गांव का ही मुकेश कुमार अन्य आरोपियों के साथ इसके घर के आंगन में आए व मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट की घटना में वे तथा उनकी माता घायल हो गए हैं। इनकी मारपीट से मेरे बाएं हाथ की अनामिका अंगुली व शरीर के अन्य भागों में चोटें आई हैं तथा मेरी माता की टांग पर भी चोट आई है। पुलिस ने मनीष की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर मामले की जांच कर रही है।

## रामानुजन को कहा जाता है गणित का जादूगर : वक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**ज्यादातर** स्टूडेंट्स को जिस विषय से डर लगता था, उस विषय से रामानुजन प्रेम करते थे। उन्हें गणित का जादूगर भी कहा जाता था, उन्होंने गणित में कई उपलब्धियां हासिल की थीं। यह बात करियर प्वांइट यूनिवर्सिटी कें आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए एक्सपर्ट के तौर पर मौजूद एनआईटी हमीरपुर के प्रोफेसर केएल वर्मा व डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कही। वक्ताओं ने कहा कि उनका पूरा नाम श्रीनिवास अयंगर रामानुजन था। बचपन से ही उन्हें गणित में रुचि थी, जिसकी वजह से उन्होंने महज 12 साल की उम्र में त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। इस कार्यक्रम में डीन अकेडमिक प्रोफेसर एचआर शर्मा, विभागाध्यक्षा रक्षा चंदेल, डॉ. मनु विनीत शर्मा, डॉ. समीर, डॉ. शिल्पा सूद व डॉ. शिखा चंदेल व स्टूडेंटस भी मौजूद थे।



**स्वागत** ऊना: ईको टूरिज्म सदस्य बनकर ऊना विश्राम गृह पहुंचे पितांबर जसवाल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व ऊना कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी।

## अखिल शिमला लोस के प्रभारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हिमाचल** यूथ कांग्रेस ने जिला ऊना से संबंध रखने वाले अखिल अग्निहोत्री को नई जिम्मेदारी दी है। अखिल अग्निहोत्री को हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस को शिमला लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

अखिल अग्निहोत्री ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अल्लाह वरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीबी, हिमाचल युवा कांग्रेस के प्रभारी विनीत कंबोज, प्रदेश प्रभारी योगेश हांडा व प्रदेश युवा के अध्यक्ष निगम भंडारी का आभार जताया है। अखिल अग्निहोत्री ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए हर दायित्व को बखूबी से निभाया है। अब मिली नई जिम्मेदारी को भी ईमानदारी से निभाया जाएगा और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए कार्य किया जाएगा। इससे पहले अखिल अग्निहोत्री कांग्रेस पार्टी में हमीरपुर लोकसभा के सचिव और महासचिव रह चुके है। वहीं मौजूदा में हमीरपुर लोस युकां के प्रभारी व युकां उपाध्यक्ष के पद पर रहकर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं।





ऊना। स्थानीय डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल अतुल महाजन तथा मुख्यातिथि स्थानीय समिति के उपाध्यक्ष बलविंद्र सिंह शिविर में विशेष तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्य और शिक्षा को समर्पित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया




जेआर मॉडल हाई स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में प्रस्तुति देते नन्हे बच्चे।

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**

**मैहतपुर** के सबसे पुराने जेआर मॉडल हाई स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में क्षेत्र के समाजसेवी तेजपाल शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देने चाहिए, बिना संस्कारों की शिक्षा किसी काम की नहीं। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में हमें बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सनातन संस्कृति से जोड़कर रखना होगा। समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शैक्षिक गतिविधियों के लिए कृषक, माधव, मायरा, रिया, अक्षित, नीतीश, अर्जुन, जीवन, माही, राधिका, अमनदीप, मन्नत, मनजिंदर, गौरी, नित्या, आयन, फरहान तथा प्रिशा को सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य शैलजा बाली ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा प्रबंध निदेशक प्रवीण शर्मा ने आए हुए अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर अमृत लिंगम, अरविंद शर्मा, सच्ची सहेली वेलफेयर सोसाइटी की चेयरपर्सन उमा कालिया, समाजसेवी संजय सोनी, डॉ. शकुंतला आर्य ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अश्वनी बाली, नीलम, सुशांत शर्मा, मोहित शर्मा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

**तैयारी** सतपाल सिंह रायजादा ने ली बैठक, संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील

# सुस्त पड़े संगठन को पूर्व विधायक ने किया 'गियरअप'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

आज ऊना के मुख्यालय पर पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने सुस्त पड़े संगठन को गियरअप करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। आगामी वर्ष में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस बैठक को कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार होने के कारण कांग्रेस पार्टी को प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने का दबाव रहेगा। शहरी इकाई की बैठक में पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील की। इसके साथ-साथ उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का जिम्मा निभाने की भी ड्यूटी लगाई। पूर्व विधायक ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार को ज्यादा से ज्यादा मतों से विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं। भाजपा की गुमराह करने वाली नीतियों के खिलाफ जनता में उसका मुंह तोड़ जवाब दें। सतपाल सिंह रायजादा ने कहा कि संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए आगामी कुछ दिनों में और भी इस तरह के बदलाव संभव हैं। इसके अलावा इसी प्रकार संगठन की बैठक आयोजित की जाएंगी। सुस्त पड़े संगठन को नए दिशा-निर्देश जारी करके नई कार्य योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि संगठन के अनुभवी और पूर्व में रहे पदाधिकारी को भी नई जिम्मेदारी आने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सौंपी जाएगी।



तिलक राज सैणी को शहरी इकाई अध्यक्ष बनाने पर फूल माला पहनाते कार्यकर्ता।

## तिलक राज सैणी को मिली शहरी इकाई की कमान

**तिलक** राज सैणी को शहरी कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने तिलक राज सैणी के नाम का प्रस्ताव रखा। उसे सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वीकार कर लिया। इस मौके पर वरुण पुरी, पुनीत, राकेश बाबा, संदीप बेदी, हितेश सैनी, राघव पुरी ने तिलक राज सैणी को शहरी कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। तिलक राज सैणी ने बताया कि शहर में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। तिलक राज सैणी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और सतपाल रायजादा का धन्यवाद किया।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



सुजानपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते मस्त राम।



हमीरपुर जिले के सुजानपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते रविंद्र डोगरा।



हमीरपुर जिले के सुजानपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते राम गुप्ता।



हमीरपुर जिले के सुजानपुर में अशोक शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



हमीरपुर जिले के सुजानपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते वीरेंद्र गुप्ता।

### पीडब्ल्यूडी से खुदाई की स्वीकृति ली नहीं और शुरू कर दिया सीवरेज डालने का काम

# पहले ही सड़क तंग, अब लग रहा जाम

**विक्रम ढटवालिया, दोसड़का**

हमीरपुर शहर के साथ सटे दोसड़का इलाके में पीडब्ल्यूडी की स्वीकृति के सड़क खोदने काम शुरू हो गया। सीवरेज डाले जाने के इस मामले को लेकर अब काम बंद गया है। पहले ही तंग ... समस्या बढ़ गई है। आसपास के दुकानदारों को भी उखाड़ी गई सड़क की वजह से धूल-मिट्टी उड़ने से समस्या का सामना करना पड़ रहा है। काम कब तक फिर शुरू होगा, अभी पता नहीं है।

**अब काम बंद, जब तक पैसे नहीं होंगे जमा, विभाग से नहीं मिलेगी स्वीकृति**


सीवरेज डालने के लिए ऐसे खोदी गई नाली।

दरअसल में इस इलाके में पिछले काफी समय से जिन घरों में अभी तक सीवरेज के कनेक्शन नहीं हो पाए हैं, उनके लिए सीवरेज बिछाने की मांग चल रही थी। अब ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया, लेकिन सड़क उखाड़ने के लिए जो पैसा जमा आईपीएच ने करवाना था, वह करवाया नहीं, इसीलिए यह लापरवाही अब लोगों पर भारी पड़ रही है। तकरीबन अढ़ाई मीटर सड़क को उखाड़ कर पाइपलाइन डाली जानी है। यहां पर सड़क के किनारे तो यह पाइपलाइन डाली ही जाएगी। सड़क के बीचोंबीच भी पाइपलाइन डलनी है, इसीलिए यह समस्या खड़ी हुई। (अनंत ज्ञान)

### लोगों को झेलनी पड़ रही है परेशानी

**यहां** पर आसपास सड़क के एक किनारे में पानी की निकासी के लिए नाली भी बनाई गई है, लेकिन लोगों की नाराजगी यह है कि इस निकासी नाली को ढाका नहीं गया है। यह काफी गहरी भी है, इसीलिए यहां लोगों को समस्या झेलनी पड़ती है। इस पानी की निकासी वाली नाली को ढाका जाए और लोगों के लिए चलने लायक फुटपाथ बना दिए जाएं तो उनकी समस्या हल हो जाएगी।

**रोके** गए काम को फिर से शुरू करने के लिए बोल दिया गया है। संबंधित विभाग ने अब पैसा जमा करवाने के लिए कह दिया है। एक-आध दिन में यह प्रक्रिया मुकम्मल हो जाएगी।
-संजय कटोच, एसडीओ पीडब्ल्यूडी हमीरपुर

## 26 को दड़ूही में कामगार करवाएं अपना पंजीकरण

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत दड़ूही की प्रधान उषा बिरला ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के अंतर्गत जो कामगार उनकी पंचायत से संबंध रखते हैं, उनका पंजीकरण 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे से पंचायत कार्यालय दड़ूही में किया जाएगा। उषा बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए केंद्र की योजना है। इसमें 13000 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान 18 पारंपरिक व्यवसाय के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि शिल्पकार और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पहले चरण में एक लाख तक की और दूसरे चरण में दो लाख रुपए तक की सहायता पांच प्रतिशत की ब्याज दर पर दी जाएगी।


उषा बिरला, प्रधान

## सठवीं बीट में जड़ से उखाड़े जा रहे खैर के पेड़

बड़सर। उपमंडल बड़सर के अंतर्गत आने वाली सठवीं वन बीट में दस वर्षीय अवधि के तहत बचे हुए खैरों को काटने की परमिशन वन विभाग ने कुछ ठेकेदारों को दी है। जिसके चलते खैरों के कटान का काम सठवीं, सुदर, बोनी इत्यादि गांवों में चला हुआ है, जिसमें ठेकेदार द्वारा जमींदारों को खैरों के ऊपरी हिस्से के पैसे दिए जा रहे हैं।

नियमों के विपरीत खैरों को जड़ों से ही उखाड़ा जा रहा है। फारेस्ट विभाग जमींदारों के खैरों की रैवेन्यू विभाग के साथ जमींदारों की सहमति से मिलकर खसरा वाइज निशानदेही कर खैरों को क्लासवाइज मार्क करवाता ताकि खसरा नंबर से मार्क किए गए खैर ही काटे जा सकते हैं। ठेकेदार बिना मार्क किए खैर काट ही नहीं रहे हैं बल्कि जड़ों से भी उखाड़ रहे हैं। हालांकि शिकायत के बाद वन विभाग के अधिकारी हरकत में आए और उन्होंने कार्रवाई करते हुए पेड़ों को जड़ों से उखाड़ने पर रोक लगा दी है तथा आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

समाजसेवी एवं शिकायत कर्ता परमजीत ढटवालिया के मुताबिक महिला ठेकेदार द्वारा नियमों के विपरीत कई दर्जन पेड़ जड़ से उखाड़ कर लाखों की चांदी कूटी गई है। उन्होंने डीएफओ हमीरपुर से माग की है कि इस मामले पर उचित कार्यवाही की जाए। उधर, आरओ बिझड़ी अमर चंद का कहना है कि जड़ों से उखाड़ दिए गए पेड़ों की डेमेज रिपोर्ट बना कर आगामी कार्रवाई की जा रही हैं।

## राज राजेश्वरी कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हमीरपुर।** भोटा स्थित राज राजेश्वरी कॉलेज आफ एजुकेशन द्वारा एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस एक दिन के भ्रमण पर प्रशिक्षु वर्ग ने माता ज्वालाजी, माता बज्रेशवरी व चामुंडा माता का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्टूडेंटस ने अपनी संस्कृति के विषय के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राज कुमार धीमान ने प्रशिक्षु वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण एक ज्ञानोपार्जन का कार्य भी करते हैं व यह सभी क्रियाएं शिक्षा का एक महत्वपूर्ण भाग हैं।

यह एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह डोगर द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट भेजा गया था। इस शैक्षणिक भ्रमण में समन्वयक गुलशन ठाकुर, कॉलेज कमेटी के सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर व कॉलेज का स्टाफ भी मौजूद था।


शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु कॉलेज प्रबंधन के साथ।

## विधायक ने किया ओवरहेड पेयजल टैंक का लोकार्पण


धरोग पंचायत के गाहलियां गांव में विधायक अशीष शर्मा का स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

धरोग पंचायत के गाहलियां गांव में चालीस हजार लीटर की क्षमता वाले ओवरहेड पेयजल टैंक का लोकार्पण सदर के विधायक अशीष शर्मा ने रविवार को किया। दस लाख रुपए की लागत से निर्मित इस टैंक से पंचायत के तीन गांवों गाहलियां, धरोग और भियूंट के पांच वार्डों की पेयजल समस्या दूर होगी और सुचारु पेयजल आपूर्ति होगी।

इस दौरान टैंक निर्माण को भूमि दान देने वाले ग्रामीण मास्टर जगन्नाथ सहित जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को विधायक आशीष शर्मा ने सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि गांवों को अब पेयजल समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गाहलियां गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है।

इस दौरान जो भूमि संबंधी समस्या गांव की सड़क निर्माण में आ रही है, उसके समाधान के लिए भी स्वयं विधायक ग्रामीणों से मिले और समस्या का समाधान करवाया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को भी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि गाहलियां गांव सड़क सुविधा से वंचित है। भूमि संबंधी विवाद को सुलझा कर विधायक ने ग्रामीणों को तोहफा दिया है। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों साहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## शिक्षा में बड़े बदलाव कर रही प्रदेश सरकार : बिट्टू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शैक्षणिक ढांचे में बहुत बड़ा बदलाव कर रही है और शीघ्र ही इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे। यह बात मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल झगड़ियाणी के सालाना समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही। बिट्टू ने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी प्राइमरी कक्षाओं से ही अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई आरंभ की जाएगी। इससे बच्चों का प्राइमरी स्तर से ही बेस मजबूत होगा और वे उच्च कक्षाओं में विशेषकर गणित तथा साइंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों में बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। बिट्टू ने कहा कि हिमाचल में आपदा के समय केंद्र सरकार से कोई भी मदद नहीं मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रभावित परिवारों के लिए 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज जारी करके एक मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री की इस दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवाभाव के कारण ही उन्हें देश के चार सबसे मजबूत मुख्यमंत्रियों में शामिल किया गया है। उन्होंने कुश्ती में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली वंशिका शर्मा और राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने वाले अरमान, कर्ण, मोनित, वेदांत और अन्य खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिए। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल डॉ. राकेश चंदेल, कांग्रेस के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।


मेधावी स्टूडेंटस सुनील शर्मा बिट्टू व स्कूल प्रबंधन के साथ सामूहिक चित्र में।

### वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह में बोले विधायक राजेंद्र राणा

## नशे की रोकथाम को हिमाचल में बनेगा कानून

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते नशे की रोकथाम के लिए जल्द सख्त कानून बनेगा नशे की रोकथाम के लिए हम सबको आगे आना होगा। यह बात सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बढ़ता नशा चिंता का विषय है। नशे की रोकथाम के लिए उन्होंने विधानसभा में भी इस विषय पर सख्त कानून बने इस बात को रखा है, इसलिए नशे की रोकथाम को लेकर सरकार जल्द सख्त कानून बनाने जा रही है। इससे पहले यहां पहुंचे मुख्यातिथि का विद्यालय प्राचार्य बलवंत सिंह एवं स्टाफ सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि राणा को शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक राजेंद्र राणा का स्वागत करते हुए लोग।

## लखनपाल ने मोहलवीं स्कूल के स्टूडेंट्स को बांटे पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने रविवार को शिवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहलवीं के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा में व्यापक सुधार कर रही है। सरकारी स्कूलों में भी इंग्लिश मीडियम में शिक्षा आरंभ करने का निर्णय लिया गया है तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों में मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि युवाओं में नशे की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। शिक्षक और अभिभावक अपने बच्चों पर नजर रखें और उन्हें नशे से बचाएं। उन्होंने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया से बच्चों को परहेज करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इससे पहले प्रधानाचार्य सविता शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



विधायक लखनपाल शिवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहलवीं के शिक्षकों के साथ।

## भोऊ स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, नादौन**

इंकलाब संस्था व धौलासिद्ध वेल विंग यूथ क्लब भोऊ द्वारा भोऊ के स्कूल मैदान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के नशे से आजादी अभियान के तहत किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ जीहण पंचायत की प्रधान सुमना देवी ने किया। उनके साथ वार्ड पंच पूजा देवी, वर्षा रानी, एसएमसी प्रधान अनीता रानी, इंकलाब संस्था के उपाध्यक्ष अंकुश परमार, मनोज, एडवोकेट प्रवीन कौशल, संजीव कौशल, नितिन, भोऊ यूथ क्लब के प्रधान सोनू कुमार व उपप्रधान संजीव उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने उपस्थित टीमों और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से आज युवा पीढ़ी नशे के जाल में फंसी है, इस तरह के खेलों के आयोजन जरूरी हैं। प्रतियोगिता में आठ टीमें ने भाग ले रही हैं, जिसके शुरुआती मोगली टीम ने भलेठ की टीम को और भोऊ की टीम ने हमीरपुर की टीम को हराया।


कबड्डी का मैच खेलते खिलाड़ी।

## सुनील शर्मा 26 को मेधावी स्टूडेंट्स को बांटेंगे टैब

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू 26 दिसंबर को दोपहर एक बजे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 की बोर्ड परीक्षाओं में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले हमीरपुर खंड के मेधावी स्टूडेंट्स को प्रदेश सरकार की श्रीनिवास रामानुजन योजना के तहत टैबलेट प्रदान करेंगे। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर के प्रधानाचार्य ने शिक्षा खंड हमीरपुर के पात्र स्टूडेंट्स से 26 दिसंबर को ये टैबलेट प्राप्त करने की अपील की है।

**जुनून** जिंदगी के झंझटों से बाहर निकलकर पढ़ाई के लिए समय निकालो

## बाप-बेटी एक ही संस्थान में कर रहे एलएलबी की पढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पढ़ाई के लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती, हालांकि समय का निश्चित रूप में फर्क पड़ता होगा, लेकिन पढ़ाई यदि उम्र दराज व्यक्ति भी कर रहा हो तो यहां न केवल उसके परिवार और बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहता है, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए उसका फायदा मिलता है। तभी तो कहा जाता है कि जिंदगी के झंझटों से बाहर निकलकर पढ़ाई के लिए समय निकालो। जिंदगी अपने आप खुशहाल हो जाएगी।

सुजानपुर के पास आलमपुर के रहने वाले बाप-बेटी एक ही संस्थान में एलएलबी की पढ़ाई कर रहे हैं। पढ़ाई में जिंदगी और बुढ़ापे का खेल चलता रहता है। शौक बड़ी चीज है, उसके आगे सब कुछ फीका नजर आता है। पुलिस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट डरोह में निरीक्षक के पद पर कार्यरत प्रवीण राणा ने उम्र के आंकड़ों को नजर अंदाज करते हुए अपने शौक को पूरा करने में हमेशा ही बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। वह हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के रीजनल अध्ययन केंद्र धर्मशाला में अपनी छोटी बेटी अंशिका राणा के साथ एलएलबी कर रहे हैं।

बाप और बेटी यदि दोनों एक ही संस्थान में पढ़ाई कर रहे हों तो यह आजकल की युवा पीढ़ी के लिए अकल्पनीय, अविश्वसनीय व अद्भुत पल होना चाहिए। प्रवीण राणा मूल रूप से राजा आलम चंद की नगरी सुजानपुर के साथ आलमपुर से ताल्लुक रखते हैं। उनकी बड़ी बेटी दीक्षा राणा ने भी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से बीए एलएलबी की है।


प्रवीण राणा अपनी बेटी अंशिका राणा के साथ।

### पढ़ाई कभी भी रुकती नहीं

**पुलिस** में प्रवीण ने बहुत ही सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं, जिस वजह से उन्हें कई तरह के प्रशंसनीय मेडल मिल चुके हैं। उन्हें कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। उनका कहना है कि पढ़ाई कभी भी रुकती नहीं है। इसके लिए उम्र आड़े नहीं आती। आज की युवा पीढ़ी के लिए यह प्रेरणा का स्रोत है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर की शिलान्यास पट्टिका तोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला में विकास कार्यों की शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिकाओं के तोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। भोरंज विधानसभा में शिलान्यास पट्टिका के तहस-नहस करने के बाद अब शरारती तत्वों ने सदर विधानसभा क्षेत्र के तरोपका में शिलान्यास पट्टिका पर अपनी भड़ास उतारते हुए उसे तोड़ कर नीचे फेंक दिया। भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने शरारती तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंडल प्रवक्ता विक्रमजीत सिंह बन्याल ने बताया कि तारोपका में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं पूर्व विधायक नरेंद्र ठाकुर के कर कमलों द्वारा तारोपका से जमली धाम संपर्क मार्ग की शिलान्यास पट्टिका लगाई गई थी। मगर अब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम की यह पट्टिका गायब हो गई है। भाजपा पदाधिकारियों ने चेतावनी दी और कहा कि जल्द ही यदि उक्त शरारती तत्वों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो भाजपा सड़कों पर उतरकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी।

### विपक्ष ने नौटंकियां कर जनता का किया मनोरंजन

**हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने धर्मशाला में संपन्न हुए विधानसभा सत्र पर विपक्षी भाजपा के रवैए पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सत्र में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने जहां सदन के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर सरकार के दृष्टिकोण और योजनाओं को सार्थकता एवं स्पष्टता के साथ प्रदेश की जनता के समक्ष प्रस्तुत किया, वहीं भाजपा विधायक दल ने पूरे सत्र के दौरान अपनी विभिन्न नौटंकियों से प्रदेश की जनता का मनोरंजन करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में मुद्दा विहीन हो चुकी है और जब जब मुख्यमंत्री ने बीजेपी नेताओं को सदन में उनके शासनकाल के घोटालों तथा विफलताओं का आईना दिखाया।

### सुजानपुर में होगा भगवान श्रीराम का स्वागत समारोह

**सुजानपुर।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान सुजानपुर में भी स्वागत और अभिनंदन समारोह किया जाएगा। प्रकाश संडयाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुजानपुर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह तय किया गया कि यह कार्यक्रम भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वागत और अभिनंदन समारोह प्राचीन मुरली मनोहर मंदिर में मनाया जाएगा।

### संस्था ने गरीब बच्चों को दी आर्थिक सहायता

**नादौन।** नादौन उपमंडल की सेवानिवृत्त सर्वहित संस्था साधबड़ की मासिक बैठक शनिदेव मंदिर गौना में हुई। जिसमें संस्था द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए संस्था द्वारा दी जाने वाली मासिक सहायता वितरित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने की। जिसमें संस्था के सुरेश कुमार निवासी गौना ने संस्था की समाज सेवा की भावना को देखते हुए संस्था की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में संस्था के मनोज शर्मा, रतन कौंडल, प्रधान अमीं चंद, राम पाल, सुरेश कुमार, छोटे राम आदि ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि बैठक में संस्था ने 11वीं के आर्यन कुमार को पढ़ाई के लिए जून से सितंबर तक तीन हजार रुपए, तानिया, सानिया को 300-300 रुपए मासिक, बी-टैक कर रहे अभिषेक को 500 रुपए मासिक, अंकिता भाटिया व अहसी भाटिया को अप्रैल से दिसंबर तक 900-900 रुपए की आर्थिक सहायता पढ़ाई के लिए दी।

### परमार्थ इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया क्रिसमस-डे

**हमीरपुर।** परमार्थ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कृष्णा नगर के स्टूडेंटस ने दरिद्र नारायण कल्याण समिति द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम एवं वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र कृष्णा नगर में क्रिसमस-डे बड़ी धूमधाम से मनाया। संस्था के अध्यक्ष मिलाप सिंह ने बताया कि इस अवसर पर सभी को मिष्ठान भी भेंट किए गए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन और सभी के सहयोग के प्रति कृतज्ञ और आभार प्रकट किया।

### ओएसए करवाएगी भोरंज स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**भरेड़ी।** रविवार को ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन योगदान भोरंज की बैठक बस्सी में हुई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। संस्था के सचिव किशोर आजाद और अध्यक्ष सुदेश ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया आज बस्सी में संस्था की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि संस्था आने वाले समय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में स्कूल प्रबंधन के सहयोग से विभिन्न सत्रों के स्टूडेंट्स के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करवाएगी। बैठक में अभिषेक ठाकुर, देवेंद्र सिंह ठाकुर, दिनेश संधू आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### जिला वुशु खेल संघ के अध्यक्ष बने नंद लाल

**भरेड़ी।** जिला वुशु खेल संघ हमीरपुर का गठन तरक्वाड़ी के निजी होटल में हिमाचल प्रदेश वुशु खेल संघ अध्यक्ष शिव पाल मिन्हासा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें भारतीय वुशु संघ के उपाध्यक्ष पीएन आजाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ हिमाचाल सेपक टाकरा संघ के संयुक्त सचिव हेम राज, हिमाचल मलखम्भ के महासचिव रवि ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर चेयरमैन राकेश चंद्र, सीनियर उपाध्यक्ष राजेश कुमार, राज कुमार, आरएस परमार, अध्यक्ष नंदलाल शर्मा, उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, एडवोकेट बीआर जसवाल, रणवीर सिंह, जनरल सेक्रेटरी डॉ. वीरेंद्र, जॉइंट सेक्रेटरी चंद्रशेखर, कोषाध्यक्ष रसेल ठाकुर, संजीव कुमार, राकेश कुमार, विशाल शर्मा, संजीव कुमार इत्यादि को बनाया गया।

### जख्मी बैल का पशु पालन विभाग ने किया इलाज

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के मानपुल में जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए लगाई गई फाई में एक आवारा बैल के फंसने के मामला प्रकाश में आया हैं। यह बैल फाई तोड़ कर पंचायत में इधर-उधर भाग रहा था। फाई के गले में फंस जाने के कारण यह जख्मी भी हो गया था । जिसकी सूचना पंचायत वासियों ने पशु पालन विभाग नादौन को दी। पशु चिकित्साधिकारी नादौन डॉ. अशोक चंदला ने इस पर कार्रवाई करते हुए कर्मचारी संजीव कुमार व स्थानीय लोगों की सहायता से उस आवारा बैल को पकड़ कर उसका उपचार किया।

### बॉस्केटबाल में हारसीपत्तन ने शिमला को हराया

**हमीरपुर।** टौणी देवी कस्बे में रविवार को तारा रत्न मेमोरियल दो दिवसीय अंडर-19 ब्वॉयज बॉस्केटबाल टूर्नामेंट शुरू हुआ। प्रदेश भर से करीब 12 टीमें हिस्सा लेने पहुंची हुई है। टूर्नामेंट की ओपनिंग प्रसिद्ध शिक्षाविद् विक्रम सिंह राणा ने की। इस मौके पर जिला परिषद चेयरमैन बबली, डायरेक्टर स्पोर्ट्स डॉक्टर राजीव, विजय बहल, तिलक राज बहल, राज कुमार बहल सहित अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। विजेता टीम को 15 हजार व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 13 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा बॉस्केटबाल गेम से जुड़े क्षेत्र के पुराने खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए मैचों में टौणी देवी ने हरोली को 42-33, हारसीपत्तन ने शिमला को 45-29, मंडी ने बिलासपुर को 50-27 तथा सरकाघाट ने कांगड़ा को 56-52 से हराकर अपने अपने मैच जीत लिए।

बधाइयां



हिमाचल प्रदेश से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

-हरीश नड्डा, समाजसेवी बिलासपुर।

# शक्तिपीठ श्री नयना देवी में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

**शक्तिपीठ** श्री नयना देवी में रविवार के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने जहां पर मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहीं, प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां डालीं। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शनों के लिए पहुंचे। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। हालांकि दोपहर की आरती के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ फ्लाईओवर को पार कर गई।



शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में रविवार को मां के दर्शनों के लिए लाइनों में खड़े श्रद्धालु।

## लाइनों में लगकर किए मां के दर्शन, जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**श्रद्धालुओं** ने लाइनों में लगकर मां श्री नयना देवी के दर्शन किए। वहीं, भक्तों के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मंदिर के होमगार्ड के जवानों ने श्रद्धालुओं को लाइनों में ही मंदिर के अंदर भेजा और मंदिर की सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा। मंदिर के निकासी और मुख्य द्वार के पास पंजाब की समाजसेवी संस्था बस्सी पठाना और रोपड़ के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए चाय पानी की व्यवस्था की, जिसकी श्रद्धालुओं ने खूब सराहना की।

# बिलासपुर में दो दिवसीय 39वां राज्यस्तरीय युवा उत्सव शुरू

## सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने किया शुभारंभ



मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते जिला खेल अधिकारी रवि शंकर।



दो दिवसीय युवा उत्सव के शुभारंभ पर अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** में रविवार को युवा सेवाएं एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में दो दिवसीय 39वां राज्य स्तरीय युवा उत्सव शुरू हुआ। इसका शुभारंभ सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने किया। प्रतिभागियों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

मुख्यातिथि बंबर ठाकुर ने द्वीप प्रज्वलन कर उत्सव का आगाज किया। भाषा एवं संस्कृति विभाग के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में शुरू हुए इस युवा उत्सव में प्रदेश के 10 जिलों के करीब 450 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें कांगड़ा, मंडी, शिमला, बिलासपुर, सोलन, ऊना, चंबा, कुल्लू, मंडी, हमीरपुर आदि जिला शामिल हैं। बिलासपुर के जिला खेल अधिकारी रवि शंकर मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला खेल अधिकारी रवि शंकर ने बताया कि दो दिवसीय युवा उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। सामूहिक लोकनृत्य व लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोक गायन व लाइफ स्किल में भाषण प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में पद्मश्री विद्या नंद सरैक, डॉक्टर मीना वर्मा, डॉक्टर सूरत राम ठाकुर, डॉक्टर हुकम सिंह शर्मा, राजकुमार सकलानी, सुषमा गुलेरिया निर्णायक मंडल की भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर डीवाईएसएसओ हेडक्वार्टर हिमाचल अनुराग वर्मा, नगर परिषद के अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप, जिला खेल अधिकारी कुल्लू पूजा ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी श्याम कौंडल मौजूद रहे।

### युवा उत्सव में 450 प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

# बाहोट कसोल की कृतिका ठाकुर का राष्ट्रीय कबड्डी अंडर-17 में चयन

**बिलासपुर।** कोलडैम क्षेत्र के बाहोट कसोल गांव की कृतिका ठाकुर का चयन राष्ट्रीय कबड्डी टीम अंडर -17 में हुआ है। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। जालपा कबड्डी अकादमी के संचालक व कोच सुभाष ठाकुर ने बताया कि कृतिका ठाकुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कसोल में नौवीं कक्षा की छात्रा है और कसोल के सुरेश ठाकुर की पुत्री है। कृतिका ने जालपा कबड्डी अकादमी में प्रशिक्षण लिया है और तीन साल की कड़ी मेहनत और परिश्रम से कृतिका ठाकुर ने राष्ट्रीय स्तर पर जाने वाली टीम में अपनी जगह बनाई है। वहीं, जालपा अकादमी के सभी सदस्य खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सभी ने कृतिका के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। वहीं, विवेकानंद युवक मंडल बाहोट कसोल के सभी सदस्यों ने कृतिका ठाकुर और उसके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सुभाष ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर खेल के क्षेत्र में अहम योगदान दे रहे हैं। अनुराग ठकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर जिले को दो खेल अकादमी दी गई हैं, जिसमें कुश्ती की अकादमी चांदपुर व जालपा कबड्डी अकादमी हरनोडा में खोली गई है।



### कसोल स्कूल में नौवीं कक्षा में कर रही पढ़ाई

# प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा रहे गौरव: सांख्यान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिटिया** फाउंडेशन की अध्यक्षा सीमा सांख्यान ने बरमाणा में एक दिवसीय अंडर-18 वॉलीबाल खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। ग्रामीण स्तर पर हो रही खेल प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की 12 टीमों ने भाग लिया।

सीमा सांख्यान ने बच्चों की ओर से किए गए खेल आयोजन के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल में जीतना और हारना एक अलग बात है। खेल-खेल में बच्चा अच्छी बातों को सीखता है और अपने नए मित्र भी बनाता है। खेल हमारे जीवन में अच्छे चरित्र और अनुशासन जैसे नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। इन नैतिक मूल्यों के आधार पर ही हमारे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और समाज को नशे की बुरी आदत से दूर रहने के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से जहां हमें अनुशासनात्मक जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। वहीं, दूसरी ओर एक टीम के रूप में कार्य करने की सीख भी मिलती है।

### बरमाणा में एक दिवसीय अंडर-18 वॉलीबाल प्रतियोगिता में 12 टीमों ने लिया हिस्सा

## 10 छात्रों का पांच सितारा होटल जयपुर में चयन

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के बी-वॉक हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के 10 विद्यार्थियों का चयन पांच सितारा होटल डी रॉयल पैलेस होटल जयपुर में हुआ है। होटल की मैनेजर प्रीति भारद्वाज ने वर्चुअली बच्चों के इंटरव्यू लिए। इन विद्यार्थियों को तीन महीने का प्रशिक्षण देने के बाद नौकरी प्रदान की है। प्रीति भारद्वाज ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 5000 प्रति महीना स्टाइपेंड दिया जाएगा और जॉब ट्रेनिंग करने के बाद जॉब प्लेसमेंट देगा। 19 हजार रुपए सालाना व रहना व खाना होटल की तरफ से व्यवस्थित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों में अनमोल शर्मा, नितिन, कनक, अलका, प्रिया, शगुन, चौहान सपना, शालिनी, 27 दिसंबर से जयपुर में अपनी प्रशिक्षण शुरू करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम कृष्ण व बी-वॉक के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सीताराम ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रोफेसर राजीव चौहान ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म सेक्टर विद्यार्थियों के लिए जॉब की अपार संभावनाएं हैं।

# दनोह गांव में हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ



दनोह गांव में हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ में भाग लेते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दनोह गांव में रविवार को हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ का आयोजन किया गया। एक माह तक अपने घरों में हनुमान चालीसा पाठ करने के बाद दनोह गांव के मूल निवासी दो कुटुंबों के 31 परिवारों ने धार्मिक कार्यक्रम के अंतिम दिन ग्राम देवता मंदिर परिसर में 11 कुंडीय हवन का आयोजन किया।

कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के मार्गदर्शन में हनुमान सेवा समिति और महिला मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अपने पूर्वजों की जानकारी अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लगाई गई वंशावली (वंश वृक्ष) आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान चालीसा पाठ यज्ञ के तहत रविवार सुबह गांव की महिलाओं की मंगल गीत की प्रस्तुति से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। सुंदर कांड पाठ के आयोजन के बाद बच्चों ने मंच संभाला। भजन और देशभक्ति के गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। प्रतिभागी बच्चों को पंचायत की वार्ड मेंबर नीलम व महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता ने पुरस्कृत किया। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया। गांव के 31 परिवारों के 165 सदस्यों ने 11 कुंडों में हवन में आहुतियां डालीं। हनुमान सेवा समिति दनोह के संयोजक रविंद्र कुमार व ओयल पंचायत उपप्रधान रामलाल ने आयोजन के बारे में जानकारी दी।

# अनियंत्रित कार पहाड़ी से टकराई, पांच लोग घायल




**घुमारवीं।** किरतपुर-मनाली फोरलेन पर रोहिण में एक कार अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। कार में सवार दिल्ली निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली से अपने चार दोस्त धैर्य नारंग, अमित नारंग, सुमित शर्मा, अभय राज प्रताप सिंह के साथ मनाली जा रहा थे।

कार को अजय राज चला रहा था और जब वह रोहिण के पास पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहाड़ी से जा टकरा कर पलट गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को सिविल अस्पताल सुंदरनगर पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर किया गया। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### किरतपुर-मनाली फोरलेन पर रोहिण में हुआ हादसा

## शिवा अंतरराष्ट्रीय विद्यालय में मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# बच्चों ने देशभक्ति गीतों से लूटी वाहवाही



शिवा अंतरराष्ट्रीय स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में रंगारंग प्रस्तुति देते बच्चे।



प्री-नर्सरी से चौथी कक्षा के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**शिवा** अंतरराष्ट्रीय विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर शिल्पा गोयल ने वार्षिक रिपोर्ट पर प्रकाश डाला। समारोह में प्री-नर्सरी कक्षा से लेकर चौथी कक्षा तक के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोहा।

बच्चों ने योगा, मेरे घर राम आए, बम-बम बोले, सपने रे, सपने अंगुली पकड़ के चलना सिखाया, मुझे माफ करना आ साहेबा, ओम साईं राम सहित देशभक्ति गीत पेश कर वाहवाही लूटी। एसडीएम गौरव चौधरी ने कहा कि सभी बच्चों का प्रदर्शन काफी काबिलेतारीफ रहा। सभी बच्चों ने बेहतर ढंग से अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। बच्चों से कहा कि वह अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए पूर्ण प्रयास करें। जीवन मे कई कठिनाई आती हैं लेकिन कठिनाइयों का सामना वही करते हैं, जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटे होते हैं। समारोह के सफल आयोजन पर शिवा समिति के प्रबंधक निदेशक ई. पुरुषोतम शर्मा ने सभी को बधाई दी। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक सुंदरनगर भारत भूषण, डॉ. हर्षा एनएम, डायरेक्टर कम शिवा बीएएमएस कॉलेज एंड हॉस्पिटल, स्कूल शिक्षा समिति के चेयरमैन भगत राम, प्रबंधक निदेशक पुरुषोतम, सचिव मधु शर्मा, कार्यकारी निर्देशक आयुष व अदिति उपस्थित रहे।

## अव्यवस्था | नगर परिषद घुमारवीं के अधिकांश वार्डों की सुंदरता को लगा ग्रहण



नगर परिषद घुमारवीं के वार्ड में कचरे से जाम हुई नाली।

# गंदगी से नालियां जाम सड़क में बह रहा गंदा पानी

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**नगर** परिषद घुमारवीं के अधिकांश वार्डों की नालियों में गंदगी से शहर की सुंदरता को ग्रहण लग गया है। लंबे अरसे से नालियों में गंदगी पसरी हुई है। साफ-सफाई नहीं की गई है, जिससे सरकार के स्वच्छता अभियान के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। प्रशासन लोगों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक तो करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। कूड़े-कर्कट से नालियां जाम हो गई हैं। बारिश होने पर नालियों का पानी सड़क पर बहता रहता है। वहीं, पानी का बहाव न होने से नालियों में उठती बदबू से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। वहीं, नगर परिषद की ओर से सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर में कई जगहों पर नालियां खुली हैं। इस कारा बदबू से राहगीर खासे परेशान हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कई जगह नहीं बनाई नालियां

**वार्ड** छह के लोगों का कहना है कि पानी निकासी के लिए कई रास्तों पर नाली नहीं बनाई गई हैं। इस कारण पानी एक जगह इकट्ठा हो जाता है। इससे कई बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नालियों की सफाई नहीं की जाती है। नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्याम शर्मा का कहना है कि वार्ड नंबर छह में बनी नालियों में जल्द ही पाइप डाल दी जाएगी। नगर परिषद के अन्य वार्डों में भी बनी नालियों की सफाई करवाई जाएगी।

# घुमारवीं में राजेश धर्माणी ने सुनी जनसमस्याएं



पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घुमारवीं में जनसमस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**कैबिनेट** मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घुमारवीं में लोगों की समस्याओं को सुना। लोगों ने मंत्री बनने पर राजेश धर्माणी को बधाई दी। धर्माणी ने लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया और कुछ समस्याओं को पूरा करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है, उसको ध्यान में रखकर ही हर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश सरकार के व्यवस्था परिवर्तन का एक वर्ष बहुत उपलब्धियां भरा रहा है। मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण के बाद ही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत प्रदेश के लगभग 4000 से अधिक अनाथ बच्चे चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट घोषित किए गए हैं। इस योजना के तहत 27 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को 4000 रुपए मासिक पॉकेट मनी, कोचिंग के लिए एक लाख, स्वरोजगार के लिए लघु और सूक्ष्म उद्योग लगाने के लिए दो लाख रुपए, अनाथ बच्चों को 2/3 बिस्वा भूमि और मकान निर्माण के लिए तीन लाख, अनाथ लड़कियों के विवाह के लिए दो लाख रुपए के अनुदान का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया।

# ढली में लोगों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात

## आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन, टनल के भीतर दोनों ओर हिमाचली संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए की गई वॉल पेंटिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के लोगों को आज से ढली में नई टनल की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज टबल लेन टनल का उद्घाटन करेंगे।

इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह, शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा, नगर निगम आयुक्त, महापौर व उपमहापौर उपस्थित रहेंगे। बिटिशकालीन ढली टनल के समानांतर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नई टनल का निर्माण किया गया है, जिसका कार्य अंतिम चरण में पंहुच गया है। खास बात यह है कि इस टनल के भीतर दोनों ओर से हिमाचल संस्कृति को वॉल पैंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। टनल की दीवारों पर सुंदर पेंटिंग की गई हैं, जो देखने में काफी सुंदर लग रही हैं। अतिआधुनिक तकनीक से ढली में टनल का निर्माण कार्य किया गया है। इस टनल के बनने से ऊपरी शिमला व ढली में लगने वाले घंटों के ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिलेगी। ढली में बनी डबल लेन टनल 147 मीटर लंबी है।

इस प्रोजेक्ट पर 55 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। ढली टनल के समानांतर बनने वाली इस डबल लेन टनल में अतिआधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। टनल के किनारों पर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ बनाया गया है। टनल के दोनों छोरों पर सड़क को समतल कर दिया गया है।



टनल के भीतर दोनों ओर हिमाचली संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए की गई वॉल पेंटिंग, मुख्यमंत्री के उद्घाटन से पहले ढली में नई टनल सजी।

### 1852 में अंग्रेजों ने किया था टनल का निर्माण

1852 में ढली में अंग्रेजों ने किया टनल का निर्माण किया था। मौजूदा समय में ढली में ब्रिटिशकालीन ढली टनल का निर्माण 1852 में हुआ था, जो अब बदलते वक्त के साथ काफी पुरानी हो चुकी है। भविष्य में संभावित घटना न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इस सुरंग को बने हुए 150 साल से ज्यादा का समय हो गया है, इसलिए अब विकल्प के तौर पर दूसरी सुरंग को तैयार किया गया है, ताकि लोग इसका इस्तेमाल कर सके। यह सुरंग पूरी तरह से आधुनिक तकनीक के बनाई गई है। आस्ट्रिया की तकनीक से तैयार की गई है सुरंग ढली में जिस जमीन पर सुरंग का निर्माण किया गया है, उसके ऊपर भवन बने हैं, ऐसे में भवनों को खोदाई या सुरंग के बनाते समय किसी तरह का खतरा पैदा न हो, इसलिए आस्ट्रिया की तकनीक का इस्तेमाल कर इसे बनाया गया है। ये तकनीक सुरंग के ऊपर बने भवनों को पूरी तरह से सुरक्षित रखने में मददगार साबित होगी।

# स्वयं सहायता समूह थानाधार के स्टॉल पर महिलाओं से मिले राजेश



समूह की ओर से तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी लेते राजेश कुमार गुप्ता।

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**

ग्रीनबेरी आरकेजी ग्रुप व ग्रीनबेरी वेल्फेयर फाउंडेशन के संस्थापक राजेश कुमार गुप्ता ने दिल्ली हाट की प्रदर्शनी में थानाधार ग्राम संगठन की सेल्फ हेल्प ग्रुप बनकोटी और सेल्फ हेल्प ग्रुप एवरग्रीन के स्टाल पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिल कर काफी खुशी जताई और समूह की ओर से तैयार किए गए उत्पादों की जानकारी ली।

उन्होंने अनुरोध किया कि दिल्ली में रह रहे हिमाचली उनके स्टॉल पर अवश्य आएं और उनके उत्पाद खरीदकर उनका मनोबल बढ़ाएं।

# मोटे अनाजों को अपनाना आवश्यक

## कॉलेज में एनएसएस के शिविर में नेक राम शर्मा ने बतौर रिसोर्स पर्सन की शिरकत

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

रोग रहित रहने के लिए विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों को अपनाना अति आवश्यक है। मोटे अनाज फाइबर युक्त और मानव शरीर के लिए आवश्यक मिनरल्स, विटामिंस और रोग कारक तत्व से भरपूर होते हैं। हमें रसायन युक्त अनाज छोड़ रसायन मुक्त अनाज और सब्जियां अपनाने की अत्यंत आवश्कता है। आज हर ग्रामीण और शहरवासी बीमारियों के मकड़जाल में फंसा हुआ है।

इन बीमारियों के पीछे सही खानपान और रहन-सहन का न होना मुख्य कारण है। खेतों में रसायन प्रयोग करके अपना स्वास्थ्य और वातावरण दूषित कर रहे हैं। यह बात अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत करते हुए पद्म श्री से अलंकृत नेक राम शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयंसेवकों को प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाया और जीवन में स्वस्थ रहने के लिए रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती की तकनीक को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने खान-पान में मोटे अनाज को सम्मिलित करने का सुझाव दिया और बताया कि वह अपने खान-पान की आदत सुधार कर गंभीर रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। प्रारंभिक फसल प्रणाली को पुनर्जीवित करने में अतुलनीय योगदान है और अपने इन्हीं बहुमूल्य विचारों को उन्होंने आज महाविद्यालय परिवार के सदस्य एवं स्वयंसेवकों के बीच साझा किया। (अनंत ज्ञान)



सुन्नी कॉलेज में स्वयंसेवकों को संबोधित करते पद्मश्री नेक राम शर्मा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान कार्यक्रम में डॉ. प्रवीण शर्मा, प्रो. सुचित्रा शर्मा, प्रो. मोनिका, प्रो. कविता सैनी, प्रो.चुन्नी, प्रो. सुष्मिता, प्रो. धर्मेंद्र, अधीक्षक ग्रेड-एक संदेश, अधीक्षक ग्रेड-दो जितेंद्र, एनसीसी यूनिट, रोवर एंड रेंजर्स यूनिट, एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# दरबोग में लगे शिविर में 296 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच



हेल्पेज इंडिया की ओर से निशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच में स्वास्थ्य जांचते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

जिला शिमला की दरबोग पंचायत में हेल्पेज इंडिया की ओर से निशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

हेल्पेज इंडिया की ओर से आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में पांच विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे। जिसमें, मेडिसिन, आर्थो, नेत्र रोग, ईएनटी और महिला रोग के डॉक्टरों की ओर से स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। हेल्पेज इंडिया शिमला इकाई की सामजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका शर्मा ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मे 296 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें से 86 लोगों के खून व शुगर, 90 लोगों का ब्लड प्रेशर तथा 140 लोगों की आखें चेक कर उन्हें चश्मे वितरित किए गए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह पर लोगों को हेल्पेज इंडिया की तरफ से मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। इस शिविर में सामजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका शर्मा व यशपाल मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनावों में एसटी मोर्चे की भूमिका महत्वपूर्ण, कसी कमर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा एसटी मोर्चा शिमला संसदीय क्षेत्र की बैठक एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल ढकोग की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें एसटी मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई और देश की नरेंद्र मोदी की सरकार ने जनजातीय लोगों के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर अनिल ढकोग ने प्रकाश डाला।

आगामी लोकसभा चुनावों में एसटी मोर्चे की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी सभी कार्यकर्ता आगामी चुनावों के लिए कमर कस लें, इस बैठक में शिमला संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी अक्षय भरमौरी ने केंद्र की मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही जनजाति समुदाय के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने के लिए कार्यकर्ता कार्य करें और 2024 में फिर से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार स्थापित हो इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी शुरू करें। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संतोष राज, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा, शांता कुमार नेगी, जिला अध्यक्ष वीना नेगी, सुनील नेगी, रविंद्र शर्मा, प्रियंका विष्ट, मदन तोमर, खजान ठाकुर, सुरेश सिंगटा, गुमान सिंह, बिंदु शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



भाजपा एसटी मोर्चा शिमला संसदीय क्षेत्र की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

# 14 फरवरी से लापता हुए व्यक्ति का नहीं लगा सुराग

**शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला से 14 फरवरी से लापता हुए शख्स का आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। अब पुलिस ने इस शख्स का पता बताने वाले व्यक्ति को इनाम देने की बात कही। इस वर्ष 14 फरवरी को शर्मिला, जो टूटीकंडी की निवासी है, बालूगंज थाना में मामला दर्ज करवाया था कि उनके पति नरेश कौशल 14 फरवरी की सुबह घर से दफ्तर के लिए निकले पर आफिस पहुंचे ही नहीं। 14 तारीख को घर से तो आफिस के लिए निकले पर कहां गए यह पता नहीं चल पाया।

बकौल शर्मिला उन्होंने अपने पति के लिए उनके सभी दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां भी पता किया पर वह कहीं भी नहीं मिले। उनके पति बाइपास के नजदीक आईपीएच आफिस में काम करते हैं। आखिर में उन्होंने पुलिस में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने अपनी और से तफ्तीश पर नरेश का कहीं भी पता नहीं चल सका। अब पुलिस ने नरेश का पता बताने वाले को उचित इनाम देने की बात कही है। बालूगंज थाना में इस केस को देख रहे अन्वेषण अधिकारी छोटू राम ने कहा कि टूटीकंडी निवासी नरेश कौशल इस वर्ष 14 फरवरी से लापता हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यक्ति की जानकारी देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा और उनका नाम पता भी गुप्त रखा जाएगा।

# रिज मैदान पर रक्तदान शिविर में 72 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

गुरु सिंह सभा शिमला की ओर से रिज मैदान शिमला पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विश्व में अद्वितीय 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों की महान शहीदों को समर्पित रक्तदान शिविर, पिछले कई वर्षों की तरह रविवार भी श्री गुरु सिंह सभा शिमला की ओर से आयोजित किया गया।

इसमें 72 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सबसे पहले सुबह 10.30 बजे जपजी साहिब का पाठ किया गया, उसके बाद गुरु साहिब के समक्ष अरदास की गई और उसके बाद इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन उच्च निकाय 'गुरुद्वारा बोर्ड' के सदस्यों की ओर से संयुक्त रूप से गुरचरण सिंह, गुरसागर सिंह, अमरीक सिंह और प्रीतपाल सिंह द्वारा किया गया। शिमला के अन्य गुरुद्वारों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति गुरु सिंह सभा शिमला के कार्यकारी सदस्यों के अलावा उपस्थित रहे व रक्तदान में भाग लिया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा शिमला अध्यक्ष जसविंदर सिंह, परम जीत सिंह आदि मौजूद रहे।



रिज पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदाता का उत्साह बढ़ाते सभा के पदाधिकारी।

# एमसी अधिकारी को देखकर भागे कारोबारी

## अधिकारियों ने लिया लोअर बाजार का जायजा, लाइसेंस वालो को ही बेचने दिया सामान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के लोअर बाजार में अतिक्रमण कर बैठे कारोबारियों पर नगर निगम का डंडा चला, जिनके पास लाइसेंस नहीं थे, उन्हें एमसी अधिकारी ने हटाने के निर्देश दिए। हालांकि कुछ तहबाजारी अधिकारियों को देखकर पहले ही भागने में कामयाब हुए।

निगम ने पहले ही निर्देश दिए थे कि कोई भी लोअर बाजार में अतिक्रमण न करें, लेकिन कुछ कारोबारी नहीं मान रहे हैं। ऐसे में निगम प्रशासन भी अब हरकत में आ गया है और कारोबारियों का सामान भी कई बार जब्त कर दिया जाता है। बीते दिनों नगर टीम ने लोअर बाजार में भी तहबाजारियों पर शिकंजा कसा था। उनका सामान भी उठाकर ले गए थे। लोअर बाजार में भी तहबाजारियों का कई बार जमावड़ा लगा होता है।

ऐसे में यहां पर से दमकल विभाग की गाड़ी तक नहीं निकल पाती है। यहां तक अगर लोअर बाजार में कोई आगजनी की घटना होती है, तो वहां पर से दमकल विभाग का वाहन निकलना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम तभी बार-बार कार्रवाई करता है, ताकि यहां पर तहबाजारी न बैठे और दमकल विभाग का वाहन आसानी से निकल सकें।



राजधानी के लोअर बाजार में अतिक्रमण कर बैठे कारोबारी।





रविवार को विंटर कार्निवाल के लिए रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता रिज मैदान, नगर निगम व जिला प्रशासन की ओर से 25 से 31 तक किया जा रहा आयोजन।

# ग्रामीण इलाकों की सड़कों के लिए डेढ़ करोड़ रुपए किए आवंटित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में लोक निर्माण विभाग ने ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए डेढ़ करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जिससे क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा फायल से मथौली, गड़ेरी से देवीनगर, हिमरी से नाल्टू, शोघी से करेची और देवनगर से रेहारी तक 20 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा।

### इन सड़कों की होगी मरम्मत

लोक निर्माण विभाग शिमला-मंडी, हीरानगर-शहरोग, कांडा-कुनिहार, शारडा-कजैल और घणाहट्टी-पडेच सड़कों की मरम्मत करेगा। इसके अलावा बनूटी-पाहल, फायल-रामपुरी, टूटीकंडी-शीलगांव, संकटमोचन-बडाई, देवनगर से मूलवारी और चनेटी से भूखो तक सड़कों के किनारे डंगे लगाने का काम किया जाएगा। बंगोरा से कालीहट्टी, धानपुर से संदोरा, हलोग से गलोग, जमोग से जुन्नी और थाची से रेहाना सड़कों की मरम्मत की जाएगी। डुमैहर नाला से हरिजन बस्ती, सुन्नी से लुहरी, देवनगर से रिहारी, बवुमा से हिमरी, घणाहट्टी से भजोल, बलेजन से धर्मपुर और गरोल से नाल्टू तक सड़कों की मरम्मत की जाएगी।

**परेशानी** डीडीयू अस्पताल में रोजाना बंदरों व कुत्तों के काटने के मामले हो रहे दर्ज, आवारा कुत्ते लोगों पर कर रहे हमले

# आवारा कुत्तों का आतंक, पैदल चल रहे लोगों पर कर रहे हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक काफी ज्यादा बढ़ गया है। आए दिन यहां पर अवारा कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं।

शहर का माल रोड देख लें या फिर रिज मैदान तक जाने वाले रास्ते या शहर के बाजारों में हर जगह बंदरों व आवारा कुत्तों के झुंड देखने को मिल रहे हैं। यही नहीं, शहर के उपनगरों जैसे टुटू, संजौली, न्यू शिमला, समरहिल, चक्कर, खलीनी व भराड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों का आतंक है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि न प्रशासन और न ही निगम इन आवारा कुत्तों को लेकर कोई कदम उठा रहा है। दीन दयाल उपध्याय अस्पताल में रोजाना कुत्तों व बंदरों के काटने के मामले दर्ज हो रहे हैं। शहर के कई स्थानों पर कुत्तों व बंदरों के झुंड लोगों को घेर रहे हैं। इनकी संख्या बढ़ने पर शहर में महिलाओं और बच्चों को अकेले चलने में डर लग रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूल के बच्चों को आने-जाने में होती है। कामकाजी महिलाओं से लेकर घरेलू महिलाएं बंदरों व कुत्तों के आतंक से परेशान हैं। इनकी संख्या बढ़ने से लोगों को सुरक्षित घर पहुंचने में डर लगता है।

शिमला शहर के डीडीयू अस्पताल में बीते वर्ष बहुत ज्यादा मामले कुत्तों व बंदरों के काटने के आए थे, पिछले साल कुत्तों के काटने के 1637 मामले आए हैं, वहीं बंदरों के काटने के 672 मामले सामने आए हैं। बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष 2023 में कुत्तों व बंदरों के काटने के मामले में भारी बढ़ोतरी हुई है। डीडीयू अस्पताल में बंदरों व कुत्तों के काटने के दर्जनों मामले रोजाना पहुंच रहे हैं।



शिमला में सड़कों पर घूमते हुए आवारा कुत्ते।

### निगम व प्रशासन से कुत्ते उठाने की मांग

अगर शहर के प्रशासनिक अधिकारियों को शहर का आइना दिखाएं, तो शहर के माल रोड, रिज मैदान, हाई कोर्ट के समीप, लोअर बाजार व सिटी चौक में कुत्तों के झुंड सड़कों पर देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों ने निगम व प्रशासन से कुत्तों को उठाने की मांग कर रहें है, ताकि वे रात हो या दिन बेखौफ चल सकें।

कई बार इनके आतंक के कारण लोगों की टांगें, बाजू भी टुट चुके हैं। लोग इनसे बचने के लिए भागते हैं, इसी हड़बड़ाहट में वे नीचे गिर जाते हैं, इस कारण लोग अधिकतर घायल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि छोटे बच्चे अकेले जा रहे हों, तो ये कुत्ते बच्चों पर भौंकना शुरू कर देते हैं, जिससे बच्चे डर जाते हैं।

### उचित कदम उठाएंगे

बता दें कि सितंबर 2023 में प्रदेश उच्च न्यायालय ने बंदरों और आवारा कुत्तों के आतंक से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए आशा और भरोसा जताया कि शिमला निगम, वन विभाग एक-दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करके खतरे को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाएगा।

# शिमला जिले के सभी ब्लॉकों में होगा कार्यकारिणी का गठन



सैनिक विश्राम गृह शिमला में पूर्व सैनिकों की बैठक में मौजूद सैनिक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व सैनिकों की बैठक सैनिक विश्राम गृह शिमला में हुई, जिसमें इंडियन पूर्व सैनिक लीग शिमला हिमाचल प्रदेश के गठन के बारे में चर्चा हुई।

चर्चा में सभी सैनिकों ने ये फैसला लिया कि संग में शिमला जिला के सभी ब्लॉक स्तर पर इस कार्यकारणी के गठन में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने और सभी की सहमति लेने पर ही कार्यकारणी का गठन किया जाएगा, ताकि किसी भी पूर्व सैनिक का कोई विरोध न हो। इसलिए कैप्टन किशन लाल ठाकुर, पूर्व सैनिक विभाग शिमला ग्रामीण की ओर से से निर्णय लिया गया कि शिमला के सभी पूर्व सैनिकों को न्यूज पेपर में और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश पहुंचाया जाए। उसके उपरांत ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पढ़ाई के साथ खेलकूद में रुचि लेनी चाहिए



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

**अर्की।** विकास खंड सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पट्टा बरावरी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त अध्यापक शिवदत्त शर्मा उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय प्रधानाचार्य कमलेश शर्मा ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। मुख्यातिथि ने उपथित स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में रुचि लेनी चाहिए। पढ़ाई से जहां मस्तिष्क का विकास होता है।

### ग्रामीणों ने जताया नसीमा बेगम का आभार



काशीपुर-निहालगढ़ ग्रामीणों के साथ कारपोरेशन लिमिटेड की निदेशक नसीमा बेगम।

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के ग्राम काशीपुर-निहालगढ़ में लंबे समय से ठप पड़ी सिंचाई स्कीम आखिर प्रदेश सिविल सप्लाई कारपोरेशन लिमिटेड की निदेशक नसीमा बेगम के हस्तक्षेप के बाद दुरुस्त कर दी गई है। इस सिंचाई स्कीम के ठीक हो जाने से ग्रामीणों की लगभग 300 बीघ भूमि में फसल को पानी मिल सकेगा, बता दें कि काशीपुर-निहालगढ़ गांव की लगभग 300 बीघा खेती को सिंचित करने वाली कूहल के खराब होने के कारण उन खेतों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पा रही थी। हार कर ग्रामीणों ने आखिर में प्रदेश सिविल सप्लाई कारपोरेशन लिमिटेड की निदेशक नसीमा बेगम को अपनी समस्या से अवगत करवाया, जिसके फलस्वरूप कुछ ही दिनों में यह सिंचाई स्कीम ठीक करवा दी गई।

### 'गणित का दायरा' पर वेबिनार आयोजित



शूलिनी विश्वविद्यालय में गणित दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के गणित विभाग ने धूमधाम के साथ राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया गया। इस अवसर पर 'गणित का दायरा' पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामानुजन के स्थायी प्रभाव से प्रेरणा प्राप्त करते हुए गणित की अनंत संभावनाओं का पता लगाना था। वेबिनार की शुरुआत श्रीनिवास रामानुजन की अंतर्दृष्टि से हुई, जो गणितज्ञों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। चांसलर प्रो. प्रेम कुमार खोसला ने गणितीय अनुसंधान के प्रभाव और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए इसके निहितार्थ पर मुख्य भाषण दिया। वेबिनार के अतिथि वक्ता डॉ. पवन कुमार शर्मा थे, जो राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर से 29 वर्षों से अधिक के अनुभवी एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

### छात्राओं ने जीता बेस्ट इंस्टीट्यूशन पुरस्कार

**सोलन।** जिला सिरमौर के काला अंब में कैंप कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल के नेतृत्व और डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर तरुणा के समन्वय में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में नालागढ़ कॉलेज की छात्राओं का प्रदर्शन बेहतरीन और सराहनीय रहा। इस शिविर में प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेज और निजी महाविद्यालयों के करीब 600 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, तीन दिवसीय योग कैप्सूल, औद्योगिक दौरा, फायरिंग, खेलकूद व निशुल्क नेत्र जांच शिविर जैसी अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें सभी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## विधानसभा का उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने विस क्षेत्र पहुंचे, लोगों ने अभिनंदन कर निकाला जुलूस

# विनय का रेणुका में ढोल-नगाड़ों से वेलकम

**अनंत ज्ञान, श्री रेणुका जी**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के नव नियुक्त उपाध्यक्ष एवं रेणुका के विधायक विनय कुमार का अपने चुनाव क्षेत्र रेणुका पहुंचने पर लोगों ने जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान ढोल-नगाड़े व पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ विशाल जुलूस निकाला गया।

लोगों ने अपने विधायक को कंधे पर उठाकर न केवल उनका स्वागत किया, बल्कि अपनी खुशी भी जाहिर की। विनय ने भगवान परशुराम मंदिर व माता रेणुका मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सामुदायिक भवन में लोगों को संबोधित किया। इससे पूर्व कांग्रेस के कई नेताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू व केंद्रीय नेतृत्व का रेणुका विस क्षेत्र को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर आभार जताया। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय ने कहा कि संवैधानिक पद मिलने के बाद उनके चुनाव क्षेत्र में लोगों के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ गई है, जिसे वह बखूबी निभाएंगे। रेणुका विधानसभा में विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने जो लोगों को 10 गारंटी दी थीं, उनमें से दो-तीन गारंटी पूरी कर दी गई हैं। अन्य गारंटी को भी जल्द पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तपेंद्र चौहान, रेणुका चुनाव क्षेत्र प्रभारी विनोद जिंटा, महासचिव मित्र सिंह तोमर, यशपाल चौहान, युवा कांग्रेस राज्य सचिव ओपी ठाकुर व पंचायत प्रधान पंकज गर्ग सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।



विस उपाध्यक्ष विनय कुमार के स्वागत को श्री रेणुका जी में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय लोग।



विस उपाध्यक्ष विनय कुमार का स्वागत करते स्थानीय लोग व अधिकारी।

### रेणुका विस का विकास एकमात्र लक्ष्य

उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे तीसरी बार प्रदेश विधानसभा में भेजा है, जिसके फल स्वरुप आज उन्हें प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष का पद मिला है। विनय ने सीएम सुक्खू का विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने उन्हें प्रदेश विधानसभा का उपाध्यक्ष बनाया है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का भी आभार जताया। इसी बीच उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का भी स्मरण किया, जिनके कार्यकाल में वह मुख्य संसदीय सचिव बने और रेणुका विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति मिली।

### नाहन में जिला अधिकारियों के साथ की बैठक

इससे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष ने सर्किट हाउस नाहन में जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन से लोगों को बहुत सी अपेक्षाएं रहती हैं। इन्हें पूरा करने के लिए सभी अधिकारी समर्पण भाव, निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करें।

### प्रतिनिधिमंडलों ने किया सम्मानित

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तपेंद्र चौहान, प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य यशपाल तथा रेणुका विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी विनोद जिंटा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विनय कुमार को इस अवसर पर विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने सम्मानित किया, जिनमें रेणुका विधानसभा के सातों जोन अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय बहादुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद परमार, अध्यक्ष कांग्रेस मंडल रेणुका जी तपेंद्र चौहान, रेणुका विधानसभा के प्रभारी विनोद जिंटा, महामंत्री कांग्रेस मंडल मित्तर सिंह तोमर, अध्यक्ष पंचायत समिति तेजेंद्र तोमर, युकां अध्यक्ष अजय भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्टांप ड्यूटी 10 गुना बढ़ाने के फरमान को वापस ले सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डिपुओं पर आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से गरीबों की टूटी कमर

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश की व्यवस्था परिवर्तन वाली सुक्खू सरकार की ओर से भूमि खरीद पर स्टांप ड्यूटी को सीधे 10 गुना बढ़ाने के निर्णय को



असामाजिक और जनता के साथ अन्याय करार दिया है, जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभाली है, तब से प्रदेश की जनता महंगाई की मार से त्रस्त है और सस्ते राशन के डिपुओं पर भी अनेक आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने से गरीबों की कमर तोड़ दी है।

प्रदेश में भूमि खरीद पर स्टांप ड्यूटी सीधा 10 गुना बढ़ाने से प्रदेश की जनता पर बेवजह बोझ लादा जा रहा है। जिला भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि अब पुरुषों को 50 लाख की भूमि खरीद पर छह प्रतिशत और इससे अधिक की खरीद पर आठ प्रतिशत स्टांप ड्यूटी चुकानी पड़ेगी। इसके अलावा जनरल पावर आफ अटार्नी (जीपीए) शुल्क को 100 से बढ़ाकर 1000, 150 से बढ़ाकर 1500 और 200 से बढ़ाकर 2000 रुपए किया गया है। न्यूनतम 1000 पर 5000 रुपए स्टांप ड्यूटी किया गया है। 100 की जगह 200 रुपए जीपीए करना तो सही होता, सरकार पांच प्रतिशत की वृद्धि करती तो उसे उचित माना जाता, लेकिन 100 रुपए को सीधे 1000 रुपए करना कतई सही नहीं है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय से प्रदेश की गरीब जनता की कमर टूट जाएगी। प्रदेश के लिए अच्छे औद्योगिक निवेशकों को आमंत्रित किया जाना चाहिए और राज्य में पर्यटन विकास की नई संभावनाएं तलाश कर अर्थिकी में सुधार लाना चाहिए।

## क्रिसमस और न्यू ईयर मनाने पहुंचे पर्यटक

### सोलन सहित कसौली व चायल के बाजारों में बढ़ी रौनक, जिले के होटल पैक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्रिसमस और न्यू-ईयर में बर्फबारी के आस लिए पिछले तीन दिनों में हिमाचल के प्रवेश द्वार परवाणू होते हुए कसौली, सोलन, चायल और शिमला बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। इससे होटल कारोबारियों में भी उत्साह है।

क्रिसमस और न्यू-ईयर सेलिब्रेशन को लेकर शिमला की तर्ज पर कसौली, सोलन और चायल में भी होटलों को विशेष रूप से सजाया गया है। साथ ही पर्यटकों के आकर्षण को डीजे पार्टी और बोर्न फायर के खास इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों के वेलकम के लिए होटल इंडस्ट्रीज में काफी पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी। ड्राई स्पेल के चलते कम पर्यटक पहुंचे। इस बीच रोजटम होटल कसौली में केक मेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों प्रकार के ड्राई फ्रूट्स को वाइन और रम के मिक्सर में प्रिजर्व किया गया। इससे होटल में आने वाले अतिथियों के लिए क्रिसमस केक तैयार किया जाएगा।

होटल के जीएम बलबीर सिंह ने कहा कि क्रिसमस केक की शुरुआत फ्रांस से हुई थी। रोजटम होटल भी कई वर्षों से इस सेरेमनी को मनाता आ रहा है। इस बार पर्यटकों के आकर्षण के लिए होटल में 24 दिसंबर से 15 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोलन पेरागॉन होटल के चेयरमैन सुरेंद्र वर्मा का कहना है कि होटल में क्रिसमस और न्यू-ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। होटल में आने वाले मेहमान डीजे और बोर्न फायर का भी मजा ले सकेंगे। वहीं, पर्यटन नगरी कसौली व चायल में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को भी पर्यटन नगरी कसौली के बाजार पर्यटकों से गुलजार रहे।



क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सजा सोलन का होटल पैरागॉन।

> क्रिसमस मनाने के लिए शनिवार से ही पर्यटक पहुंचने शुरू हो गए हैं। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। किसी भी तरह की हुड़दंगबाजी पर पुलिस की नजर रहेगी।
> **गौरव सिंह, एसपी सोलन।**

हालांकि होटल कारोबारियों का कहना है कि कोविड के चलते बीते वर्षों के मुकाबले इस बार अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे।

होटल संघ कसौली की माने तो शनिवार को यहां के होटलों में 80 प्रतिशत तक आक्यूपेंसी दर्ज की गई, जबकि रविवार को सभी होटल पैक हैं। वहीं चायल में भी क्रिसमस के लिए सभी होटल पैक बताए जा रहे हैं। रविवार को होटलों में क्रिसमस पार्टियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को इस विशेष दिन को सेलिब्रेट किया जाएगा। वहीं, सोलन पुलिस ने भी जाम से निपटने के लिए तैयारियां कर दी हैं। (अनंत ज्ञान)

## हेल्थ कैंप में 50 से ज्यादा रोगियों ने करवाया इलाज





कॉलेज की एनएसएस यूनिट की ओर से लगाए गए कैंप में इलाज करते चिकित्सक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

एनएसएस यूनिट राजकीय महाविद्यालय रामशहर की ओर से एक दिवसीय फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन पंचायत भवन में किया गया।

नालागढ़ के सेवानिवृत्त एमडी मेडीसिन डॉ. आनंद घिल्डयाल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामशहर की डॉ. प्रतिभा उपस्थित रही। इस अवसर पर रामशहर कॉलेज के प्राचार्या प्रो. सिमरन घिल्डयाल तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशि पालनाटा उपस्थित रहे। एनएसएस के कुल 25 स्वयंसेवियों ने स्थानीय लोगों को मेडिकल कैंप की जानकारी दी तथा स्थानीय लोगों विशेषकर वृद्ध एवं महिलाओं को मेडिकल कैंप के लिए लाने तथा व्यवस्थित तरीके से कैंप को चलाने में सहायता दी। एक दिवसीय मेडिकल कैंप में स्थानीय लोगों को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। इस कैंप में 50 से अधिक लोगों ने मुफ्त इलाज तथा मुफ्त दवाइयां प्राप्त की।

## सहारा शिक्षा केंद्र ने मनाया क्रिसमस पर्व

### कार्यक्रम में वार्ड-14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले सहारा शिक्षा केंद्र हाउसिंग कॉलोनी सपरून सोलन ने रविवार को क्रिसमस पर्व को धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम में वार्ड-14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन उत्कर्ष श्री वास्तव ने की।

कार्यक्रम में सहारा शिक्षा केंद्र के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मनोरंजन किया। केंद्र के बच्चों ने यीशु मसीह की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका के माध्यम से उनके मानवता कल्याण के लिए किए बलिदान को याद किया। इस अवसर पर अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान केडी रॉयल ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। दो वर्ष पहले तीन बच्चों से शुरू किए गए ट्रस्ट में आज 50 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ-साथ बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

बच्चों को घर से आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा दी जारी है। चेयरमैन अध्यक्ष उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीब, अभावग्रस्त, सुविधा विहीन बच्चों को शिक्षित कर समाज के मुख्य धारा में लाना है। अंजलि के सपनों को साकार करने के लिए ट्रस्ट बनाया गया है, जिसे फंडिंग से संचालित किया जा रहा है। मुख्यातिथि राजीव कोड़ा ने सभी को क्रिसमस की बधाइयां दी। साथ ही ट्रस्ट के कार्य की सराहना की। समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा व पोषण की पहल अपने आप में परोपकार का कार्य है। इससे अभावग्रस्त बच्चों को शिक्षित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। इस अवसर पर निर्मला रियोत और सहारा शिक्षा केंद्र की एडमिनिस्ट्रेटर प्रीति ठाकुर व स्टाफ मौजूद रहा।





अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले सहारा शिक्षा केंद्र हाउसिंग कॉलोनी की ओर से क्रिसमस पर्व पर शामिल हुए बच्चे।

## क्रिसमस पर सोलन में आई 20 किलो के केक की बुकिंग

**पूजा वर्मा, सोलन**

तीस तरह के केक क्रिसमस के लिए तैयार किए जा रहे

क्रिसमस मनाने के लिए सोलन भी तैयार हो गया है। बेकरी की दुकानें सजने लगी हैं। क्रिसमस मनाने के लिए लोग केक, पेस्ट्री ,चॉकलेट, टाफियों और सांताक्लाज की ड्रेस और टोपियों की खरीददारी करने लगे हैं।

इस बारे में जब शिव बेकरी सोलन के मालिक मुकेश गुप्ता से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से लोग क्रिसमस के लिए केक की बुकिंग करवा रहे हैं, जिसमें एक किलो से लेकर बीस किलो तक के केक शामिल हैं। उनके प्रतिष्ठान में लगभग तीस तरह के केक विशेष रूप से क्रिसमस के लिए तैयार किए जा रहे हैं। क्रिसमस पर अधिकांशत: पाईन एप्पल, चॉकलेट, वटर स्कॉच, स्टाब्री व ताजा फलों से सुसज्जित केकों की मांग रहती है। मुकेश गुप्ता ने बताया की मफिन, चॉकलेट मफिन, पल्म केक भी विशेष क्रिसमस के मौके पर ही ज्यादा बिकते हैं। पल्मकेक को चॉकलेट, वटर, ड्राई फ्रूट, चेरी, औरेंज पल्प आदि डाल कर तैयार किया जाता है, जो खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी होते हैं। सोलन के बेकरी प्रतिष्ठानों ने क्रिसमस के लिए केकों के रेटों में छूट के आफर चलाए हैं। (अनंत ज्ञान)



दुकानों पर सजे कलात्मक केक।

**नारेबाजी** प्रदेश सरकार को दी चेतावनी, जल्द दिया जाए हक अन्यथा सरकार के खिलाफ होगा आंदोलन

## हाटी मुद्दे पर सतौन नवयुवक मंडल ने शुरू किया अनशन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा मिलने के बाद प्रदेश सरकार की ओर से पैदा किए जा रहे कथित गतिरोध से गुस्साए सतौन नवयुवक मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 24 घंटे का अनशन शुरू कर दिया है। रविवार की सुबह कार्यकर्ता अनशन पर बैठे।

इस दौरान सतौन में जमा लोगों ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि उन्हें जल्द उनका हक दिया जाए अन्यथा सरकार के खिलाफ आंदोलन उग्र किया जाएगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में लोग गिरिपार के प्रवेश की ओर से कहे जाने वाले सतौन में एकत्रित हुए। यहां प्रदेश सरकार की मनमानी के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने अपने विचार में भी व्यक्त किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हाटी समुदाय को जनजातीय का दर्जा प्रदेश की लोकसभा, राज्यसभा की सहमति के बाद और देश के राष्ट्रपति की ओर दे दिया गया है, लेकिन अब प्रदेश सरकार इस अधिसूचना में मीन-मेख निकाल कर कानून को लागू करने में देरी कर रही है। प्रदेश सरकार कहती है कि इस पर केंद्र सरकार का स्पष्टीकरण नहीं आया है, जबकि लोकसभा, विधानसभा से पास होने के बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर भी हो चुके हैं।





दो दिवसीय अनशन पर बैठे सतौन नवयुवक मंडल के सदस्य।

### अनशन में क्षेत्र के युवा आ रहे नजर

गिरिपार के लोग अपना संवैधानिक अधिकार को लेकर अब इंतजार करते-करते थक गए हैं। गिरिपार क्षेत्र में प्रदेश सरकार की इस कथित धींगामुश्ती के खिलाफ जगह-जगह महाखुमली और रैलियां भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्रदेश सरकार के खिलाफ गिरिपारवासी रोष व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में सतौन के नवयुवक मंडल ने 24 दिसंबर से दो-दिवसीय अनशन का ऐलान किया था। आज नवयुवक मंडल के सदस्य दो दिवसीय अनशन पर बैठ गए। खासतौर पर इस अनशन में क्षेत्र के नौजवान युवा नजर आ रहे हैं।

## नालागढ़ में गीता के 12वें व15वें अध्याय का किया सामूहिक पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नालागढ़ में सिद्धार्थ सुपर स्पिनिंग मिल परिसर में रविवार को गीता जयंती का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसका आयोजन प्रदेश गीता परिवार की ओर से किया गया था। यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा था क्योंकि इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का कोई प्रवचन नहीं था। सभी को श्रीमद्भगवद्गीता के 12वें और 15वें अध्याय की लिखित प्रति दी गई थी। साथ ही रामरक्षा कवच की प्रति भी दी गई थी।

उपस्थित सभी लोगों ने श्रीमद्भगवद्गीता के 12वें और 15वें अध्याय का सामूहिक रूप से पाठ किया। इसके साथ ही राम रक्षा कवच का भी पाठ किया गया। इसके पश्चात् श्रीमद्भगवद्गीता से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी मंजूषा में उपस्थित लोगों के अतिरिक्त स्कूली बच्चों ने उत्साह से भाग लिया तथा बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए गीता परिवार हिमाचल की ओर से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वारघाट से आए बाबा सेवागिरी की ओर से दीप जला कर किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्था सुपर स्पिनिंग मिल के प्रबंध निदेशक राम गोपाल अग्रवाल के अतिरिक्त मास्टर सुरेंद्र शर्मा, लाला रूप नारायण, जिला संघचालक महेश कुमार, चक्रधर मिश्र, योग भारती के सचिव डॉक्टर किशोर ठाकुर, चक्रधर मिश्रा, योगेश भरतिया, संजीव राणा के अतिरिक्त सिद्धार्था कंपनी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



नालागढ़ में गीता जयंती पर गीता पाठ करते लोग।




# वुमंस टीम इंडिया ने पहली बार टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को चटाई धूल

## 8 विकेट से हराया, 7 विकेट लेने वाली स्नेह राणा बनी प्लेयर ऑफ द मैच

**भारतीय** वुमंस टीम ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया। विमेंस टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत की ऑस्ट्रेलिया पर यह पहली टेस्ट जीत है। भारत में इस बार दोनों टीमों के बीच इकलौता टेस्ट खेला गया था। मैच के चौथे और आखिरी दिन रविवार 24 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में 161 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत को जीत के लिए महज 75 रन का टारगेट मिला। इसे भारत ने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। स्नेह राणा प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। इससे पहले भारत और ऑस्ट्रेलियाई वुमंस टीमों के बीच पांच टेस्ट सीरीज खेली गई थी, जिसमें तीन ऑस्ट्रेलिया जीता। दो ड्रॉ रहे थे।

- पहली पारी में 219 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 261 रन
- पहली पारी में 406 रन बनाने वाले भारत को 75 रन का मिला लक्ष्य

दूसरी पारी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। शेफाली वर्मा ( 04 ) ने पारी की पहली गेंद पर चौका मारा, लेकिन गार्थ के इसी ओवर में विकेटकीपर एलिसा हीली को कैच दे बैठीं। बेन मूनी ने गार्डनर की गेंद पर रिचा घोष ( 13 ) का आसान कैच टपकाया जबकि उन्होंने खाता भी नहीं खोला था। स्मृति और रिचा ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर भारत की राह आसान की। रिचा के आउट होने के बाद स्मृति ने जेमिमा के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।


ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर।

**एजेंसी, मुंबई**

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ, जब मेजबान टीम ने रविवार को एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के 5 विकेट चटकाए, जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई।

भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं।

पिछले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ जीत के दौरान जहां जेमिमा, शुभा सतीश और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे नए टेस्ट सितारे उभरे तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की रिचा घोष ने पदार्पण करते हुए 52 रन की पारी खेली।

चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया।

ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपनी 46 रन की बढ़त को मजबूत करने पर टिकी थी, लेकिन पहले सत्र में 45 मिनट के भीतर ही उसने अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए।

पूजा वस्त्राकर (40 रन पर एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई।

स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा।

राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया।

- भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है, जबकि छह मैच गंवाए हैं। टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट मैचों में भारत की पहली जीत

**भारतीय** महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है।

# जैसमीन–अरुंधती आसानी से क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**एजेंसी, ग्रेटर नोएडा**

**महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप**

**राष्ट्रमंडल** खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन (60 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधती चौधरी (66 किग्रा) ने रविवार को 5–0 के समान स्कोर से जीत हासिल कर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। जैसमीन ने राउंड 16 मुकाबले में मणिपुर की थोंगाम कुंजारानी देवी पर 5–0 की जीत से अंतिम आठ में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत महाराष्ट्र की पूनम कैथवास से होगी। अरुंधती का सामना क्वार्टरफाइनल में पंजाब की कमलप्रीत कौर से होगा। अरुंधती ने राउंड 16 में अमिता को 5–0 से पराजित किया। अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में साक्षी (57 किग्रा) ने दिल्ली की ज्योति पर रैफरी द्वारा मैच रोके जाने से राउंड 16 में प्रवेश किया, जिसमें वह तेलंगाना की रेफा मोहिद के सामने होंगी। हरियाणा की स्वीटी बूरा (81 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की साई देवखर के सामने होंगी। स्वीटी ने राउंड 16 में उत्तर प्रदेश की कनिष्का के खिलाफ जोरदार मुक्के जड़े, जिससे तीसरे राउंड में रैफरी ने मुकाबला रोककर 2023 विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता स्वीटी को विजेता घोषित किया।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने से खेल में मदद मिली : स्टार्क

**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** के सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए अतीत में आईपीएल की लुभावनी पेशकश ठुकराईं, जिससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली।

स्टार्क ने कहा कि आईपीएल के दौरान ब्रेक से उन्हें तरोताजा होने और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए फिट रहने में मदद मिली। 'एएपी' ने स्टार्क के हवाले से कहा कि एक तरह के क्रिकेट कार्यक्रम को व्यवस्थित करना ही काफी कठिन है, एक साथ दो की बात तो छोड़ ही दो। इसलिए मैंने हमेशा क्रिकेट से दूर एलिसा के साथ समय बिताया है या परिवार के साथ समय बिताया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए तैयार और फिट रहने के लिए अपने शरीर को तरोताजा रखा। उन्होंने कहा कि मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से मेरे टेस्ट क्रिकेट को मदद मिली है। पैसा हमेशा अच्छा होता है और निश्चित रूप से इस साल भी था, लेकिन मैंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता दी है।



# क्या ऐसे खेलेगा इंडिया..?

# ट्रेन की टॉयलेट में बैठे खिलाड़ियों का वीडियो वायरल


सीट नहीं मिलने के बाद ट्रेन के शौचालय में बैठकर सफर करतीं महिला खिलाड़ी।

**एजेंसी, रायपुर**

**'खेलेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया'** जैसे नारा देने वाली मोदी सरकार की पोल उस वक्त खुल जाती है, जब नेशनल जिमनास्टिक की महिला खिलाड़ियों को भारतीय रेल में सीट भी नहीं मिली। सीट नहीं मिलने के बाद महिला खिलाड़ियों को ट्रेन के शौचालय में बैठकर सफर करना पड़ा। बताया जा रहा है कि महिला खिलाड़ियों ने करीब 20 से 22 घंटे का सफर शौचालय में बैठकर तय किया। महिला खिलाड़ियों का ट्रेन की टॉयलेट में बैठे वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से देश की राजधानी नई दिल्ली में जिमनास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भिलाई के भी 10 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें डाइट भी नहीं दी गई है। प्रतियोगिता में उनके परिजन भी शामिल हो गए थे। प्रतियोगिता के बाद घर लौटने पर परिजनों ने पूरी घटना की जानकारी दी है।

- ट्रेन में नेशनल महिला जिम्नास्टिक खिलाड़ियों को नहीं मिली सीट
- टॉयलेट में बैठकर तय किया 22 घंटे का सफर

### ये मोदी जी का अमृतकाल है

**वीडियो** वायरल होने के बाद मोदी सरकार निशाने पर आ गई है सोशल मीडिया पर लोग तंज कस रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है कि 'ये मोदी जी का अमृतकाल है, जिसमें जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ी टॉयलेट के पास बैठने पर मजबूर हैं। सत्ता में बैठी हुकूमत नारा है कि **'खेलेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया' क्या ऐसे खेलेगा इंडिया..?**

# ज्यादती होगी तो पहलवानों के पक्ष में अग्रणी भूमिका निभाएंगे : खाप

**एजेंसी, भिवानी**

**भारतीय** कुश्ती महासंघ की नवनिर्वाचित संस्था को खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद फोगाट खाप पंचायत ने पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए एक बैठक की और कहा कि अगर खिलाड़ियों के साथ ज्यादती हुई तो खाप उनके पक्ष में अग्रणी भूमिका निभाएगी। रविवार को चरखी दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप की कार्यकारिणी बैठक प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में हुई।

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने डब्ल्यूएफआई के निलंबन को ढोंग करार दिया

**मुंबई।** शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने रविवार को कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित करना एक 'ढोंग' है। एनसीपी ने कहा कि ऐसा करके सत्तारूढ़ भाजपा महिला पहलवानों की मदद नहीं करने के आरोप से खुद को मुक्त नहीं कर सकती। एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ''यदि ऐसा किया जा सकता है तो उन्होंने चुनाव क्यों कराने दिए?

# टेस्ट मैच से पहले टीम से जुड़े विराट कोहली सेंचूरियन में टीम इंडिया के साथ की प्रैक्टिस

**एजेंसी, सेंचूरियन**

**टीम** इंडिया के स्टार बैटर विराट कोहली पहले टेस्ट मैच से पहले भारत से साउथ अफ्रीका वापस लौट गए हैं। दो दिन पहले कोहली पारिवारिक कारणों से भारत लौट आए थे। पीटीआई के मुताबिक, कोहली आज यानी 24 दिसंबर को सेंचूरियन पहुंचे और आधे घंटे बाद प्रैक्टिस सेशन में शामिल हो गए। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 26 दिसंबर से सेंचूरियन में खेला जाएगा।





### टीम ने प्रैक्टिस सेशन में पसीना बहाया

**टीम** इंडिया का का पहला प्रैक्टिस सेशन रविवार सुबह हुआ। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा और कोहली दोनों ने नेट्स में बैटिंग की। इसके अलावा केएल राहुल को विकेटकीपिंग का अभ्यास करते हुए देखा गया। रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर ने भी गेंदबाजी का जमकर अभ्यास किया है।

**थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से झारखंड के चांडिल में 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित होगा टूर्नामेंट**

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की थ्रो बॉल टीम जाएगी झारखंड

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**थ्रो** बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से झारखंड के चांडिल में 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की सब जूनियर टीम का चयन और अभ्यास मैच का आयोजन हुआ।

मानसी राणा को लड़कियों की टीम का प्रमुख और आरुषि को उपप्रमुख, जबकि आदर्श राणा को लड़कों की सब जूनियर टीम का प्रमुख और आदित्य को उपप्रमुख बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राष्ट्रपति पुरस्कार के सम्मानित एनएसएस वॉलिंटर ऋषभ चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों की मानसिक क्षमताओं के विकास में भी एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। हिमाचल की टीम 25 दिसंबर को हिमाचल से चांडिल (झारखंड) में जाएगी।

### कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, सोलन और सिरमौर के खिलाड़ी चयनित

**थ्रो** बॉल के लिए कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, सोलन, सिरमौर जिलों से खिलाड़ियों का चयन हुआ है। लड़कियों की सब जूनियर टीम में अनुष्का, आरुषि, अंजलि, मानसी राणा, वर्षा रानी, अंशिका राणा, दीया शर्मा, शिवानी ठाकुर, आकांक्षी, आकृति शर्मा, राधिका शर्मा, कृतिका को शामिल किया गया है। लड़कों की टीम में अनुराग राणा, आदर्श राणा, करण देव, अभिनव भाटिया, सत्यम शर्मा, भार्गव शर्मा, आदर्श शर्मा, रोहन ठाकुर, आदित्य राणा, अक्षित ठाकुर, पुष्पित, अक्षित शर्मा, आशीष शर्मा, अनुराग शर्मा, ललित को चयनित किया गया है। इस मौके पर एसोसिएशन के राकेश राणा, अक्षय शर्मा, पूर्ण, तीक्ष्ण, नीरज नरेश, अजय, यशवीर, इंदु बाला, राजेंद्र सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चुनी गई लड़के व लड़कियों की प्रदेश स्तरीय थ्रो बॉल टीम।

# बेरोजगारी से मचा हाहाकार, साउथ अफ्रीका में सबसे ज्यादा बेरोजगारी

**दुनिया के टॉप 10 में भारत सातवें नंबर पर**

एजेंसी, नई दिल्ली


दुनिया में सबसे ज्यादा बेरोजगारी साउथ अफ्रीका में है। यहां पर बेरोजगारी से हाहाकार मचा हुआ है। स्पेन, तुर्की, इटली, ब्राजील, फ्रांस और भारत में भी बेरोजगारी दर उच्च है। कई देशों में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। इन देशों में युवाओं के पास रोजगार नहीं है और गरीबी लगातार बढ़ रही है। दुनिया के टॉप 10 बेरोजगारी वाले देशों में पाकिस्तान का नाम शामिल नहीं है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स ने दुनिया के दस सबसे ज्यादा बेरोजगारी वाले देशों की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत का नाम भी शामिल है।

दुनिया में सबसे ज्यादा बेरोजगारी साउथ अफ्रीका में है। यहां पर बेरोजगारी की दर 31.9 फीसदी है। वहीं बेरोजगारी में दूसरे नंबर पर स्पेन है। स्पेन में बेरोजगारी की दर 11.84 फीसदी है। इसके बाद तीसरे नंबर पर तुर्की है। तुर्की में बेरोजगारी दर 8.5 फीसदी है। बेरोजगारी में चौथे नंबर पर इटली है। यहां पर बेरोजगारी की दर 7.8 फीसदी है। इसके बाद ब्राजील में 7.6 फीसदी है। फ्रांस में 7.4 फीसदी बेरोजगारी दर है। बेरोजगारी की लिस्ट में 7वें नंबर पर भारत का नाम है। भारत में बेरोजगारी की दर 7.1 फीसदी है। भारत के बाद 8वें नंबर जर्मनी है। यहां पर बेरोजगारी की दर 5.9 फीसदी है। कनाडा में बेरोजगारी की दर 5.8 फीसदी है। इसके बाद अर्जेंटीना में 5.7 फीसदी, इंडोनेशिया में 5.32 फीसदी, चीन में 5 फीसदी और साउदी में बेरोजगारी की दर 4.9 फीसदी है। यूके में बेरोजगारी की दर 4.2 फीसदी है। आस्ट्रेलिया में 3.2 फीसदी और यूएस में 3.7 फीसदी है।

## घरेलू शेयर बाजार में टाटा और इंफोसिस को हुआ नुकसान, शीर्ष दस में रिलायंस टॉप पर

# रिलायंस का दबदबा, 47,021 करोड़ का फायदा

एजेंसी, नई दिल्ली



घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बीते सप्ताह देश की दस सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 70,312.7 करोड़ रुपए बढ़ गया, जिनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे रही। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ की स्थिति में रहीं। हालांकि शीर्ष दस कंपनियों में शामिल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को नुकसान का सामना करना पड़ा। इन सात कंपनियों का संयुक्त रूप से घाटा 68,783.2 करोड़ रुपए रहा। एक सप्ताह पहले रिकॉर्डतोड़ तेजी हासिल करने के बाद बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स के लिए पिछला हफ्ता मुनाफावसूली का जोर रहने से 376.79 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट लेकर आया। हालांकि देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन इस अवधि में 47,021.59 करोड़ रुपए बढ़कर 17,35,194.85 करोड़ रुपए हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का भी इस दौरान मूल्यांकन 12,241.37 करोड़ रुपए बढ़कर 6,05,043.25 करोड़ रुपए हो गया।

### एचडीएफसी को हुआ फायदा

**एचडीएफसी** बैंक का मूल्यांकन 11,049.74 करोड़ रुपए बढ़कर 12,68,143.20 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,235.29 करोड़ रुपए घटकर 6,97,095.53 करोड़ रुपए रह गया।

| शीर्ष 10 कंपनियां | |
|---|---|
| 1 | रिलायंस |
| 2 | टीसीएस |
| 3 | एचडीएफसी बैंक |
| 4 | आईसीआईसीआई बैंक |
| 5 | इन्फोसिस |
| 6 | हिंदुस्तान यूनिलीवर |
| 7 | भारतीय स्टेट बैंक |
| 8 | आईटीसी |
| 9 | एयरटेल |
| 10 | एलआईसी |

### इंफोसिस को हुआ नुकसान

**इंफोसिस** का पूंजीकरण 7,159.5 करोड़ रुपए घटकर 6,48,298.04 करोड़ और आईटीसी का मूल्यांकन 3,991.36 करोड़ रुपए घटकर 5,67,645.03 करोड़ रह गया।

**गीता जयंती**



# कोलकाता में एक लाख से अधिक लोगों ने किया गीता पाठ

एजेंसी, कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में गीता जयंती के दूसरे दिन रविवार को एक लाख से अधिक लोगों ने गीता का पाठ किया। इस दौरान द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती के साथ हजारों साधु-संत भी मौजूद रहे। कवि नजरुल के लिखे हुए गीत- 'हे पार्थ सारथी बजाओ बजाओ' के गायन के बाद मैदान में मौजूद करीब 70 हजार महिलाओं ने शंख ध्वनि की और करीब 60 हजार लोगों ने साथ मिलकर गीत गाए। इसके बाद गीता पाठ की शुरुआत हुई। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संस्कार भारती के कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

**वर्ल्ड न्यूज**

## 'वतन को जानो' कार्यक्रम में पीएम से मिले जम्मू-कश्मीर के 250 छात्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के 250 स्टूडेंट्स से दिल्ली में मिले। इस दौरान कश्मीर के सभी जिलों के स्टूडेंट्स मौजूद रहे। कई स्टूडेंट्स ने अपने अपने मन की बात शेयर की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उनसे देश को जानने का आह्वान किया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम रविवार, 24 दिसंबर को दिल्ली में हुआ। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लगभग सभी जिलों से वंचित पृष्ठभूमि के 250 छात्र देश का दौरा कर रहे हैं।

## जापान में भूस्खलन की चपेट में आए कई वाहन, चालक लापता

**टोक्यो।** जापान के नारा प्रांत में राष्ट्रीय मार्ग 169 पर 24 घंटे पहले हुए भूस्खलन की चपेट में आए वाहनों और लोगों की तलाश की जा रही है। इस दौरान एक वाहन चालक को बचा लिया गया है। जापान के प्रमुख अखबार जापान टाइम्स के अनुसार नारा प्रांत में शनिवार को भूस्खलन के दौरान कई कारें फंस गई हैं। पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी टीमों के साथ कारों और उनके चालकों की तलाश कर रहे हैं। बचाव अधिकारियों के अनुसार इस दौरान एक 50 वर्षीय कारचालक की तलाश कर ली गई है।

## श्रीलंका के कैंडी में कोरोना से 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**श्रीलंका।** श्रीलंका में कोरोना संक्रमित एक 65 वर्षीय व्यक्ति की कल मौत हो गई। इससे कैंडी के नेशनल हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया। श्रीलंका के अखबार के अनुसार, गमपोला के अटगाला इलाके का रहने वाला 65 वर्षीय पीड़ित इसी अस्पताल में भर्ती था। उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। इस वजह से उसके फेफड़ों में संक्रमण हो गया था। परीक्षण में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है थी।

## 27 से पहली शीतकालीन चारधाम यात्रा, शंकराचार्य करेंगे शुरुआत

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में पहली बार ऐतिहासिक शीतकालीन यात्रा की 27 दिसंबर से शुरुआत होगी। आमतौर पर चारधाम यात्रा की शुरुआत उत्तराखंड में गर्मियों में होती है, लेकिन पहली बार शीतकालीन यात्रा पौष मास में शुरू होने वाली है। यात्रा की शुरुआत जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद करेंगे। शंकराचार्य के प्रतिनिधियों ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। सीएम धामी ने चारधाम यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## सृष्टि का कल्याण केवल सनातन में ही निहित: भागवत

**हरिद्वार।** कनखल स्थित हरिहर आश्रम में रविवार से तीन दिवसीय दिव्य अध्यात्म महोत्सव शुरू हो गया। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद ब्रह्मचारी, स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद मुनि, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक सहित बड़ी संख्या में संत और कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।

# सीजफायर नहीं, आरपार के मूड में इसराइल

## गाजा में और सैनिक भेजने का किया ऐलान, आखिरी मिशन पर जुटेगी आईडीएफ

एजेंसी, तेल अवीव

**दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस में लड़ाई तेज, हमास की सुरंगों में हमले की योजना**



गाजा में पैदा हो रहे मानवीय संकट को देखते हुए दुनियाभर के देश इसराइल से युद्ध विराम की अपील कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इसराइल ने गाजा में अपनी लड़ाई तेज करने का फैसला लिया है।

इसराइली सेना की ओर से बताया गया है कि वह गाजा में और ज्यादा सैनिक भेजेगी, जो खासतौर से जमीन पर कार्रवाई में तेजी लाएंगे। इसराइली सेना ने दक्षिणी गाजा में हमास की सुरंगों पर हमला करने वाले डिवीजन में और अधिक सैनिक शामिल करने का फैसला लिया है।

इसराइल की सेना की ओर से कहा गया है कि दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस में लड़ाई तेज हो रही है। सेना ने ऐसे में ज्यादा सैनिक गाजा में भेजने का निर्णय लिया है, जिससे खासतौर से सुरंगों को नष्ट करने का काम तेज किया जाए। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से मानवतावादी समूहों के संघर्ष विराम के आह्वान और इसराइल में विरोध प्रदर्शन के बावजूद हमास के खिलाफ युद्ध विराम का संकेत नहीं देने के बाद आईडीएफ ने यह फैसला लिया है।

### इसराइली सैनिकों ने बुलडोजर से रौंदे फिलिस्तीनियों के शव

**इसराइली** सेना लगातार गाजा के अस्पतालों पर हमले कर रही है। कमल अदवान अस्पताल के मरीजों ने बताया कि इसराइली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों के शव बुलडोजर से रौंद डाले। व्हीलचेयर पर बैठे शख्स को सेना का कुत्ता नोंचता रहा। यही नहीं, आतंकी होने के शक में कई डॉक्टरों पर गोलियां भी चलाईं। वहीं, 200 हमास मेंबर्स गिरफ्तार कर लिए गए हैं। ये आम लोगों के बीच छिपे हुए थे। इसराइल का कहना है कि सात अक्तूबर को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग में दोनों आतंकी संगठनों से जुड़े अब तक 700 से ज्यादा मेंबर्स गिरफ्तार हुए हैं। इनमें से कई मेंबर्स ने सरेंडर किया है।

### हमास के कई गढ़ों पर हमें नियंत्रण मिला : आईडीएफ

**इसराइली** सेना के प्रवक्ता, रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा है कि सैनिक दक्षिणी गाजा में खान यूनिस में एक घनी आबादी वाले इलाके में लड़ रहे हैं। यहां उस डिवीजन में ज्यादा सैनिक शामिल होंगे, जो हमास द्वारा संचालित सुरंगों को नष्ट करने के लिए जमीन पर काम कर रही है। एडमिरल हगारी ने कहा है कि गाजा के उत्तर में उसने हमास के ज्यादातर गढ़ों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। अब उसकी कोशिश आखिरी मिशन यानी सुरंगों के जाल को नष्ट करने की है। आईडीएफ ने ये भी दावा किया है कि उसने हमास को हथियारों की आपूर्ति करने वाले सबसे बड़े तस्कर हसन अतराश को मार गिराने में कामयाबी हासिल कर ली है। इसराइली सेना के अफसरों ने कहा है कि हसन हमास को खतरनाक हथियार पहुंचाता था। हमास के इस हथियार डीलर को इसराइल की सेना ने राफा में मार गिराया है। इसराइली सेना ने ये भी बताया है कि उसने बीते एक हफ्ते में 200 से ज्यादा हमास के आतंकियों को पकड़ा है, जिन्हें पकड़कर इसराइल लाया गया और फिर जेल भेज दिया गया। आईडीएफ का कहना है कि युद्ध शुरू होने के बाद से हमास और इस्लामिक जिहाद से संबंध रखने वाले 700 से ज्यादा लड़ाकों को उसने गिरफ्तार कर इसराइली की जेलों में बंद किया है।

## इंडोनेशिया के निकेल प्रसंस्करण प्लांट में विस्फोट, 12 की मौत



**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया में रविवार को एक निकेल-प्रसंस्करण संयंत्र में विस्फोट के बाद कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 39 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि सुलावेसी द्वीप खनिज समृद्ध देश के निकेल के उत्पादन का केंद्र है, जो इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी और स्टेनलेस स्टील के लिए उपयोग की जाने वाली धातु है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना मध्य सुलावेसी प्रांत के मोरोवाली औद्योगिक पार्क में पीटी इंडोनेशिया त्सिंगशान स्टेनलेस स्टील के स्वामित्व वाले संयंत्र में सुबह लगभग 5:30 बजे हुई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है, पीड़ितों की वर्तमान संख्या 51 हैं। घटना में 12 लोगों की मौत हो गई। मामूली और गंभीर चोटों वाले 39 लोग हैं जिनका वर्तमान में इलाज चल रहा है।

# भारतीय नौसेना ने शुरू की लाल सागर में ड्रोन हमले की जांच

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय जहाज के शिकार होने के अमेरिकी दावे को खारिज किया**

**लाल सागर में शिकार जहाज को मुंबई रवाना किया गया**



लाल सागर में भारतीय तट के पास दो व्यापारिक जहाजों पर ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों के ड्रोन हमले के बाद भारतीय नौसेना ने जांच शुरू कर दी है। नौसेना ने रविवार को अमेरिकी दावे को खारिज करते हुए कहा है कि एमवी साईबाबा भारतीय ध्वज वाला जहाज नहीं है और इसके चालक दल के सभी 25 भारतीय सदस्य सुरक्षित हैं। उधर, विद्रोहियों के हमले का शिकार हुए लाइबेरिया के झंडे वाले एमवी चेम्प प्लूटो को आज सुबह भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में मुंबई की ओर रवाना कर दिया गया है।

दरअसल, ईरान समर्थित हौथी विद्रोहियों ने 23 दिसंबर को लाल सागर में दो जहाजों पर ड्रोन हमला किया था, जिसमें गैबॉन के स्वामित्व वाला कच्चा तेल टैंकर एमवी साईबाबा और लाइबेरिया के झंडे वाला एमवी चेम्प प्लूटो जहाज थे। हौथी विद्रोहियों ने अपने नियंत्रित क्षेत्रों से दक्षिणी लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन में दो हौथी एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इससे दोनों जहाजों में आग लग गई, लेकिन कोई गंभीर क्षति नहीं हुई थी। बाद में भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों ने मौके पर पहुंचकर सहायता की और दोनों जहाजों की आग बुझाई। लाल सागर में स्थितियां सामान्य होने के बाद भारतीय तटरक्षक बल के जहाज आईसीजीएस विक्रम की निगरानी में आज सुबह व्यापारी जहाज संकटग्रस्त एमवी चेम्प प्लूटो को मुंबई के लिए रवाना किया गया है।

भारतीय तटरक्षक जहाज विक्रम अरब सागर में लाइबेरिया के झंडे वाले जहाज एमवी केम प्लूटो को मुंबई ले जा रहा है। कल ड्रोन हमले की चपेट में आए व्यापारी जहाज ने आईसीजीएस विक्रम से एस्कॉर्ट किए जाने का अनुरोध किया था। व्यापारिक जहाजों पर नजर रखने और क्षेत्र में निगरानी करने के लिए आईसीजी ने डोर्नियर हेलीकॉप्टरों को भी तैनात किया है।

## ईरान के पक्ष में भारत ने खुलकर किया मतदान



**'ईरान में मानवाधिकार की स्थिति' पर रूस और चीन के साथ मिलकर किया संयुक्त राष्ट्र में मतदान**

**नई दिल्ली।** भारत ने 'ईरान में मानवाधिकार की स्थिति' पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया है। भारत के साथ रूस और चीन के भी प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में हालांकि ज्यादा देश रहे। इस प्रस्ताव को 78 सदस्य देशों ने समर्थन दिया तो भारत, रूस, चीन सहित 30 देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया। वहीं भारत ने यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र में एक और अहम प्रस्ताव से खुद को दूर रखा।

भारत ने 'यूक्रेन के अस्थायी रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों में मानवाधिकारों की स्थिति' पर संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव पर वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। इस प्रस्ताव पर सबसे ज्यादा देशों ने दूरी बनाई। भारत समेत 79 देशों ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया जबकि 78 देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। संयुक्त राष्ट्र के 15 सदस्य देशों ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। इन दोनों ही प्रस्तावों को 19 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान के लिए रखा गया था। जिसमें भारत ने ईरान के पक्ष में वोट दिया तो यूक्रेन से जुड़े प्रस्ताव से खुद को दूर रखा।

# 'फ्लॉप फिल्में चुभती हैं, इससे पड़ता है जिंदगी पर फर्क'

## कटरीना कैफ ने खोले दिल के राज




एजेंसी, नई दिल्ली

कलाकार अक्सर कहते आए हैं कि फिल्मों का हिट या फ्लॉप होना उनके हाथों में नहीं होता है। वह केवल अपने प्रोजेक्ट पर मेहनत कर सकते हैं। अभिनेत्री कटरीना कैफ बोली फ्लॉप फिल्में हमेशा चुभती रहती हैं वह चिकोटी काटती रहती हैं। यह बात सच है कि लोग आपकी फिल्म को लेकर क्या कह रहे है उससे फर्क पड़ता है। कटरीना अगले साल जनवरी में रिलीज होने वाली फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में नजर आएंगी। इस फिल्म को दो भाषाओं हिंदी और तमिल में एक साथ शूट किया गया है। इसके अलावा उनको हाथों में कुछ नहीं होता है। हिट और फ्लॉप होने से उन्हें दुख जरूर होता है।

### मैरी क्रिसमस फिल्म 12 जनवरी को रिलीज होगी

**वह** कहती हैं कि मैं अपनी लाइनों को लेकर तनाव में रहती थी। रिहर्सल करने में लगी रहती थी। वैसे मैं अपनी पूरी लाइनें याद करके ही सेट पर आती थी, फिर भी रिहर्सल करते रहती थी, ताकि मैं सीन में स्वाभाविक दिखूं। मेरे लिए वह बहुत कठिन था। मैरी क्रिसमस फिल्म 12 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म की कहानी एक रात की है, जो क्रिसमस की शाम शुरू होकर अगले दिन खत्म हो जाती है।

### फिल्म हिट होने पर होती है खुशी

**टाइगर** 3 अभिनेत्री कटरीना कैफ कहती हैं कि जब फिल्म हिट होती है, तो खुशी होती है कि फिल्म दर्शकों से कनेक्ट कर रही है। फ्लॉप फिल्में हमेशा चुभती रहती हैं, वह चिकोटी काटती रहती हैं। लोग फिल्म को लेकर क्या कह रहे है, उससे फर्क पड़ता है।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

(25 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** मार्गशीर्ष, **शुभ मुहूर्त:** अभीजित सुबह 12:00 -12:41 दोपहर तक, **तिथि :** चतुर्दशी 05:48 सुबह तक, **नक्षत्र :** रोहिणी 09:39 रात्रि, **पक्ष :** शुक्ल **राहुकाल :** सुबह 08:28 -09:46 सुबह तक

सूर्योदय : 07:11 | सूर्यास्त : 05:30

## व्रत त्योहार

- पिशाचमोचन श्राद्ध आज।
- तुलसी पूजन दिवस।
- क्रिसमस पर्व आज।

**मेष :** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज दूर की यात्रा न करें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं। हो सके तो लंबी दूरी की यात्रा टाल दें। खान-पान का ध्यान रखें, स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृषभ :** जीवनसाथी और प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। शेयर में निवेश भी कर सकते हैं, लाभ होगा। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। नौकरी के लिए प्रयास सफल होगा। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की संभावना है। आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

**मिथुन :** आज का दिन उन्नतिदायक है। पराक्रम में वृद्धि होगी। मनोबल बढ़ेगा। अचानक शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। विवेक से सफलता मिलेगी। अचानक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। कम प्रयास में ही आपको अच्छी सफलता मिल सकती है।

**कर्क :** ग्रह-नक्षत्रों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। परिस्थितयां आपका साथ देंगी। मनोरंजन कार्य में समय अधिक व्यतीत होगा। कलाकार एवं कारीगरों को उनकी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। धन से संबंधित लाभ की संभावना रहेगी।

**सिंह:** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान हो जाएं। वाद-विवाद में न पड़ें। क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है। जोखिम वाले काम आज ना करें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**कन्या :** आत्मविश्वास एवं पराक्रम में वृद्धि के कारण सफलता आपको अवश्य प्राप्त होगी। मेहनत के अनुपात में लाभ अवश्य प्राप्त होगा। नौकरी और व्यापार से संबंधित यात्रा सफल रहेगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, व्यापार में लाभ की स्थिति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**तुला :** प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आज परिवार के सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के विशेष योग हैं। यश, मान और सम्मान में वृद्धि का योग बन रहा है। वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम और सहयोग बढ़ेगा। मेहनत के अनुपात में लाभ मिलेगा।

**वृष्चिक:** समस्याएं आज सुलझने लगेंगी। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग एवं कार्य करने के लिए उत्साह बना रहेगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च हो सकता है। कारोबार में बेहतरी आएगी। परिवार के सदस्यों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के विशेष योग हैं।

**धनु:** पूर्व अर्जित मान-सम्मान एवं लाभ बरकरार रखने के लिए आज आपको समझकर कार्य करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्च से बचें, दोपहर से कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद ना हो, ध्यान रखें। आकस्मिक धन खर्च की आशंका है। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर :** आज मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर बनी रहेगी। दिन मंगलमय बीतेगा। विशेष लाभ के योग हैं। जोखिमपूर्ण निवेश में भी लाभ होगा। कार्यों की पूर्णता और जोखिमपूर्ण निवेश में लाभ मिलेगा। गृहस्थ जीवन का संपूर्ण आनंद ले सकेंगे। आय में वृद्धि के योग हैं।

**कुंभ :** आज दिन भर कार्य की व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान और यश में वृद्धि होगी। पूजा-पाठ से मन प्रसन्न रहेगा। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा। पुराने अटके काम भी आज पूरा करने का प्रयास करेंगे। यात्रा सुखद रहेगी। कारोबार में लाभ होगा।

**मीन :** भाग्य आज आपका साथ देने के लिए बेताब है। आध्यात्मिक सुख एवं शांति का वातावरण बना रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक मामलों में भविष्य के लिए अच्छी प्लानिंग कर सकेंगे। नए वस्त्र और आभूषणों के पीछे धन व्यय होगा। अपनों का सहयोग मिलेगा, मित्र भी साथ देंगे।

**बदलाव** कारों के लिए पेट्रोल, खाना पकाने के लिए गैस और बिजली उत्पादन के लिए कोयले का इस्तेमाल नहीं होगा

# 2050 तक जीवाश्म ईंधन का उपयोग बंद करना चाहते हैं देश

एजेंसी, नई दिल्ली



जलवायु शिखर सम्मेलन में देशों ने अंतत: दुनिया को 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक गर्मी को रोकने के एक महत्वपूर्ण प्रयास के तहत रोजमर्रा की जिंदगी में बड़े पैमाने पर जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल बंद करने का वादा किया है। इसका अर्थ यह होगा कि दुनिया में एक नाटकीय बदलाव आएगा।

कारों के लिए पेट्रोल, खाना पकाने के लिए गैस और बिजली उत्पादन के लिए कोयले का इस्तेमाल नहीं होगा। विश्व संसाधन संस्थान के अध्यक्ष अनी दासगुप्ता ने इस प्रतिबद्धता को जीवाश्म ईंधन युग के अंत की शुरुआत का प्रतीक बताया। उन्होंने एक बयान में कहा कि तेल और गैस हितों के भारी दबाव के बावजूद, उच्च महत्वाकांक्षा वाले देशों ने साहसपूर्वक अपनी बात रखी और जीवाश्म ईंधन के भाग्य पर मुहर लगा दी। उच्च महत्वाकांक्षा वाले देश वे हैं, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को प्रतिबंधित करने के लिए अधिक कठोर कार्रवाई की वकालत करते हैं, लेकिन इस महीने संयुक्त अरब अमीरात में सीओपी28 के रूप में जानी जाने वाली बैठक में की गई प्रतिबद्धता में एक पेंच है। देशों की ओर से ली गई प्रतिज्ञा में मुख्य शब्द है संक्रमण दूर करना इसे धीरे-धीरे खत्म नहीं किया जा रहा है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस जैसे कुछ लोग चाहते थे और इसकी कोई निश्चित समय-सीमा भी नहीं है। इसमें इस महत्वपूर्ण दशक में कार्रवाई में तेजी लाते हुए व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से बदलाव की मांग की गई है, ताकि विज्ञान के अनुसार 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल किया जा सके। नेट जीरो वह चरण है, जहां किसी भी ग्रीनहाउस गैस आउटपुट को बेअसर कर दिया जाता है और कोई भी वायुमंडल में नहीं मिलाया जाता है। 2050 की समय सीमा आवश्यक रूप से जीवाश्म ईंधन को पूरी तरह से खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उस स्तर तक पहुंचने के लिए है, जहां उनका निरंतर ग्रीनहाउस गैस उत्पादन, हालांकि बहुत कम दर पर, कार्बन कैप्चर जैसी प्रौद्योगिकियों द्वारा बेअसर हो जाता है ,जो गैसों को कैप्चर और स्टोर या परिवर्तित करते हैं।

संक्रमण दूर का आह्वान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, जो जीवाश्म ईंधन को पूरी तरह से चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के प्रबल समर्थक हैं, और उनके विचार साझा करने वाले अन्य लोगों के लिए निराशा थी। उन्होंने कहा, उन लोगों से, जिन्होंने सीओपी28 पाठ में जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के स्पष्ट संदर्भ का विरोध किया, मैं कहना चाहता हूं कि जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना अपरिहार्य है, चाहे वे इसे पसंद करें या नहीं। आशा करते हैं कि बहुत देर नहीं होगी।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517